Postal Regn No./C.G./RYP DN/48/2022-24 website- www.dvpnews.in रायपुर (छ.ग.) एवं झांसी (उ.प्र.) से एक साथ प्रकाशित राष्ट्रीय हिन्दी पत्र

# दैनिक विश्व परिवार

● अंक : 238 ● वर्ष : 11 ● रायपुर, गुरुवार 14 मार्च 2024 ● पृष्ठ : 08 ● मूल्य : 3 रूपए ● संस्थापक : कीर्तिशेष- श्री कैलाश चन्द्र जैन

**सुविचार**

जहां सत्य, अहिंसा, अपरिग्रह, अचौर्य, ब्रम्हाचर्य है वहां धर्म है।
Where there are truth, nonviolence, non-possession, non-stealing and celibacy, there is religion.
आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज

## संक्षिप्त समाचार

### छत्तीसगढ़ को मिले 4 नये आईएएस अधिकारी

**रायपुर (विसं)।** छत्तीसगढ़ को मिले 4 नये आईएएस अधिकारी मिले है। राज्य सरकार ने लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी मसूरी से प्रतिशक्षण प्राप्त करने के बाद 2023 बैच के चार अधिकारियों का पोस्टिंग आदेश जारी किया है। जारी आदेश के अनुसार अनुपमा आनंद को रायपुर,एम भार्गव का दुर्ग, तन्मय खन्ना को बिलासपुर तथा दुर्गा प्रसाद को जांजगीर चांपा में सहायक कलेक्टर के पद पर पदस्थ किया गया है।

### सामरिक महत्व के रेयर अर्थ खनिज के एक्सप्लोरेशन लायसेंस के लिए नोटिस इनवाइटिंग टेंडर जारी

**रायपुर (विसं)।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय द्वारा आज मुख्यमंत्री निवास में आयोजित एक संक्षिप्त समारोह में कोंडागांव, नारायणपुर और बस्तर जिले में डायमंड तथा सामरिक महत्व के रेयर अर्थ खनिज के तीन ब्लॉक का ई-नीलामी के माध्यम से एक्सप्लोरेशन लाइसेंस आबंटन के लिए एनआईटी (नोटिस इनवाइटिंग टेंडर) जारी किया गया। कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री श्री अरूण साव, खनिज विभाग के सचिव श्री पी दयानंद, संचालक भौमिकी एवं खनिकर्म श्री सुनील जैन सहित संबंधित अधिकारी इस अवसर पर उपस्थित थे।

## कलेक्टर-एसपी कांफ्रेंस : कलेक्टर-एसपी के कार्यों से ही सरकार की छवि बनती है : सीएम विष्णुदेव साय



- संवेदनशीलता और जवाबदेही के साथ काम करें, अन्नदाता किसानों को दफ्तरों का चक्कर न लगाना पड़े
- बस्तर में सुरक्षा कैंप की छवि सुविधा कैंप के रूप होनी चाहिए
- कलेक्टर कॉन्फ्रेंस में मुख्यमंत्री ने जनहित में संचालित कार्यों की समीक्षा की

**रायपुर ( विश्व परिवार )।** मुख्यमंत्रीविष्णुदेव साय ने आज मुख्यमंत्री निवास कार्यालय से वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिये कलेक्टर-एसपी कांफ्रेंस लेकर शासन की योजनाओ और कानून व्यवस्था को लेकर आवश्यक निर्देश दिए। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि आज तीन महीने के बाद कलेक्टर-एसपी कांफ्रेस हो रही है। तीन महीने के भीतर ही निश्चित रूप से आप लोगो के सहयोग से हमारी सरकार ने जनता के विश्वास के मुताबिक बहुत से काम किये हैं और मोदी जी की गारंटी को पूरा किया है। हमें और भी अच्छा काम करने की जरूरत है। जनता ने हमें विश्वास से बैठाया है, हमें जनता के विश्वास के मुताबिक और अच्छा काम करना है। मोदी की गारंटी में विश्वास करके छत्तीसगढ़ की जनता ने हमको सरकार में बैठाया है, इस तीन महीने में हमने बहुत काम किया है, प्रधानमंत्री आवास योजना, बकाया धान का बोनस, धान की बम्पर खरीदी, 21 क्विंटल प्रति एकड़ 3100 की दर से, कल अंतर की राशि भी दे दिए। महतारी वंदन योजना के तहत पहली किश्त की राशि भी जारी हो गई है। एक तरह से 3 महीने में हमने बहुत काम किया है।

मुख्यमंत्री साय ने कहा कि राज्य शासन और भारत सरकार की बहुत सारी योजना प्रदेश में संचालित है। सभी योजनाओं को प्रदेश की अंतिम व्यक्ति तक पहुचाने की आवश्यकता है, कलेक्टर ध्यान रखे कि जिला प्रशासन की तरफ से योजना पहुचाने में किसी भी तरह की कोताही न हो, ढिलाई बर्दास्त नहीं की जाएगी। हमारे प्रधानमंत्री अपने आपको प्रधानमंत्री नही मानते वो भी अपने आपको जनसेवक ही मानते हैं। हम सब भी लोक सेवक हैं, हम सबका उद्देश्य जनसेवा है। कलेक्टर से लेकर पटवारी तक और एसपी से लेकर आरक्षक तक हम सबको जनता की सेवा में तत्पर रहना होगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राजस्व विभाग में कई तरह की शिकायत मिल रही हैं। ग्रामीण स्तर में पटवारी, आरआई द्वारा बंटवारा, नामातंरण का काम ठीक से और त्वरित रूप से नही होने की शिकायत प्राप्त हो रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि कामों को टालने की पुरानी व्यवस्था को तत्काल बदले। सभी कलेक्टर यह सुनिश्चित करें कि राजस्व विभाग से संबंधित शिकायत ना आने पाए। आम जनता को परेशानी का सामना न करना पड़े। जो भी आवश्यक दस्तावेज की जरूरत राजस्व विभाग के अधिकारियों से हो लोगों को तत्काल मिल जाए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि 5 दिन का सप्ताह हो गया है, 5 दिन पूरे तन्मयता से कार्य हो। दफ्तरों में सभी समय पर उपस्थित हो जाये यह सुनिश्चित किया जाए। पूरी पारदर्शिता के साथ प्रदेश सरकार और भारत सरकार की योजना लोगों तक पहुचे इस ओर जिला प्रशासन ध्यान दे। हमारी सरकार की प्रतिबद्धता है कि अपने प्रदेश में सुशासन देंगे। इस पर भी आप लोग विशेष ध्यान दे। हमारे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी विकसित भारत की बात करते हैं, हमें भी विकसित छत्तीसगढ़ और विकसित जिला बनाने की आवश्यकता है, उसी के अनुरूप कार्य हों। कलेक्टर-एसपी के कार्य से ही सरकार की छवि बनती है। जिला प्रशासन के अच्छे कार्य से ही जनता आप लोगों की तारीफ हमसे करती है। आप लोगों की तारीफ जनता से हमे प्राप्त होने चाहिए। हमारे किसान अन्नदाता है और छत्तीसगढ़ में ज्यादातर किसान ही है। जिला प्रशासन यह सुनिश्चित करे कि किसानों को दफ्तरों का चक्कर न लगाना पड़े। किसानों का कार्य समयावधि में पूरा हो यह सुनिश्चित किया जाए। डीएमएफ फंड में भारी भ्रष्टाचार पिछली सरकार में हुआ है। डीएमएफ फंड की राशि खनन प्रभावित क्षेत्र के विकास के लिए होती है। स्वास्थ्य, शिक्षा, पेयजल, सड़क और आजीविका के साधन उपलब्ध कराने के लिए यह राशि खर्च की जाए। डीएमएफ की राशि की उपयोग के लिए भारत सरकार से नियम तय है, नियमानुसार ही यह राशि ख़र्च हो। इस

### प्रधानमंत्री आवास योजना में तेजी लाएं

प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत हमारी सरकार ने 18 लाख प्रधानमंत्री आवास बनाने का निर्णय लिया है। प्रधानमंत्री आवास योजना के पात्र हितग्राहियों को पिछले 5 साल में आवास मिलना था वे मकान से वंचित हो गए थे और जिनके घर का कार्य अधूरा है जिसके कारण उन्हें बिना छत के रहना पड़ा। उन सभी मकानों को तेजी से पूर्ण कराया जाए। इस योजना की जिला स्तर पर निरंतर समीक्षा की जाए। राशन कार्ड के नवीनीकरण का कार्य शीघ्र पूर्ण किया जाए एवं राशनकार्डधारियों को खाद्यान्न का समय पर वितरण सुनिश्चित किया जाए।

## 'साय सरकार' के पूरे हुए तीन माह



### मुख्यमंत्री साय को विधानसभा अध्यक्ष और मंत्रिगणों के साथ ही आम लोगों ने मिलकर दी बधाई एवं शुभकामनाएं

### इतने कम समय में मोदी की अधिकांश गारंटियों को पूरा करने के लिए जताया आभार

**रायपुर ( विश्व परिवार )।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व वाली सरकार को आज तीन महीने पूरे हो चुके हैं। इस मौके पर मुख्यमंत्री निवास पहुंचकर विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह के साथ ही मंत्रिगणों और आम नागरिकों ने मुख्यमंत्री श्री साय को बधाई और शुभकामनाएं दी। मुख्यमंत्री भी लोगों से आत्मीयता से मिले, उनका अभिवादन स्वीकारा और आगे भी प्रदेश के विकास के लिए शासन-प्रशासन के सहयोग का आग्रह किया। इस मौके पर उनकी धर्मपत्नी श्रीमती कौशल्या साय भी मौजूद रहीं।

राजधानी रायपुर स्थित मुख्यमंत्री निवास में आज शिक्षा मंत्री बृजमोहन अग्रवाल, उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन, वित्त मंत्री ओ.पी. चौधरी, वन मंत्री केदार कश्यप, राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा, विधायक पुन्नूलाल मोहिले, संपत अग्रवाल, अनूज शर्मा, श्रीमती भावना बोहरा, अमर अग्रवाल, राजेश मूणत सहित अनेक जनप्रतिनिधि और प्रदेश के विभिन्न स्थानों से आए लोगों ने बड़ी संख्या में पहुंचकर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय को जनहितैषी फैसलों और मोदी की अधिकांश गारंटियों को पूरा करने के लिए आभार जताया। प्रदेश के विभिन्न इलाकों से आये लोगों ने तीन माह के कार्यकाल में प्रदेशवासियों के हित के लिए समर्पित होकर कार्य करने के लिए मुख्यमंत्री को बधाई और शुभकामनाएं दी। गौरतलब है कि तीन महीने की अल्पवधि में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा राज्य की जनता को दी गई अधिकांश गारंटियां पूरी हो चुकी हैं तथा अन्य गारंटियों को पूरा करने राज्य सरकार प्रतिबद्धता के साथ बढ़ रही है। छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा प्रदेश के 18 लाख गरीब परिवारों को आवास स्वीकृत किए गए हैं। महतारी वंदन योजना के माध्यम से माताओं एवं बहनों को प्रति माह एक हजार रूपए की सहायता की पहली किश्त के रूप में 655 करोड़ रूपए की राशि जारी की गई है।

## पीएम मोदी ने किया पीएम सूरज पोर्टल का वर्चुअल लॉन्च

**रायपुर ( विश्व परिवार )।** देश के प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने आज पीएम सूरज पोर्टल का वर्चुअल लॉन्च किया। इस अवसर पर जिले में आयोजित कार्यक्रम में प्रदेश के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन, खेल एवं युवा कल्याण तथा जिले के प्रभारी मंत्री श्री टंकराम वर्मा शामिल हुए। स्थानीय विंद्यवासिनी मंदिर के पीछे स्थित नगरनिगम सामुदायिक भवन में आयोजित इस कार्यक्रम में विधायक कुरूद श्री अजय चन्द्राकर, पूर्व विधायक धमतरी श्रीमती रंजना साहू, पूर्व नगरनिगम अध्यक्ष श्रीमती अर्चना चौबे, श्री रामू रोहरा सहित अन्य गणमान्य नागरिक, जनप्रतिनिधि, मीडिया प्रतिनिधि एवं अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित थे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रभारी मंत्री श्री टंकराम वर्मा ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में देश दिन-प्रतिदिन प्रगति कर रहा है। आज हम विश्व की चौथी सबसे बड़ी आर्थिक शक्ति बन गए हैं और वह दिन दूर नहीं जब देश फिर से सोने की चिड़िया कहलायेगा। उन्होंने कहा कि विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से अंतिम छोर के व्यक्ति को लाभान्वित किया जा रहा है।

## बेरोजगारी, महंगाई और भागीदारी महत्वपूर्ण मुद्दे हैं जिनका देश सामना कर रहा है : राहुल गांधी



**धुले ( आरएनएस )।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने बुधवार को कहा कि देश में बेरोजगारी, महंगाई और भागीदारी ऐसे महत्वपूर्ण मुद्दे हैं, जिनका देशवासी सामना कर रहे हैं. उन्होंने केंद्र सरकार पर इन महत्वपूर्ण मुद्दों से देश की जनता का ध्यान भटकाने का आरोप लगाया. अपनी 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' के दौरान महाराष्ट्र के धुले जिले के दोंडाइचा गांव में लोगों से बातचीत करते हुए गांधी ने कहा कि देश में जाति आधारित जनगणना कराना एक ऐतिहासिक और क्रांतिकारी कदम साबित होगा. राहुल गांधी के साथ ही उनकी पार्टी का कहना है कि यदि वे सत्ता में आते हैं तो देश में जाति आधारित जनगणना कराएंगे. उन्होंने कहा कि जाति आधारित जनगणना के बाद आर्थिक और वित्तीय सर्वेक्षण अगला कदम होगा जिससे दलितों, सामान्य वर्ग के गरीब लोगों, अल्पसंख्यकों और आदिवासियों को यह पता चल सकेगा कि वे कहां खड़े हैं.

उन्होंने कहा कि देश की जनता को बेरोजगारी, महंगाई और भागीदारी जैसे मुद्दों का सामना करना पड़ रहा है. राहुल गांधी ने यह दावा किया कि मीडिया, निर्वाचन आयोग, प्रशासन, निजी अस्पतालों और शैक्षणिक संस्थानों जैसे क्षेत्रों में सामान्य वर्ग के गरीबों, दलितों, आदिवासियों या अल्पसंख्यकों का कोई प्रतिनिधित्व नहीं है. उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने अमीरों के 16 लाख करोड़ रुपये माफ कर दिये हैं तो वह किसानों का बकाया माफ क्यों नहीं कर सकती?

## लोकसभा चुनाव के लिए बीजेपी ने जारी की 72 उम्मीदवारों दूसरी सूची

**नई दिल्ली ( आरएनएस )।** भारतीय जनता पार्टी ने बुधवार को लोकसभा प्रत्याशियों की दूसरी लिस्ट जारी कर दी है. बीजेपी की इस लिस्ट में 72 प्रत्याशियों के नाम हैं. इससे पहले बीजेपी ने पहली लिस्ट में 195 प्रत्याशियों के नाम घोषित किए थे. दूसरी लिस्ट में कई बड़े नेताओं के नाम शामिल हैं. केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी एक बार फिर नागपुर लोकसभा सीट से चुनावी मैदान में होंगे. एक दिन पहले हरियाणा के मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देने वाले मनोहर लाल खट्टर को पार्टी करनाल लोकसभा सीट से प्रत्याशी बनाया है.

केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल को मुंबई उत्तर सीट से तो हिमाचल के हमीरपुर लोकसभा क्षेत्र से केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर, कर्नाटक के हावेरी से पूर्व मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई और धारवाड से केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद जोशी को उम्मीदवार बनाया गया है. उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत को हरिद्वार लोकसभा क्षेत्र से और पार्टी के राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी अनिल बलूनी को पौड़ी गढ़वाल संसदीय सीट से उम्मीदवार बनाया गया है. महाराष्ट्र के 48 सीटों में से 20 सीटों पर बीजेपी ने उम्मीदवार घोषित किए हैं. मुंबई उत्तर से 2 बार के सांसद गोपाल शेट्टी का टिकट कटा. गोपाल शेट्टी की जगह पीयूष गोयल को मिला टिकट मुम्बई उत्तर पूर्व से सांसद मनोज कोटक का टिकट काटा गया और विधायक मिहिर कोटेचा को टिकट दिया गया. बीड से पंकजा मुंडे को टिकट दिया गया इसके पहले प्रीतम मुंडे यहां से सांसद थीं. मौजूदा कैबिनेट मंत्री सुधीर मुनगंटीवार को चंद्रपुर से लोकसभा का टिकट दिया गया.

## प्रधानमंत्री ने (पीएम-सूरज) राष्ट्रीय पोर्टल का वर्चुअल शुभारंभ किया

### लाभ पहुंचता देखकर मैं भावुक हो जाता हूं क्योंकि मैं उनसे अलग नहीं हूं और आप ही मेरा परिवार हैं : नरेन्द्र मोदी

### मंत्री केदार कश्यप ने कहा- समाज के हर वर्ग का सहारा बनकर राष्ट्रीय विकास की रूपरेखा निर्धारण संकल्पित व साहसिक नीतियों से ही संभव




**रायपुर ( विश्व परिवार )।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज प्रधानमंत्री सामाजिक उत्थान एवं रोज़गार आधार जनकल्याण (पीएम-सूरज) राष्ट्रीय पोर्टल का वर्चुअल शुभारंभ किया। साथ ही देश के वंचित वर्गों के एक लाख उद्यमियों का ऋण सहायता स्वीकृत किया। शहीद स्मारक भवन में आयोजित इस कार्यक्रम में सम्मान किया गया। साथ ही अंत्योदय स्वरोजगार योजना से लाभान्वित हितग्राहियों को ऋण राशि का वितरण किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मंत्री केदार कश्यप थे। अध्यक्षता सांसद सुनील सोनी ने की। साथ ही उत्तर विधायक पुरंदर मिश्रा, ग्रामीण विधायक मोतीलाल साहु और कलेक्टर डॉ गौरव सिंह, नगर निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा उपस्थित थे।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वर्चुअल रूप से अपना संबोधन दिया। मंत्री केदार कश्यप ने संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय गणतंत्र विभिन्नताओं से पूर्ण है, ऐसे में समाज के हर वर्ग का सहारा बनकर राष्ट्रीय विकास की रूपरेखा निर्धारण संकल्पित व साहसिक नीतियों से ही संभव होती है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी ने देश के हर भू-भाग में बसे वंचित परिवारों को सरकार की योजनाओं से जोड़कर राष्ट्रीय मुख्यधारा में शामिल करने जो मार्गदर्शन दिया है, उसके अधीन विगत 10 वर्षों में सामाजिक न्याय और आधिकारिता मंत्रालय ने समावेशी मॉडल पर तेजी से काम किया है। इसके लिए अनुसूचित जाति, जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग और सफाई कर्मचारियों पर विशेष ध्यान केंद्रित किया जा रहा है और इनके सशक्तिकरण हेतु रियायती ब्याज दर पर वित्तीय सहायता सहित संपूर्ण मार्गदर्शन की सुविधा प्रदान की जा रही है। इस कार्यक्रम में सांसद सुनील सोनी ने संबोधन दिया। कलेक्टर डॉ गौरव सिंह ने स्वागत उद्बोधन दिया और नगर निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा ने आभार प्रकट किया। कार्यक्रम में अतिथियों को पुस्तक भेंट स्वरूप दिया गया।

उल्लेखनीय है कि सामाजिक उत्थान एवं रोजगार आधारित जन कल्याण अर्थात श्सूरज पोर्टल आज प्रधानमंत्री ने शुभारंभ किया। इसके माध्यम से वंचित वर्गों के 01 लाख उद्यमियों को ऋण सहायता उपलब्ध कराई जा रही है। इस पोर्टल पर ऑनलाइन मोड पर ऋण राशि स्वीकृति का भी प्रावधान किया गया है।

## विश्व किडनी दिवस: बेहतर कल के लिए किडनी के स्वास्थ्य की देखभाल




**डॉ. सुनील धर्मानी**
क्लिनिकल लीड एवं वरिष्ठ सलाहकार
नेफ्रोलॉजी विभाग

विश्वभर में लोगों को किडनी हेल्थ और इससे जुड़ी बीमारियों के बारे में जागरूक करने के लिए विश्व किडनी दिवस मनाया जाता है। हर साल यह दिन मार्च के दूसरे गुरुवार को मनाया जाता है। इस बार विश्व किडनी दिवस 14 मार्च को मनाया जा रहा है। किडनी के बारे में जागरुकता फैलाने के उद्देश्य से इस दिन की शुरुआत साल 2006 में हुई थी। पहली बार इंटरनेशनल सोसाइटी ऑफ नेफ्रोलॉजी और इंटरनेशनल फेडरेशन ऑफ किडनी फाउंडेशन ने इसे मनाने की पहल की थी। किडनी हमारे शरीर के सबसे महत्वपूर्ण अंगों में से एक है। इसको स्वस्थ रखकर आप कई बीमारियों से बच सकते हैं।

### विश्व किडनी दिवस क्यों मनायें?

विश्व किडनी दिवस के उद्देश्य समग्र विश्व को किडनी से जुड़ी बिमारियों और स्वास्थ के बारे में जागरूक करना है। किडनी हमारे शरीर में अपशिष्ट और अतिरिक्त तरल पदार्थ को फ़िल्टर करने, रक्तचाप को नियंत्रित करने और आवश्यक हार्मोन का उत्पादन करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। दुर्भाग्य से, किडनी की बीमारियों पर अक्सर तब तक ध्यान नहीं दिया जाता जब तक कि वे बुरी अवस्था में न पहुंच जाएं। यह दिन लोगों को किडनी के स्वास्थ्य के लिए सक्रिय उपाय करने के लिए शिक्षित और सशक्त बनाने का प्रयास करता है।

### किडनी रोग के लक्षण।

किडनी से जुड़ी रोगों का शीघ्र पता लगाना अति आवश्यक है। लक्षणों के बारे में जागरूकता व्यक्तियों को शीघ्र चिकित्सा सहायता लेने के लिए प्रेरित कर सकती है। लक्षणों में थकान, सूजन, मूत्र के रंग या आवृत्ति में परिवर्तन और लगातार खुजली शामिल हो सकते हैं। यदि आप इनमें से किसी भी लक्षण का अनुभव करते हैं, तो तुरंत अपने चिकित्सा सलाहकार से संपर्क करें।

### किडनी के स्वास्थ्य का स्व-मूल्यांकन कैसे करें:-

किडनी के स्वास्थ्य का स्व-मूल्यांकन करने के लिए नियमित रूप से पानी पीना, सुगर और उच्च रक्तचाप की निगरानी रखना महत्वपूर्ण है। समय-समय पर रक्त और मूत्र परीक्षण करवाकर और स्वस्थ आहार लेने के साथ, नियमित व्यायाम करना भी किडनी के स्वास्थ्य को सुनिश्चित बनाए रखने में मदद कर सकता है।

### एमएमआई नारायण हॉस्पिटल मे उपचार सुविधाएं:-

किडनी की बीमारी के निदान की दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति में, उचित उपचार की मांग करना सर्वोपरि है। उपचार के विकल्प दवा और आहार समायोजन से लेकर डायलिसिस या किडनी प्रत्यारोपण एवं किड्नी से संबंधित अन्य सभी रोगों का इलाज की सुविधाये एमएमआई नारायण हॉस्पिटल मे उपलब्ध है।

### डायलिसिस के बारे में अफ़वाह।

किडनी फेलियर वाले व्यक्तियों के लिए डायलिसिस एक जीवन रक्षक प्रक्रिया है, फिर भी अक्सर इसे लेकर गलत धारणाएं होती हैं। कुछ लोगों का मानना है कि डायलिसिस दर्दनाक है या यह प्राकृतिक किडनी के कार्य को पूरी तरह से बदल देता है। हकीकत में, जबकि डायलिसिस अपशिष्ट और अतिरिक्त तरल पदार्थ को हटाने में मदद करता है, यह स्वस्थ किडनी के सभी कार्यों को दोहराता है। मरीजों और उनके परिवारों के लिए उनकी स्वास्थ्य देखभाल के बारे में सही जनकारी देना एवं डायलिसिस के बारे में अफ़वाहों को दूर करना महत्वपूर्ण है।

जैसे हम विश्व किडनी दिवस मनाते हैं, आएं किडनी स्वास्थ्य जागरूकता को बढ़ावा देने के लिए जुड़ें। लक्षणों को समझकर, आत्म-मूल्यांकन का अभ्यास करके, उचित उपचार सुविधाओं तक पहुंच बनाकर और डायलिसिस जैसे हस्तक्षेपों के बारे में अफवाहों को दूर करके, हम किडनी रोगों के निवारण और प्रभावी प्रबंधन में योगदान दे सकते हैं। साथ मिलकर, हम एक ऐसी दुनिया को बढ़ावा दे सकते हैं जहां किडनी के स्वास्थ्य को प्राथमिकता दी जाती है, और प्रत्येक व्यक्ति के पास बेहतर और स्वस्थ कल के लिए अपनी किडनी की सुरक्षा करने के लिए ज्ञान और साधन हैं। एमएमआई नारायण हॉस्पिटल मे इस हफ्ते, एमएमआई नारायण हॉस्पिटल ने तीन सफल किडनी ट्रांसप्लांट किए हैं।

# शुरू हो चुकी है विकसित छत्तीसगढ़ की यात्रा : मंत्री बृजमोहन अग्रवाल

## पांच साल बाद पुन: लौटी राजिम कुंभ की भव्यता, प्रदेश के 25 हजार स्कूलों में होगी इंग्लिश मीडियम में पढ़ाई, प्रदेश में 33 हजार से अधिक शिक्षकों की भर्ती की शुरू हुई कार्यवाही

**रायपुर (विश्व परिवार)।** शिक्षा मंत्री श्री बृजमोहन अग्रवाल ने कहा है कि छत्तीसगढ़ सरकार ने 3 माह के अल्प समय में ही कई बड़े फैसले और दूरगामी निर्णय लिए है। आने वाले समय में विकसित भारत की संकल्पना को पूर्ण करने के लिए छत्तीसगढ़ में भी तैयारियां की जा रही हैं। विकसित छत्तीसगढ़ बनाने के लिए स्कूल शिक्षा, उच्च शिक्षा, धर्मस्व, पर्यटन एंव संस्कृति विभाग की गतिविधियां तय की गई है।

संस्कृति मंत्री श्री बृजमोहन अग्रवाल ने अपने विभागों के 3 महीनों की प्रोग्रेस रिपोर्ट पर जानकारी देते हुए बताया कि विकसित छत्तीसगढ़ बनाने राज्य में नई शिक्षा नीति को लागू करने जा रहे हैं। स्कूली शिक्षा और उच्च शिक्षा के अधोसरंचना को मजबूत कर रहे है। स्कूल अधोसरंचना को मजबूत करने के लिए बजट में 265 करोड़ की राशि का प्रावधान किया गया है। सनातन संस्कृति के प्रति गौरव का भाव जगाने और नई पीढ़ी तक पहुंचाने के लिए त्रिवेणी संगम भव्य राजिम कुम्भ का फिर से आयोजन की शुरूआत की है। जनभावना का सम्मान करते हुए श्री रामलला दर्शन योजना की शुरूआत की है। 5 मार्च को 850 लोगों का जत्था विशेष ट्रेन से अयोध्या धाम के लिए रवाना हुई है। इस पूरी यात्रा का खर्च राज्य सरकार के द्वारा वहन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ में भी अयोध्या धाम के भव्य रामलला मंदिर की तर्ज पर नवा रायपुर स्थित मुक्तांगन में अयोध्या धाम का प्रतिरूप बनाया जाएगा।

वनांचल क्षेत्रों में भी आदिम संस्कृति के गौरव प्रदान करने के लिए बस्तर दशहरा के आयोजन के लिए राशि बढ़ाकर प्रत्येक वर्ष 50 लाख रुपए, चित्रकोट महोत्सव के लिए 25 लाख रुपए और रामाराम महोत्सव के लिए 15 लाख रुपए, गोंचा महोत्सव के लिए धनराशि 5 लाख रुपए कर दी गई है। मानसरोवर यात्रा और सिंधु दर्शन यात्रा के लिए भी आर्थिक सहायता राशि को बढ़ाकर राशि को 50 हजार रूपए प्रति यात्री किया गया है। छत्तीसगढ़ सरकार चार धाम के तर्ज पर छत्तीसगढ़ में पांच शक्तिपीठों विकसित करेगी इसके अंतर्गत कुदरगढ़ जिला सूरजपुर, चंद्रहासिनी चन्द्रपुर जिला-सक्ती, महामाया रतनपुर जिला-बिलासपुर, दंतेश्वरी जिला दंतेवाड़ा और बम्लेशवरी डोंगरगढ़ जिला राजनांदगांव को चारधाम की तर्ज पर विकसित करने के लिए योजना तैयार की जा रही है।



इस योजना की लागत 112 करोड़ की होगी। इस वर्ष बजट में 5 करोड़ रूपए का प्रावधान किया गया है।

श्रीराम लला प्राण प्रतिष्ठा-रामोत्सव 2024 के आयोजन हेतु राशि रूपए 1 करोड़ 14 लाख रूपए की राशि एवं चिन्हारी पोर्टल में पंजीकृत रामायण मानस मंडलियों को प्रोत्साहन राशि के रूप में 3 करोड़ 10 लाख 40 हजार रुपए आवंटित किए गए। विभिन्न अवसरों पर सांस्कृतिक आयोजन में लोक कलाकारों को करीब 3 करोड़ रुपए मानदेय के रूप में प्रदान किए गए। सिरपुर महोत्सव आयोजन के लिए 15 लाख रुपए का प्रावधान किया गया। इसके अलावा राजनांदगांव में लोक मंडई महोत्सव का आयोजन किया गया। मैनपाट महोत्सव और जांजगीर चांपा में शिवरीनारायण मेला महोत्सव का सफल आयोजन किया गया।

**स्कूल शिक्षा विभाग :** 'प्रधानमंत्री स्कूल फॉर राईजिंग इंडिया' के तहत छत्तीसगढ़ के 211 स्कूलों में पीएम श्री योजना में शामिल किया गया है। पीएम श्री योजना के तहत स्कूलों में आधुनिक, परिवर्तनकारी सुविधायुक्त शिक्षा देने की तैयारी की है। इस योजना के तहत स्कूलों को अपग्रेड किया जाएगा। इसके लिए बजट में 60 करोड़ का प्रावधान किया गया है। दूसरे चरण में प्रदेश के लगभग 300 स्कूलों को इस योजना के दायरे में लाया जाएगा। प्रदेश के 25 हजार स्कूलों में पहली से लेकर 12वीं तक एक सेक्शन इंग्लिश मीडियम का शुरू किया जाएगा। अब 9 वीं कक्षा के सभी छात्र-छात्राओं को नि:शुल्क सायकल मिलेगी। राज्य सरकार ने छात्रवृत्ति योजना के तहत अनुसूचित जाति वर्ग को मिलने वाली छात्रवृत्ति संत शिरोमणि गुरू घासीदास, अनुसूचित जनजाति वर्ग की छात्रवृत्ति को वीर गुण्डाधुर के नाम पर किए जाने का निर्णय लिया है।

**न्योता भोजन :** प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना के तर्ज पर स्कूल अवधि में बच्चों को गर्म भोजन उपलब्ध कराने 'न्योता भोजन' शुरू किया गया है। यह सामुदायिक भागीदारी पर आधारित है। यह विभिन्न त्यौहारों या अवसरों जैसे वर्षगांठ, जन्मदिन, विवाह और राष्ट्रीय पर्व आदि पर बड़ी संख्या में लोगों को भोजन प्रदान करने की भारतीय परम्परा पर आधारित है। समुदाय के सदस्य ऐसे अवसरों/त्यौहारों पर अतिरिक्त खाद्य पदार्थ या पूर्ण भोजन के रूप में बच्चों को पौष्टिक और स्वादिष्ट भोजन प्रदान कर सकते है। अब तक 6000 स्कूलों में समाजसेवी, जनप्रतिनिधि, समुदाय, आम नागरिकों के द्वारा बच्चों को न्योता भोजन कराया गया है।

**सीधी भर्ती व पदोन्नति :** जनवरी 2024 से अब तक सहायक शिक्षक, शिक्षक एवं व्याख्याताओं के 2055 पदों पर भर्ती की जा चुकी है। इसके साथ ही व्याख्याता के 2524 पद, शिक्षक के 8194 पद तथा सहायक शिक्षक के 22341 पद, कुल 33059 पदों पर सीधी भर्ती की कार्यवाही आरंभ कर दी गई है। इसके साथ ही शिक्षकों की समय पर पारदर्शी तरीके से पदोन्नति और वरिष्ठता सूची प्रकाशन की कार्यवाही की जा रही है।

**उच्च शिक्षा :** छत्तीसगढ़ का पहला आयुर्वेद विश्वविद्यालय और पहला संस्कृत विश्वविद्यालय रायपुर में प्रारंभ किया जाएगा। प्रधानमंत्री उच्चतर शिक्षा अभियान के तहत राज्य के बस्तर विश्वविद्यालय को 100 करोड रुपए, पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर को 20 करोड़ और अटल बिहारी वाजपेई विश्वविद्यालय, बिलासपुर को 20 करोड़ के साथ ही दो कॉलेजों को पांच-पांच करोड़ रुपए दिए हैं। बस्तर क्षेत्र में उच्च शिक्षा की उपलब्धता हेतु वर्ष 2024-25 के राज्य बजट से 20 नवीन शिक्षण विभाग में 33 नवीन स्नातक एवं स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम प्रारंभ करने का भी प्रावधान किया गया है।

बस्तर विश्वविद्यालय के वार्षिक अनुदान की राशि 04 करोड़ से बढ़ाकर इस वर्ष के बजट में 10 करोड प्रस्तावित किया गया है। पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर के वार्षिक अनुदान बजट की राशि 39 करोड़ से बढ़ाकर 54 करोड कर दिया गया है। इसी प्रकार बिलासपुर विश्वविद्यालय के लिए वार्षिक अनुदान की राशि 02 करोड़ 27 लाख से बढ़ाकर 10 करोड़ कर दी गई है।

उच्च शिक्षा में पढ़ने वाले विद्यार्थियों को महाविद्यालय में आने-जाने में होने वाली असुविधा को दूर करने हेतु परिवहन की सुविधा अगले सत्र से दिये जाने का निर्णय लिया गया है। प्रदेश के विश्वविद्यालयों एवं महाविद्यालयों में 4200 से अधिक रिक्त पदों पर भर्ती की जाएगी। शासकीय महाविद्यालयों आने वाले दिनों में नियमित प्राचार्यों की नियुक्ति की जाएगी। राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 लागू होने से प्रदेश के उच्च शिक्षा के विद्यार्थियों को रोजगर उन्मुखी शिक्षा मिलेगी। पं रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय में कॉमर्स और फोरेंसिक साइंस कोर्स शुरू होंगे।

## संक्षिप्त समाचार

### संचय महिला स्व-सहायता समूह की महिलाएं हुई सम्मानित



**रायपुर (विश्व परिवार)।** विश्व महिला दिवस के अवसर पर नवसृजन मंच छत्तीसगढ़ द्वारा वृंदावन हॉल में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान संचय महिला स्व-सहायता समूह की महिलाओं का सम्मान किया गया। यह सम्मान उन्हें समाज में उत्कृष्ठ कार्य करने हेतु प्रदान किया गया। संचय महिला स्व-सहायता समूह के पदाधिकारियों ने बताया कि वे अपने समूह द्वारा समाज कल्याण विभाग के तत्वावधान में सामाजिक गोद भराई, अन्नप्रासन, स्नेह शिविर, दत्तकपुत्री, पोषण आहार, शासकीय योजनाओं के लाभ को हितग्राहियों तक पहुंचाने जैसे जनजागरण के कार्य जनहित में किया जाता है। इस कार्यक्रम में समूह की अध्यक्ष गीता साहू, उपाध्यक्ष टेमिन साहू ,सचिव हेमलता साहू, कोषाध्यक्ष प्रीति साहू, अनिता साहू, ललिता विश्वकर्मा, मंगतीन साहू, सीता साहू, धनेश्वरी साहू, रूक्मणि यादव एवं अन्य उपस्थित रहीं। कार्यक्रम कें आयोजक एवं अतिथिगणों में अध्यक्ष अमरजीत सिंह छाबड़ा, राज्य महिला आयोग की पूर्व अध्यक्ष हर्षिता पांडे, विशिष्ठ अतिथि डीएसपी ललिता मेहर आदि विशेष रूप से उपस्थित रहीं। जिन्होंने अपने उद्बोधन में महिलाओं के वित्तीय साक्षरता एवं आत्मनिर्भरता की प्रंशसा की एवं अन्य सुलभ जानकारियां उपलब्ध कराई। सभी ने इस पूनित अवसर पर सम्मानित महिलाओं को शुभकामनाएं दी।

### जिले से 27 अग्निवीर युवाओं का चयन




**बलौदाबाजार (विश्व परिवार)।** भारतीय थल सेना (अग्निवीर) में छत्तीसगढ़ को गौरवान्वित करने वाले 870 युवाओ का चयन किया गया है। इनमें बलौदाबाजार भाटापारा जिले से 27 अग्निवीर युवा शामिल हैं। सभी चयनित अग्निवीर युवाओ का सम्मान समारोह 14 मार्च गुरूवार को सुबह 9 बजे राजधानी रायपुर के शहीद स्मारक भवन में आयोजित किया गया है। इस सम्मान समारोह के मुख्य अतिथि उप मुख्यमंत्री एवं गृह, जेल, पंचायत एवं ग्रामीण विकास, तकनीकी शिक्षा, रोजगार, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्री श्री विजय शर्मा होंगे। कलेक्टर के एल चौहान ने बधाई एवं शुभकामनाओ के साथ युवाओं के वाहन को आज हरी झण्डी दिखाकर कलेक्ट्रेट परिसर से रायपुर के लिए रवाना किया। उक्त सम्मान समारोह में शामिल होने वाले चयनित युवाओं के लिए जिला प्रशासन की ओर से समुचित व्यवस्था की गई है। उक्त मौके पर डिप्टी कलेक्टर आर आर दुबे, जिला रोजगार अधिकारी सुश्री मनोरमा भगत उपस्थित रहे।

### पत्रकार पंकज स्वामी के निधन पर किरण सिंह देव ने शोक व्यक्त किया



**रायपुर (विश्व परिवार)।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव ने राजधानी के वरिष्ठ पत्रकार पंकज स्वामी के निधन पर गहन शोक व्यक्त कर अपनी भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की है। श्री देव ने कहा कि एक निर्भीक कलमकार के तौर पर स्व. स्वामी के योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकेगा। उनके निधन से उत्पन्न शून्य की भरपाई नहीं होगी। श्री देव ने अपने शोक संदेश में स्व. स्वामी के परिजनों के प्रति गहन संवेदना व्यक्त कर मृतात्मा की चिर शांति की प्रार्थना की है।

## लोकसभा निर्वाचन 2024 के लिए मास्टर ट्रेनर का प्रशिक्षण हुआ संपन्न




**बलौदाबाजार (विश्व परिवार)।** लोकसभा निर्वाचन 2024 के लिए मतदान दलों को तहसील स्तर पर प्रशिक्षण देने के लिए कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी0के एल चौहान द्वारा कुल 106 मास्टर ट्रेनर्स की नियुक्ति की गई है। जिन्हें जिला पंचायत के सभागार में प्रशिक्षण दिया गया। इस अवसर पर सहायक कलेक्टर नम्रता चौबे, जिला निर्वाचन अधिकारी आर आर दुबे उपस्थित रहे।

प्रशिक्षण की शुरुआत में कलेक्टर श्री चौहान ने कहा कि प्रशिक्षण के दौरान किसी तरह की समस्याएं हो, उसे प्रशिक्षण के दौरान दूर कर लें।उन्होंने कहा कि निर्वाचन के तकनीक और सिस्टम में समय के साथ बदलाव होते रहे हैं। इससे प्रशिक्षण की आवश्यकता और महत्व बढ़े हैं। प्रशिक्षक एवं मतदान कर्मियों को अपडेट रहना और करना आवश्यक समझा गया। प्रशिक्षण इसलिए दिया जा रहा है। जिला मास्टर ट्रेनर ने पावर पाइंट प्रजेंटेशन के माध्यम से प्रशिक्षण देते हुए मतदान दलों के कार्यों एवं उत्तरदायित्वों के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। उन्होंने माकपोल की प्रक्रिया, वास्तविक मतदान के लिए मशीन की सीलिंग, मतदान प्रक्रिया के अलावा विभिन्न प्रपत्रों को तैयार करने के बारे में भी बताया। उन्होंने कहा कि मतपत्र लेखा तथा पीठासीन अधिकारी की डायरी की दो दो प्रतियां सामग्री वापसी स्थल पर जांच कराने के पश्चात जमा की जाएगी। इन दोनों प्रपत्रों को बहुत ही सावधानीपूर्वक तैयार किया जाए। साथ ही समस्त मास्टर ट्रेनर व विधानसभावार मास्टर ट्रेनर को आदर्श आचरण संहिता, संपत्ति विरूपण की प्रक्रिया एवं कार्रवाई तथा समय सीमा, मतदान दलों के दायित्वों, निर्वाचन कार्य में तैनात होने वाले विभिन्न स्टाफ के दायित्वों, ईवीएम, वीवीपेट संचालन, दस्तावेजीकरण सहित आयोग के अन्य समस्त निर्देश व नियम की जानकारी दी गई।

## शीलू लुनिया की दो कृतियों का विमोचन, महिलाएं भी सम्मानित



**रायपुर (विश्व परिवार)।** लेखिका शीलू लुनिया की दो कृतियों का विमोचन व सम्मान समारोह वरिष्ठ भाषाविद् व साहित्यकार डॉ. चितरंजन कर के मुख्य आतिथ्य व डॉ. शीला गोयल की अध्यक्षता में संपन्न हुआ।

इसमें से एक रचना "गर्भ के संस्कार फलीभूत होते हैं' में उन्होंने नौ माह में एक महिला कैसे अपनी अदृश्य संतान से संवाद स्थापित कर उसकों संस्कार देती है, उसका वर्णन किया है। पहले माह से नौ माह तक प्रत्येक माह मां अपनी होने वाली संतान के लिए किन-किन बातों का स्वयं ध्यान रखती है इसका शानदार वर्णन शीलू लुनिया ने अपनी पुस्तक में किया है। गर्भ में पल रही संतान के लिए एक मां की सोच है कि मेरी होने वाली संतान कैसी होगी, क्या मैं एक अच्छी मां बन पाऊंगी। क्या आधुनिकता की चकाचैंध में उसे अच्छे संस्कार दे पाऊंगी। क्यू ंना गर्भ से ही संस्कारों की शिक्षा प्रारंभ कर दी जाए, इन्हीं सब सोच को लेकर लेखिका शीलू लुनिया ने अपने अनुभवों को इस पुस्तक में साझा किया है। इसके अलावा एक कविता संग्रह 'मुट्ठी में आसमां' का भी विमोचन किया गया। इस समारोह में समीक्षक थे- डॉ. मंजूला श्रीवास्तव, डॉ. सुधीर शर्मा, डॉ. अर्चना पाठक व गोपाल सोलंकी। विशिष्ट अतिथि डॉ. सोनाली चक्रवर्ती (भिलाई), अमरनाथ त्यागी थे। प्रारंभ में बिटिया रूही जैन ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत किया। इस अवसर पर विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल करने वाली महिलाओं व महिला मंडलों का सम्मान किया गया जिनके नाम हैं- रजनी नेल्सन, शुभा शुक्ला, शोभा मोहन श्रीवास्तव, मनीषा गुप्ता, माधुरी कर, सुप्रिया शर्मा, पल्लवी झा, साधना शर्मा, डॉ. तृषा शर्मा, सुषमा तिवारी, नीता झा, डॉ. नम्रता सिंह, डॉ. सीमा निगम, सुभी टांक, किरण लता वैध, राशि मिश्रा, सुशीला साहू, देवजानी मजूमदार, लक्ष्मी साहू, रीता वैष्णव, दिलशाह बेग सैफी, प्रज्ञा त्रिवेदी, नीता श्रीवास्तव, संतोष सोनी, वासु पूज्य मनोहर, महिला मंडल, समर्पण सखी महिला मण्डल।

कार्यक्रम का संचालन डॉ. सीमा श्रीवास्तव व आभार प्रदर्शन संस्था के संयोजक रानू लुनिया ने किया। स्वागत भाषण संयोजक मुकेश शाह ने किया। जबकि अतिथियों का स्वागत व स्मृति चिह्न से सम्मान तृप्ति लुनिया, मासूम लुनिया, तुषार लुनिया, वर्षा ललवानी, रिद्धी सोनीगरा, अक्षय जैन आदि ने किया।

## उल्लास-नव भारत साक्षरता कार्यक्रम, मास्टर ट्रेनरों की प्रशिक्षण सह कार्यशाला संपन्न

**10 हजार से अधिक लोगों को साक्षर करने का लक्ष्य, 17 मार्च को होगी परीक्षा का आयोजन**

**बलौदाबाजार (विश्व परिवार)।** राज्य शासन के निर्देशानुसार कलेक्टर एवं अध्यक्ष जिला साक्षरता मिशन प्राधिकरण के. एल. चैहान के मार्गदर्शन में आज उल्लास नव भारत साक्षरता कार्यक्रम के तहत् विकासखण्ड स्तरीय मास्टर ट्रेनरों का प्रशिक्षण सह कार्यशाला जिला मुख्यालय स्थित बीआरआरसी कार्यालय के प्रशिक्षण हाल में किया गया। कार्यशाला में असाक्षरों एवं स्वयंसेवी शिक्षकों के चिन्हांकन के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि पढ़ना लिखना अभियान के अंतर्गत 30 मार्च 2022 में आयोजित की गई थी. जिसमें राष्ट्रव्यापी महापरीक्षा अभियान के चिन्हांकित असाक्षरों को पुन: 17 मार्च 2024 को आयोजित होने वाली महापरीक्षा अभियान में शामिल करना है क्योंकि पूर्व में आयोजित परीक्षा में शिक्षार्थियों का प्रमाणीकरण (सर्टिफिकेशन) नहीं हो पाया था। इस महापरीक्षा का नाम राष्ट्रव्यापी बुनियादी साक्षरता एवं संख्यात्मक ज्ञान मूल्यांकन परीक्षा होगा। =विकाखण्ड शिक्षा अधिकारी बिलाईगढ़ सत्यनारायण साहू ने बताया कि उल्लास नव भारत साक्षरता कार्यक्रम अंतर्गत 17 मार्च 2024 रविवार को प्रात: 10 बजे से 5:30 तक परीक्षा का आयोजन किया जायेगा। शिक्षार्थी सुविधानुसार उक्त समय के भीतर परीक्षा में सम्मिलित हो सकेगा। शिक्षार्थी को प्रश्न पत्र हल करने के लिए 3 घंटे का समय दिया जायेगा। जिला शिक्षा अधिकारी एवं सदस्य सचिव जिला साक्षरता मिशन प्राधिकरण बलौदाबाजार-भाटापारा बी.एल. देवांगन ने जानकारी देते हुए बताया कि परीक्षा केन्द्र में षिक्षार्थियों के लिए पेयजल, प्रकाश व्यवस्था, बैठने के लिए समुचित व्यवस्था हो। 17 मार्च 2024 के कम से कम तीन दिवस पूर्व ग्राम/वार्ड प्रभारी, स्वयंसेवी शिक्षक की सहायता से प्रत्येक पंजीकृत शिक्षार्थी के घर-घर संपर्क कर शिक्षार्थी पर्ची का वितरण करें।

**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार 01 रायपुर**

**मामले की श्रेणी राजस्व**

संदर्भ:- जिला- **रायपुर** तहसील- **रायपुर** प.ह.न.-00034 **अटारी** ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक- **RD202324440721600017**

**ईश्तहार**

तहसील **रायपुर** के **प.ह.न. 00034** के अंतर्गत ग्राम **अटारी** के वर्तमान भूमिस्वामी **घासीराम पिता/पति- दीनबन्धु** पता- टाटीबंध रायपुर के द्वारा धारित भूमि **खसरा क्रमांक 192/15( 0.0464 )** में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता **श्री राकेश साहू पिता/पति- श्री बिसाहूराम साहू** पता- अम्बेडकर नगर रायपुर (छ.ग.) के नाम पर पंजीयन/फ़ौती होने के उपरांत नामांतरण/ अभिलेख दुरुस्ती/ खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक **18/03/2024** को समय **सुबह 11 बजे** स्थान **न्यायालय** पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो इश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/ अधिवक्ता/ आममुख्यार के माध्यम से पेश कर सकते हैं। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक **06/03/2024** को जारी किया जाता है।

**अतिरिक्त तहसीलदार**
**RAJKUMAR SAHU**
**रायपुर (छ.ग.)**

**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार 01 रायपुर**

**मामले की श्रेणी राजस्व**

संदर्भ:- जिला- **रायपुर** तहसील- **रायपुर** प.ह.न.-00034 **अटारी** ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक- **CG-2023-24-107-1-8017**

**ईश्तहार**

तहसील **रायपुर** के **प.ह.न. 00034** के अंतर्गत ग्राम **अटारी** के वर्तमान भूमिस्वामी **AVADHESH KUMAR JAIN पिता/पति- NA** पता- **SATTI BAZAR RAIPUR C.G.** के द्वारा धारित भूमि **खसरा क्रमांक 192/11( 0.1770 ), 192/6( 0.1770 )** में प्रस्तावित भूमिस्वामी/ क्रेता **AVADHESH KUMAR JAIN पिता/पति- LATE JAGDISH JAIN** पता- **SATTI BAZAR RAIPUR C.G.** के नाम पर पंजीयन/फ़ौती होने के उपरांत नामांतरण/ अभिलेख दुरुस्ती/ खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक **13/03/2024** को समय **सुबह 11 बजे** स्थान **न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार 01 रायपुर** पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो इश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/ अधिवक्ता/ आममुख्यार के माध्यम से पेश कर सकते हैं। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक **28/02/2024** को जारी किया जाता है।

**अतिरिक्त तहसीलदार**
**RAJKUMAR SAHU**
**रायपुर (छ.ग.)**

**कार्यालय सम्पदा अधिकारी, छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-02, शंकर नगर रायपुर (छ.ग.), फोन नं.- 0771-4903223**
Email Id: eocghbzone02@gmail.com

***आम-सूचना***

सर्व-साधारण को सूचित किया जाता है कि दीनदयाल आवास योजनांतर्गत **सड्डू,** रायपुर में स्थित भवन **क्रमांक एल.आई.जी.-822, श्री चेतन दास चंदनानी पिता स्व. केशव दास चंदनानी** के नाम पर इस कार्यालय का आबंटन आदेश **क्रमांक-8725** दिनांक **28.03.2007** द्वारा आबंटित किया गया है। आबंटी द्वारा उक्त भवन का पूर्ण मूल्य जमा कर अपने पक्ष में दिनांक **27.10.2018** को सेलडीड/ अनुबंध पंजीकृत उपरांत मूल आबंटी **श्री चेतन दास चंदनानी पिता स्व. केशव दास चंदनानी** की मृत्यु दिनांक **26.10.2021** को हो जाने के कारण उनके सुपुत्र **श्री राजकुमार चंदनानी पिता स्व. श्री चेतन दास चंदनानी** निवासी- नेताजी ट्रेडर्स के पास, कटोरा तालाब, रायपुर तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.) के द्वारा प्रस्तुत आवेदन पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र, सहमति पत्र, शपथ पत्र एवं अन्य दस्तावेज प्रस्तुत कर उक्त भवन को अपने नाम पर नामांतरण करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया जिसके अनुसार नामांतरण किया जाना है।

अत: उक्त भवन के नामांतरण के संबंध में किसी भी व्यक्ति शासकीय व अर्द्धशासकीय संस्था, निकाय, बैंक अथवा वित्तीय संस्था को कोई आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अन्दर लिखित आपत्ति मय दस्तावेज अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त होने वाली आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

**सम्पदा अधिकारी,**
**छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,**
**सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-02, रायपुर (छ.ग.)**

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-8)**
**मोहबा बाजार, रायपुर**
**E-mail ID - rmczone8@gmail.com**

**पत्र क्र. /9035/ न.पा.नि./जोन क्र.-8/2024**
**रायपुर, दिनांक 06-02-2024**

**इश्तिहार**

**नामांतरण प्र.क्र. 9035**
**वार्ड का नाम- 2 - पं. जवाहर लाल नेहरू वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 2 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR802J00082** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **MANJUSHA DOLYY ASHER** पिता/पति, श्री/श्रीमती **VIKASH ASHER** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **DIMPLE SURESH DEWANGAN** पिता/पति, श्री/श्रीमती **SURESH DEWANGAN** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-

**श्री अरूण ध्रुव**
**(जोन कमिश्नर)**
**जोन क्रमांक- (8)**
**नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)**

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-4)**
**प्रेस क्लब, पानी टंकी के नीचे, छोटापारा, रायपुर**
**E-mail ID - rmczone4@gmail.com**

**पत्र क्र./10109/ न.पा.नि./जोन क्र.-4/2024**
**रायपुर, दिनांक 13-03-2024**

**इश्तिहार**

**नामांतरण प्र.क्र. 10109**
**वार्ड का नाम-46-मौलाना अब्दूल रऊफ वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 46 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR741B00481** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **MO. IRFAN SALAT** पिता/पति, श्री/श्रीमती **HAJI MO. NASEEM** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **1. मोहम्मद सलाम कुरैशी 2. अब्दुल कलाम कुरैशी 3. मोहम्मद इनाम कुरैशी 4. शाहिना परवीन** पिता/पति, श्री/श्रीमती **1, 2 व 3 तीनों के पिता- स्व. मोहम्मद सिद्दिक्की कुरैशी 4. स्व. मोहम्मद इकराम कुरैशी** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-

**(जोन कमिश्नर)**
**जोन क्रमांक- (4)**
**नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)**

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-4)**
**प्रेस क्लब, पानी टंकी के नीचे, छोटापारा, रायपुर**
**E-mail ID - rmczone4@gmail.com**

**पत्र क्र./10095/ न.पा.नि./जोन क्र.-4/2024**
**रायपुर, दिनांक 13-03-2024**

**इश्तिहार**

**नामांतरण प्र.क्र. 10095**
**वार्ड का नाम-46-मौलाना अब्दूल रऊफ वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 46 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR741B0481A** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **ZAHEER SALAT** पिता/पति, श्री/श्रीमती **HAJI NASEEM** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **1. मोहम्मद सलाम कुरैशी 2. अब्दुल कलाम कुरैशी 3. मोहम्मद इनाम कुरैशी 4. शाहिना परवीन** पिता/पति, श्री/श्रीमती **1, 2 व 3 सभी पिता- स्व. मोहम्मद सिद्दिक्की कुरैशी 4. स्व. इकराम कुरैशी** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-

**(जोन कमिश्नर)**
**जोन क्रमांक- (4)**
**नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)**

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-4)**
**प्रेस क्लब, पानी टंकी के नीचे, छोटापारा, रायपुर**
**E-mail ID - rmczone4@gmail.com**

**पत्र क्र./10096/ न.पा.नि./जोन क्र.-4/2024**
**रायपुर, दिनांक 13-03-2024**

**इश्तिहार**

**नामांतरण प्र.क्र. 10096**
**वार्ड का नाम-46-मौलाना अब्दूल रऊफ वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 46 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR741B00480** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **HAJI MO. NASIM** पिता/पति, श्री/श्रीमती **HAJI HASHAM** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **1. मोहम्मद सलाम कुरैशी 2. अब्दुल कलाम कुरैशी 3. मोहम्मद इनाम कुरैशी 4. शाहिना परवीन** पिता/पति, श्री/श्रीमती **1, 2 व 3 सभी पिता- स्व. मोहम्मद सिद्दिक्की कुरैशी 4. स्व. इकराम कुरैशी** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-

**(जोन कमिश्नर)**
**जोन क्रमांक- (4)**
**नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)**

**न्यायालय नायब तहसीलदार, तहसील- मंदिर हसौद, जिला- रायपुर (छ.ग.)**

**// ईश्तहार //**

**रा.प्र.क्र.- ऋ202324440207100015/अ-6/2023-24, ग्राम- रींवा, प.ह.नं.-18, रा.नि.मं.- मंदिर हसौद तहसील - मंदिर हसौद, जिला- रायपुर**

एतद् आपको सूचित किया जाता है कि **अटुड स्टिल प्राइवेट लिमिटेड** द्वारा **धीरज जैन पिता स्व. प्रेमचंद जैन** निवासी- ग्राम रीवा, तहसील- मंदिर हसौद, जिला- रायपुर द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत कर लेख किया है, कि **ग्राम- रीवा, प.ह.न. -18, रा.नि.मं.- मंदिर हसौद,** तहसील- मंदिर हसौद, जिला- रायपुर स्थित भूमि **खसरा क्रंमाक 327/5 रकबा 0.371 हे.** भूमि को आवेदक के द्वारा पंजीकृत विक्रय विलेख दिनांक **02.05.2023** के माध्यम से विक्रेता **जैना बाई यादव पति इतवारी यादव** से क्रय किया गया है। आवेदक/ क्रेता के द्वारा आवेदित भूमि का नामांतरण आज दिनाँक तक नहीं करवाया गया है जिसके फलस्वरूप आवेदित भूमि विक्रेता **जैना बाई यादव पति ईतवारी यादव** के नाम पर ही राजस्व अभिलेख मे दर्ज चला आ रहा है। आवेदक के द्वारा आवेदित भूमि के राजस्व अभिलेख से उक्त निष्पादित पंजीकृत विक्रय विलेख दिनांक **02.05.2023** के आधार पर अपना नाम बतौर भूमिस्वामी दर्ज किए जाने हेतु आवेदन पत्र मय दस्तावेज़ न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस सम्बन्ध में जिस किसी भी व्यक्ति/ संस्था को दावा आपत्ति को तो वे इस न्यायालय मे दिनांक 20/3/24 तक स्वंय या अपने अभिभाषक के माध्यम से आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

यह ईश्तहार आज दिनांक **13/03/24** को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालीन मुद्रा से जारी किया गया।

मुहर

**नायब तहसीलदार**
**मंदिर हसौद (छ.ग.)**

www.dainikvishwapariwar.com
vishwapariwarraipur@gmail.com

दैनिक
# विश्व परिवार

बिलासपुर संभाग

रायपुर गुरुवार 14 मार्च 2024



# मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना में 160 जोड़े बंधे विवाह बंधन में

### अतिथियों ने नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वाद दिया साथ ही सुखी दाम्पत्य जीवन की शुभकामना दी और उपहार भेंट किए

**महासमुंद(विश्व परिवार)।** महासमुंद के संजय कानन में मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के तहत पूरे विधि विधान से 160 जोड़े विवाह बंधन में बंधे। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष उषा पटेल, सांसद प्रतिनिधि संदीप दीवान, पार्षद देवीचंद राठी, पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष पवन पटेल सहित प्रतिनिधिगण नवविवाहित दम्पतियों को आशीर्वाद दिया साथ ही सुखी दाम्पत्य जीवन की शुभकामना दी और उपहार भेंट किए। विवाह कार्यक्रम में संबंधित विभाग के अधिकारी-कर्मचारी, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहित परिजन मौजूद थे। ज़िला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास समीर पाण्डे ने बताया कि आज मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना में 160 जोड़े विवाह बंधन में बंधे। मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के तहत गरीब परिवारों की लड़कियों की शादी के लिए राज्य सरकार द्वारा आर्थिक सहायता के रूप में 50 हजार



रूपए का अनुदान सहायता राशि प्रदान किया जाता है। प्रति जोड़ा 50 हजार रूपए का व्यय किया गया है। इसमें प्रत्येक कन्या को 21 हजार रूपए की राशि बैंक खाते या बैंक ड्राफ्ट के रूप में प्रदान की जाएगी। इसके अलावा 15 हजार रुपए की राशि के उपहार दिए गए है। विवाह आयोजन व्यवस्था और परिवहन पर प्रति कन्या 8 हजार रुपए, इसके साथ वर-वधु के कपड़े, श्रृंगार सामग्री पर 6 हजार रुपए व्यय किया गया है।

## तीन दिवसीय योगाभ्यास प्रशिक्षण शिविर कार्यक्रम का शुभारंभ

**सूरजपुर(विश्व परिवार)।** छत्तीसगढ़ योग आयोग रायपुर द्वारा जिला सूरजपुर के शिव मन्दिर प्रांगण भटगांव में 03 दिवसीय योगाभ्यास प्रशिक्षण शिविर कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि महिला बाल विकास एवं समाज कल्याण विभाग मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े जी द्वारा किया गया। कार्यक्रम के अध्यक्ष श्री एम.एल. पाण्डेय सचिव छत्तीसगढ़ योग आयोग एवं साथ ही विभिन्न संगठनों के सम्मानितजन, समाज के प्रमुखजन, व्यापारी संघो के प्रतिनिधि, स्थानीय पंचायत एवं नगरीय निकायों के निर्वाचित प्रतिनिधि एवं विभिन्न प्रकार के महिला समूहों के प्रतिनिधि एवं अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहें। कार्यक्रम आयोजन में फ्लैक्स एवं बैनर लगाते हुए बाईक रैली के साथ रोड शो, गायत्री परिवार द्वारा महायज्ञ किया गया। कार्यक्रम में मंत्री के द्वारा योग किट का वितरण किया गया एवं भोजन की व्यवस्था भी किया गया। कार्यक्रम का आयोजन श्री गौरव कुमार देवांगन सहायक लेखाधिकारी छत्तीसगढ़ योग आयोग रायपुर एवं योग आयोग प्रबंधक श्री रविकान्त कुम्भकार के समन्वय से किया गया।

# लोकसभा चुनावः कोतवाली सहित चार थानों के लिए अब नए चेहरे की तलाश

**कोरबा(विश्व परिवार)।** लोकसभा चुनाव की आचार संहिता के प्रभावशील होने से ठीक पहले निर्वाचन आयोग के निर्देश पर दो वर्ष से अधिक समय से जिले में पदस्थ अधिकारियों को रेंज से बाहर भेजने का काम जारी है। पुलिस विभाग ने हाल में ही एक सूची जारी की। कोरबा जिले के चार निरीक्षक इसमें प्रभावित हुए हैं। इसके साथ विभाग में रिफर्मेशन होना तय है। कोतवाली सहित तीन थाना में किसे प्रभारी बनाया जाए इसके लिए माथापच्ची करनी पड़ रही है। पुलिस मुख्यालय की ओर से जारी आदेश के अंतर्गत कोतवाली प्रभारी नितीन उपाध्याय और दीपका थाना प्रभारी अश्वनी राठौर को सुकमा स्थानांतरित किया गया है। जबकि बालकोनगर प्रभारी अभिनवकांत सिंह को बीजापुर व कुसमुंडा प्रभारी मनीष नागर को कांकेर जिले में भेजा गया है। जबकि बस्तर क्षेत्र से ही मोती पटेल को कोरबा जिले में स्थानांतरित किया गया है। कोरबा जिले में निरीक्षकों की पर्याप्त पदस्थापना पहले से ही है। इनमें से कई रक्षित केंद्र में सेवाएं दे रहे हैं। अलग-अलग समय पर उन्हें थाना से यहां भेजा गया है। अब जबकि लोकसभा चुनाव के चक्कर में 4 थानों के प्रभारियों को स्थानांतरित करने के आदेश जारी किये गए हैं ऐसे में माना जा रहा है कि नवीन पदस्थापना से पहले एक बार फिर पुलिस विभाग के द्वारा कोरबा जिले में बड़ा परिवर्तन किया जाएगा। इसमें कई थानों के प्रभारी यहां से वहां किये जा सकते हैं जबकि लाइन में कार्यरत निरीक्षकों को मैदान में काम करने का अवसर मिल सकता है। कोतवाली और बालकोनगर थाना सबसे महत्वपूर्ण माने जा रहे हैं इसलिए यहां सुलझे हुए निरीक्षक को बैठाने की नीति पर काम हो सकता है। इसके अलावा दीपका और कुसमुंडा कोयलांचल में आए दिन अलग-अलग कारण से उत्पन्न होने वाली परिस्थितियों के मद्देनजर क्षमतावान अधिकारी की खोज की जा रही है जो वहां के हिसाब से न केवल कामकाज कर सके बल्कि समस्याओं का निवारण भी कर सके। सूत्रों ने बताया कि पुलिस विभाग के द्वारा निरीक्षक स्तर के अधिकारियों के तबादलों से संबंधित एक और सूची जारी की जानी है।

## ठेका कर्मियों ने एसईसीएल कार्यालय का घेराव कर किया प्रदर्शन

**कोरबा(विश्व परिवार)।** एसईसीएल के कोरबा मुख्यालय में पूर्व घोषणा अनुसार कोयला मजदूर पंचायत के बैनर तले सैकड़ों ग्रामीणों और ठेका कर्मियों ने लगभग 8 घंटे प्रदर्शन किया। मुख्यालय के मुख्य द्वार पर डटे ग्रामीणों ने कार्यालय का घेराव कर दिया। बड़ी संख्या में महिलाएं भी अपने छोटे-छोटे बच्चों के साथ प्रदर्शन में शामिल हुईं। कोयला मजदूर पंचायत के केन्द्रीय उपाध्यक्ष गजेन्द्र पाल सिंह तंवर ने बताया कि स्टारएक्स मिनिरल्स कंपनी द्वारा मजदूरों का शोषण किया जा रहा है।6 सूत्रीय मांगों में सभी मजदूरों को एचपीसी वेतनमान से जोडकर पे-स्लीप प्रदान करना, हाईपावर कमेटी द्वारा बढ़े हुए वेतनमान का एरियर के साथ भुगतान, जनवरी माह के वेतन में चालकों के हाजिरी में फर्जी कटौती की जांच, प्रत्येक माह के 10 तारीख को सभी मजदूरों के वेतन भुगतान की मांग शामिल है। उन्होंने कहा कि सभी मजदूरों की 26 दिनों की ड्यूटी सुनिश्चित की जाए। साथ ही मजदूरों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए सभी कंडम हो चुकी गाडियों की जांच कराई जाए, ताकि भविष्य में किसी मजदूर के साथ अनहोनी न हो।आंदोलन व कई बैठकों के बाद भी शोषण का क्रम जारी है जिसे लेकर एक दिवसीय आंदोलन किया गया। करीब 8 घण्टे तक चले प्रदर्शन के बाद भी एसईसीएल का कोई भी अधिकारी चर्चा के लिए नहीं पहुंचा जिससे आक्रोशित कामगारों व ग्रामीणों ने 13 मार्च को सराईपाली खदानबंदी का ऐलान किया है। उन्होंने बताया कि मंगलवार को इस संबंध में पुलिस-प्रशासन को ज्ञापन सौंपा जाएगा।

## विकासखंड नवागढ़ के ग्राम पंचायत खोखरा में आजीविका ऋण मेला का हुआ आयोजन

**जांजगीर-चांपा(विश्व परिवार)।** कलेक्टर श्री आकाश छिकारा ने मंगलवार को नवागढ़ विकासखंड के ग्राम पंचायत खोखरा के मनका दाई मंदिर प्रांगण में लगाये गये आजीविका ऋण मेला में शामिल हुए। इस दौरान कलेक्टर ने उपस्थित हितग्राहियों को अपना व्यवसाय शुरू करने के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि इसके माध्यम से आप दूसरों को भी रोजगार प्रदान कर सकते हैं। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को ग्रामीणों को सक्षम बनाने और स्थानीय स्तर पर रोजगार उपलब्ध कराने कहा। साथ ही महिलाओं को योजना की जानकारी देते हुए आजीविका गतिविधियों से जोड़ने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए हैं। आजीविका ऋण मेला में 749.54 लाख का विभागीय और स्व सहायता समूह का बैंक शाखाओं के माध्यम से ऋण स्वीकृत किया गया। कलेक्टर ने आजीविका ऋण मेला में हितग्राहियों को चेक का वितरण किया। आजीविका ऋण मेला के माध्यम से स्व सहायता समूहों को क्रेडिट लिंकेज में बढ़ोतरी, बैंक द्वारा प्रायोरिटी सेक्टर में ऋण वितरण क्षेत्र का विस्तार, शासकीय स्व-रोजगार ऋण योजनाओं के प्रति जागरूकता, मुद्रा योजना के क्षेत्र का विस्तार, स्वयं सिद्धा योजना के प्रति जागरूकता एवं विस्तार, नवीन बैंक खाते और आधार पंजीयन करने की सुविधा, ग्रामीणों की वित्तीय साक्षरता एवं सायवर फ्रॉड के रोकथाम के प्रति जागरूकता और अन्य बैंकिंग से संबंधित समस्याओं का निराकरण किया गया।

# रात में रिहायशी इलाके तक पहुंचा हाथियों का झुंड घर को तोड़ा, बुजुर्ग दंपती को कुचलकर मार डाला

**सूरजपुर(विश्व परिवार)।** छत्तीसगढ़ के सूरजपुर जिले में दंतैल हाथियों ने बुजुर्ग दंपती को कुचलकर मार डाला। रात में पति-पत्नी जंगल किनारे बसे कच्चे मकान में सो रहे थे। तभी दो हाथी पहुंच गए और घर को तोड़ दिया। हाथियों के बचने दंपती भागे, लेकिन दंतैल ने दोनों को सूंड से उठाकर पटक दिया और पैरों से कुचल दिया। घटना की सूचना पर वन अमला मौके पर पहुंचा। वन अफसरों ने हाथियों से सतर्क रहने और दूरी बनाकर रखने की हिदायत दी है। मिली जानकारी के मुताबिक प्रतापपुर वन परिक्षेत्र के ग्राम पंचायत दरहोरा में यह घटना हुई है। हरिधन (79 वर्ष) और उसकी पत्नी नन्ही (65 वर्ष) जंगल किनारे घर बनाकर रह रहे थे। रविवार की रात हाथियों ने कच्चे मकान को तोड़ दिया। डरकर दोनों घर से बाहर निकल आए और हाथियों को देख भागने लगे। हाथियों ने दोनों सूंड से उठाकर पटक दिया और पैरों से कुचल दिया। हाथियों ने घर के अंदर रखे अनाज को खा गए। चीख-पुकार और हाथियों के चिंघाड़ की आवाज सुनकर आसपास के लोगों ने शोर मचाया। इसके बाद हाथी पास के ही जंगल में घुस गए। सुबह सूचना मिलने पर वन विभाग की टीम गांव पहुंची। ग्रामीणों ने वन अमले पर हाथियों की मौजूदगी की सूचना नहीं देने का आरोप लगाया। वन विभाग ने मृतक के परिजनों को 25-25 हजार की तत्काल सहायता राशि उपलब्ध कराई है। मुआवजा प्रकरण भी बनाया जा रहा है। वन विभाग के स्छह्र अशुतोष भगत ने बताया कि बुजुर्ग दंपती को मारने वाले दो दंतैल हाथियों में एक हाथी सीतापुर लुंड्रा से अंबिकापुर होते हुए प्रतापपुर पहुंचा है। दूसरा दंतैल वाड्रफनगर क्षेत्र में विचरण कर रहे 34 हाथियों के दल से अलग होकर प्रतापपुर आया है। करीब 15 दिनों से हाथी गणेशपुर, सिंघरा और सरहरी के जंगल में विचरण कर रहे थे। वन विभाग ने ग्रामीणों को सतर्क रहने और जंगल के तरफनहीं जाने की हिदायत दी है।

# सुनालिया नहर पुल पर नहीं लगेगा जाम, बेहतर आवागमन के साथ मिलेगा आराम

### श्रम मंत्री लखनलाल देवांगन की अनुशंसा पर वाई शेप अंडरपास की मिली स्वीकृति

#### कलेक्टर अजीत वसंत ने दी प्रशासकीय स्वीकृति

**कोरबा(विश्व परिवार)।** शहर में प्रवेश के साथ ही रेल्वे स्टेशन आने-जाने वाले सुनालिया नहर पुल मुख्य मार्ग में रेल्वे क्रॉसिंग बंद होने की वजह से नहर पुल पर वाहनों के जाम में फंसने वाले आम लोगों को जल्दी ही राहत के साथ आराम मिलने लगेगा। आम लोगों को फाटक बंद होने से इस मार्ग पर आवागमन में जो परेशानी उठानी पड़ती है, वह आने वाले समय में दूर हो जाएगी। कोरबा के विधायक और छत्तीसगढ़ शासन के उद्योग, वाणिज्य एवं श्रम मंत्री लखन लाल देवांगन की पहल, अनुशंसा और कलेक्टर श्री अजीत वसंत के प्रयासों से इस सुनालिया रेल्वे क्रॉसिंग पर शीघ्र ही वाई शेप




अंडरपास का निर्माण होने वाला है। कलेक्टर द्वारा अंडरपास निर्माण के लिए 30 करोड़ 97 लाख रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान कर दी गई है। जल्द ही तकनीकी स्वीकृति उपरांत अंडरपास निर्माण की प्रक्रिया को आगे बढ़ाया जाएगा। जिला प्रशासन की इस पहल से शहरवासियों की बहुप्रतीक्षित मांग पूरी होने वाली है और उन्हें बेहतर आवागमन उपलब्ध होने वाला है। औद्योगिक नगरी वाले जिले के रूप में पहचान रखने वाले कोरबा जिले के हृदय स्थल पॉवर हाउस मुख्य मार्ग तथा सुनालिया नहर पुल मार्ग से शहरवासी नियमित आवागमन करते हैं। शहर से रेल्वे स्टेशन की ओर जाने और रेल्वे स्टेशन से शहर की ओर आने के लिए सुनालिया रेल्वे क्रॉसिंग का मार्ग महत्वपूर्ण स्थान है। विगत समय से सुनालिया नहर पुल वाले मुख्यमार्ग पर यातायात का दबाव भी तेजी से बढ़ रहा है। मुख्य मार्ग पर यातायात का दबाव बढ़ने से नहर पुल पर आये दिन ट्रैफिक जाम की स्थिति भी निर्मित होती है। यह समस्या और भी विकराल हो जाती है, जब कोई उत्सव का माहौल हो तथा रेल्वे फाटक बंद हों। रेल्वे फाटक के बंद होने व खुलने के दौरान दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग जाती है। शहर की इस बड़ी समस्या को संज्ञान में लेकर कलेक्टर श्री अजीत वसंत द्वारा जिले के एसपी तथा अन्य अधिकारियों के साथ जिले में यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाने सुनालिया मार्ग सहित अन्य महत्वपूर्ण मार्गों का अवलोकन भी किया गया था। इस दौरान कलेक्टर ने लोक निर्माण विभाग (सेतु) के अधिकारियों को सुनालिया रेल्वे क्रॉसिंग में अंडरपास निर्माण के लिए स्टीमेट बनाने के निर्देश दिए थे। आखिरकार उद्योग मंत्री श्री देवांगन की अनुशंसा पर जिला खनिज न्यास मद से लगभग 30 करोड़ 97 लाख रूपए की लागत से अंडरपास निर्माण की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान कर दी गई है।

## संक्षिप्त समाचार

### कलेक्टर ने जनचौपाल में सुनी आम नागरिकों की समस्याएं

**कोरबा(विश्व परिवार)।** कलेक्टर श्री अजीत वसंत ने आज जन चौपाल में लोगों की समस्याओं को गंभीरता से सुना। उन्होंने प्रकरण अनुसार संबंधित अधिकारियों को आवेदन प्रेषित करते हुए नियमानुसार निराकरण के निर्देश दिए हैं। कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित जन चौपाल में लोगों ने प्रधानमंत्री आवास, वन अधिकार पत्र, मजदूरी भुगतान, मुआवजा दिलवाने, सहायक उपकरण, पेंशन भुगतान, अतिक्रमण हटाने, सीमांकन, बटांकन, राशन कार्ड, आर्थिक सहायता, रोजगार हेतु ऋण दिलाने के संबंध में आवेदन दिया। जनचौपाल में कुल 98 आवेदन प्राप्त हुए। कलेक्टर ने सभी आवेदनों को संबंधित अधिकारियों को प्रेषित कर निर्देशित किया है कि आवेदनों का परीक्षण कर शासन के नियमानुसार कार्यवाही समय सीमा सुनिश्चित करें। उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया है कि जनचौपाल में प्राप्त होने वाले आवेदनों पर समुचित कार्यवाही सुनिश्चित की जाए ताकि आवेदक को दोबारा जनचौपाल में ना आना पड़े।

### प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बसदेई में हुआ ग्लूकोमा सप्ताह का शुरुआत

**सूरजपुर(विश्व परिवार)।** आंखों के गंभीर रोग ग्लूकोमा जिसे हम काला मोतियाबिंद कहते हैं यह आंखों पर साइलेंट साइट किलर के तौर पर जाना जाता है। इसके शुरुआती लक्षण दिखने पर लोग नजरअंदाज कर देते हैं । ग्लूकोमा का उपचार केवल सर्जरी से संभव है। कभी-कभी आंख की रोशनी भी चली जाती है। जागरूकता लाने के लिए हर वर्ष 12 से 18 मार्च तक विश्व ग्लूकोमा सप्ताह का आयोजन किया जाता है जिसमें 40 वर्ष से अधिक मरीज के आंखो का प्रेशर जांच किया जाता है। इसी तारतम्य में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बसदेई में विश्व ग्लूकोमा सप्ताह का शुरुआत किया गया। यह कार्यक्रम लगातार आज से 18 मार्च तक चलाई जाएगी । उन सभी 40 वर्ष से अधिक व्यक्तियों का नेत्र परीक्षण कर आवश्यक इलाज किया जाएगा एवं बेहतर इलाज हेतु जिला अस्पताल रेफर किया जाएगा आज ग्लूकोमा के प्रति जागरूकता के लिए हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बसदेई में ग्लूकोमा सप्ताह के अवसर में नेत्र परीक्षण शिविर आयोजित किया गया जिसमे नेत्र सहायक अधिकारी मारुति नंदन चक्रधारी जी के द्वारा 25 मरीजों का जांच कर आवश्यक दवाई, सुझाव एवं निःशुल्क चश्मा वितरण किया गया। इस अवसर पर प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र के प्रभारी चिकित्सा अधिकारी मीना सोनी आर.एम.ए.ब्रिज लाल पटेल, स्टाफनर्स श्रीमती शुमेश्वरी राजवाड़े, फर्मासिस्ट मनीष दीपक साहू, आरती झरिया, मोहर लाल मिर्रे एवं सभी हॉस्पिटल स्टाफव आम जनता उपस्थित थे।

### चोरी के आरोपी को बागों पुलिस ने किया गिरफ्तार

**कोरबा(विश्व परिवार)।** दिनांक 09.03.2024 के दरम्यानी रात्रि अज्ञात चोरो के द्वारा आमाटिकरा मातिन रेल्वे साईडिंग के निर्माणाधीन ब्रीज के नीचे रखे सरिया, चैनल, यूजैक एवं स्क्रेप कीमती 160000.00 रुपये को अज्ञात चोरो के द्वारा चोरी कर ले जाने संबंधी प्रार्थी अरुण सूर्यवंशी पिता समारसिंह सूर्यवंशी, उम्र 32 वर्ष निवासी आमाटिकरा मातिन रेल्वे साईडिंग थाना बांगो जिला कोरबा छ0म0 के रिपोर्ट पर धारा सदर का अपराध पंजीबध्द कर विवेचना मैं लिया गया एवं मामले से वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराया गया। मामले की गंभीरता को ध्यान में रखते हुए पुलिस अधीक्षक कोरबा श्री सिद्धार्थ तिवारी एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नेहा वर्मा की मार्गदर्शन व अनुविभागीय अधिकारी कटघोरा पंकज ठाकुर के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी बागों को चोरी के संबंध में दिशा निर्देश प्राप्त हुआ। वरिष्ठ अधिकारियों से प्राप्त दिशा निर्देश के परिपालन में थाना बागों पुलिस के विवेचना के दौरान घटना स्थल का निरीक्षण किया गया। संदेही रामशरण राय उर्फ गोजे पिता स्व. मोहनलाल, उम्र 53 वर्ष, निवासी ग्राम बगरार थाना मरवाही जिला जीपीएम हामु आमाटिकरा, थाना बांगो जिला कोरबा (छ0ग0) से पुछताछ करने पर पुलिस को गुमराह करने हिकमतअली से पूछताछ करने पर अपने साथी सोनू राजवाडे एवं लखन यादव निवासी आमाटिकरा / मातिन के साथ सरिया, चैनल, यूजैक, स्क्रेप को चोरी कर मातिन यादव मोहल्ला जगंल के नरवा (नाला) में छिपाकर एवं लकडी, पत्ता से ढककर रखना मेमोरण्डम कथन में बताया। आरोपी रामशरण राय उर्फ गोजे के निशानदेही पर चोरी गये सरिया, चैनल, यूजैक, स्कप बरामद कर जप्ती किया गया। आरोपी के विरुद्ध अपराध क्रमांक 66/24 धारा 379,386,34 भादवि सदर के घटित करने का साक्ष्य पाये जाने से आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया। मामले के फरार आरोपियों को पुलिस के द्वारा टीम बनाकर उनकी पताशाजी की जा रही है उन्हें भी पुलिस के द्वारा जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

दैनिक
# विश्व परिवार

विचार-पक्ष

रायपुर गुरूवार 14 मार्च 2024

www.dainikvishwapariwar.com
vishwapariwarraipur@gmail.com



## संपादकीय

# किसानों के लिए सरकार की अहम पहल

## कहने की जरूरत पड़ी!

टिप्पणियां साधारण इस लिहाज से हैं कि किसी लोकतांत्रिक व्यवस्था में- जहां अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता संविधान प्रदत्त मौलिक अधिकार हो- इन्हें कहने की जरूरत नहीं पड़नी चाहिए। मगर आज हालात ऐसे हैं कि ऐसे मामले सुप्रीम कोर्ट तक पहुंच जाते हैं। सुप्रीम कोर्ट ने बीते हफ्ते दो साधारण बातें कहीं, लेकिन वो अखबारों में प्रमुख सुर्खियां बनीं। ये टिप्पणियां साधारण इस लिहाज से हैं कि किसी लोकतांत्रिक व्यवस्था में- जहां अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता संविधान प्रदत्त मौलिक अधिकार हो- इन्हें कहने की जरूरत नहीं पड़नी चाहिए। मगर आज देश के हालात ऐसे हैं कि ऐसे मामले सुप्रीम कोर्ट तक पहुंच जाते हैं और अंतत: कोर्ट को संवैधानिक प्रावधानों की व्याख्या करनी पड़ती है। पहली टिप्पणी संविधान के अनुच्छेद 370 को रद्द करने की आलोचना से संबंधित थी। एक प्रोफेसर ने इस कदम की आलोचना की थी। उन्होंने कहा था कि जिस रोज ये कदम कदम उठाया गया, वह एक काला दिन था। दूसरी टिप्पणी पाकिस्तान के स्वतंत्रता दिवस पर उसे बधाई दिए जाने से संबंधित थी। कोर्ट ने कहा कि किसी दूसरे देश को स्वतंत्रता दिवस की बधाई देने के पीछे दुर्भावना की तलाश नहीं की जानी चाहिए। कोर्ट ने कहा- 'हर भारतीय नागरिक को जम्मू-कश्मीर को विशेष दर्जा देने वाले अनुच्छेद 370 को रद्द करने की आलोचना करने का अधिकार है। जिस रोज ये अनुच्छेद रद्द किया गया, उसे काला दिन बताना प्रतिरोध की भावना और रोष की अभिव्यक्ति है। अगर राज्य की हर आलोचना या प्रतिरोध को धारा 153-ए के तहत अपराध ठहराया जाएगा, तो लोकतंत्र- जो संविधान की अनिवार्य विशेषता है- टिक नहीं पाएगा।' कोर्ट ने अपनी दूसरी टिप्पणी में कहा कि पाकिस्तान के स्वतंत्रता दिवस 14 अगस्त को कोई भारतीय नागरिक शुभकामना देता है, तो इसमें कुछ गलत नहीं है। यह सद्भावना का इजहार है। वह नागरिक किसी खास मजहब से संबंधित हो, इसलिए ऐसी अभिव्यक्ति के पीछे दुर्भावना की तलाश नहीं की जानी चाहिए। जाहिर है, अभियुक्त मुस्लिम थे, जिन पर सांप्रदायिक द्वेष फैलाने का इल्जाम लगा दिया गया था। फिलहाल सुप्रीम कोर्ट ने उन्हें बरी कर दिया है। लेकिन आज ऐसी घटनाएं इक्का-दुक्का भर नहीं हैं। और ऐसे मामले में इंसाफ के लिए सुप्रीम कोर्ट तक जाना पड़ता है, यही आज के सूरत-ए-हाल को बताता है।

**डा. जयंतीलाल भंडारी**

हम उम्मीद करें कि हाल ही में डब्ल्यूटीओ के 13वें मंत्रिस्तरीय सम्मेलन में जिस तरह भारत ने खाद्य सुरक्षा व एमएसपी का मुद्दा प्रभावी तरीके से उठाया है, उससे दुनिया के अन्य देशों का समर्थन बढ़ेगा और इसका स्थायी समाधान होगा। साथ ही हाल ही में लांच की गई बड़ी खाद्यान्न भंडारण योजना से लाभ मिलेगा एक ओर जब इन दिनों देश में किसानों के द्वारा अपनी मांगों को लेकर लगातार विरोध प्रदर्शन किए जा रहे हैं, वहीं दूसरी ओर भारत सरकार के द्वारा किसानों के हित में उठाई गई दो महत्वपूर्ण पहलें दुनियाभर में रेखांकित हो रही हैं। एक, हाल ही में भारत के द्वारा संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के अबूधाबी में आयोजित विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) के 13वें मंत्रिस्तरीय सम्मेलन में खाद्य सुरक्षा, खाद्यान्नों के सार्वजनिक भंडारण एवं न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) के स्थायी समाधान के लिए प्रभावी पहल की गई, जिसके कारण इस सम्मेलन में इन मुद्दों पर कई विकसित देश भारत के किसानों के हितों के प्रतिकूल कोई प्रस्ताव आगे नहीं बढ़ा पाए। ऐसे में अब भी भारत अपने किसानों के उपयुक्त लाभ के लिए नीतियां बनाने में सक्षम है। दो, 24 फरवरी को सरकार ने सहकारी क्षेत्र में दुनिया की सबसे बड़ी खाद्यान्न भंडारण योजना के लिए प्रायोगिक परियोजना लांच की है। यह प्रायोगिक परियोजना 11 राज्यों में प्राथमिक कृषि ऋण समितियों (पैक्स) को लक्षित कर रही है, जिनके माध्यम से पैक्स की किसानों के हित में बहुआयामी भूमिका होगी। गौरतलब है कि कृषि पर अबूधाबी मंत्रिस्तरीय सम्मेलन में भारत ने जी-33 देशों के समूह, अफ्रीकी देशों और प्रशांत देशों के समूह की आवाज के साथ पब्लिक स्टॉक होल्डिंग (पीएचएस) के स्थायी समाधान को अंतिम रूप देने के लिए मजबूती से पक्ष प्रस्तुत करते हुए कहा कि अब डब्ल्यूटीओ को केवल निर्यातक देशों के व्यापारिक हितों तक ही अपना ध्यान सीमित नहीं रखना चाहिए, असली चिंता दुनिया के

करोड़ों लोगों की खाद्य सुरक्षा और आजीविका की होनी चाहिए। वस्तुत: खाद्य सुरक्षा एवं सार्वजनिक भंडारण के लिए भारत सरकार गेहूं और चावल मोटे अनाज को न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की पहले से तय कीमत पर खरीदती है और फिर उन्हें गरीबों को सार्वजनिक वितरण प्रणाली के जरिये सस्ते दाम या मुफ्त में वितरित करती है। यह खाद्य सुरक्षा भूख से त्रस्त लाखों लोगों को भूख से बचाने का सरकार का नीतिगत तरीका है। यह भारत के द्वारा वर्ष 2030 तक देश में भूख व गरीबी मिटाने के लक्ष्य से जुड़ा मुद्दा भी है। ज्ञातव्य है कि वर्तमान में डब्ल्यूटीओ के नियमों के मुताबिक 1986-88 के मूल्यों को आधार मानते हुए उत्पादन मूल्य का 10 प्रतिशत से अधिक किसानों को सब्सिडी नहीं दी जा सकती है। भारत इसमें बदलाव चाहता है ताकि किसानों को अधिक सब्सिडी देने पर वैश्विक मंच पर उसका विरोध नहीं हो सके। अमरीका सहित कई विकसित राष्ट्र खाद्यान्न के लिए भारत में दिए जा रहे एमएसपी कार्यक्रम पर सवाल उठा रहे हैं, उनका कहना है कि इस पर दी जा रही सब्सिडी डब्ल्यूटीओ व्यापार नियमों के तहत स्वीकृत सीमा से करीब तिगुनी हो गई है। ज्ञातव्य है कि वर्ष 2013 में बाली में हुए मंत्रिस्तरीय सम्मेलन में सार्वजनिक भंडारण और खाद्य सुरक्षा को लेकर एक पीस क्लॉज पर हस्ताक्षर किए गए थे जिसके तहत अन्न भंडारण कार्यक्रम का स्थायी हल नहीं निकलने तक किसी भी देश के द्वारा अनाज की खरीददारी और उसे कम दाम पर लोगों को देने का विरोध नहीं किया जाएगा। भारत को आशंका है कि खाद्य सुरक्षा कार्यक्रम पर रोक लगाई जाएगी तो इससे देश के करोड़ों लोगों की भूख, करोड़ों किसानों की आजीविका और भारतीय कृषि के भविष्य पर असर पड़ सकता है। इसी कारण भारत खाद्य सब्सिडी की सीमा तय करने का फॉर्मूला बदलने की मांग कर रहा है। निश्चित रूप से इस समय जब भारत 142 करोड़ से अधिक जनसंख्या के साथ दुनिया का सबसे अधिक जनसंख्या वाला देश बन चुका है, देश में अभी भी 15 करोड़ से अधिक लोग गरीबी की रेखा के नीचे हैं और भारत को कुपोषण की समस्या से ग्रसित देश के रूप में रेखांकित किया जा रहा है, तब भारत में खाद्य सुरक्षा, अधिक खाद्यान्न उत्पादन और खाद्यान्न भंडारण की जरूरत बनी हुई है। इस परिप्रेक्ष्य में सरकार के सराहनीय प्रयास दिखाई भी दे रहे हैं। जहां सरकार डब्ल्यूटीओ सहित अन्य वैश्विक मंचों पर किसानों को अधिक समर्थन को न्यायसंगत बताती है, वहीं हाल ही में 24 फरवरी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा लांच की गई दुनिया की सबसे बड़ी अनाज भंडारण योजना के तहत अगले पांच साल में 1.25 लाख करोड़ रुपए की लागत से 700 लाख टन अनाज की भंडारण क्षमता के हजारों गोदाम बनाए जाएंगे। खास बात यह है कि अब कम्प्यूटरीकृत पैक्स को गोदाम तैयार करने, कस्टर हायरिंग सेंटर बनाने, उचित मूल्य की दुकानों की प्रक्रिया में तथा प्रसंस्करण इकाइयां तैयार करने जैसी बहुआयामी भूमिका में शामिल किया गया है। नई खाद्यान्न भंडार योजना वस्तुत: देश में भंडारण के बुनियादी ढांचे की कमी के कारण किसानों को भारी नुकसान उठाना पड़ रहा है। नई विशाल भंडारण क्षमता के बाद किसान अपनी उपज को गोदामों में रखने, इसके बदले संस्थागत ऋण प्राप्त करने और बाजार मूल्य लाभकारी होने पर अपने खाद्यान्न को बेचने में सक्षम होंगे।नई खाद्यान्न भंडार योजना का मकसद देश की खाद्य सुरक्षा को मजबूत करना, भंडारण क्षमता में कमी के कारण किसानों को फसल पैदावार के मौसम में कम मूल्य पर की जाने वाली बिक्री से होने वाले नुकसान से बचाना भी है। इस समय देश का खाद्यान्न उत्पादन लगभग 3200 लाख टन से भी अधिक है, जबकि भंडारण क्षमता कुल उत्पादन का केवल 47 प्रतिशत ही है। ऐसे में निश्चित रूप से तेजी से बढ़ता हुआ खाद्यान्न उत्पादन अब किसानों के परम्परागत खाद्यान्न भंडारों और सरकार की खाद्यान्न संग्रहण क्षमताओं को लांघते हुए चुनौतीपूर्ण बन गया है। इसमें कोई दो मत नहीं हैं कि पिछले एक दशक में सरकार के विभिन्न कृषि योजनाओं के द्वारा छोटे किसानों और कृषि विकास को जिस तरह समर्थन मिला है, उससे कृषि उत्पादन लगातार बढ़ता गया है और खाद्यान्न भंडारण की आवश्यकता बढ़ती गई है। यद्यपि भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा खाद्यान्न उत्पादक देश है, लेकिन खाद्यान्न भंडारण में अभी भी बहुत पीछे है।

## विचार

# भारत अब डेमोक्रेसी नहीं?

वी-डेम के 179 देशों के सूचकांक में भारत को 104वें पायदान पर रखा गया है। संस्था के मुताबिक 2013 के बाद भारत में तानाशाही प्रवृत्ति तेजी से बढ़ी है। वह उन 10 देशों में शामिल हो गया है, जहां ये प्रवृत्ति सबसे तेजी से बढ़ी है। अंतरराष्ट्रीय संस्था- वेराइटी ऑफ डेमोक्रेसीज (वी-डेम) ने दोहराया है कि भारत अब लोकतंत्र नहीं है। उसने भारत को निर्वाचित अधिनायकतंत्र की श्रेणी में 2018 में ही रख दिया था। उसके बाद से वी-डेम के सूचकांक में भारत का दर्जा और गिरा ही है। इस बीच लोकतंत्र की सूरत पर रिपोर्ट तैयार करने वाली अमेरिकी संस्था फ्रीडम हाउस भारत को आजाद देशों की श्रेणी से गिराकर उसे आंशिक आजादी वाले देशों की श्रेणी में रख चुकी है। वी-डेम ने इस वर्ष अपने सूचकांक में 179 देशों को शामिल किया है। उनके बीच भारत को 104वें पायदान पर रखा गया है। संस्था ने कहा है- 2013 के बाद भारत में तानाशाही प्रवृत्ति तेजी से बढ़ी है। इस तरह वह उन देशों में शामिल हो गया है, जहां हाल के समय में तानाशाही सबसे तेजी से बढ़ी है। इस रूप में भारतीय लोकतंत्र उस जगह पहुंच गया है, जहां 1975 में था- यानी जब देश में इमरजेंसी लागू हुई थी। वी-डेम ने कहा है कि इस समय दुनिया में तानाशाही प्रवृत्ति बढ़ने की लहर आई हुई है। यह प्रक्रिया 42 देशों में चल रही है, जहां की कुल आबादी दो अरब 80 करोड़ हैं- यानी जहां दुनिया की कुल आबादी का 35 प्रतिशत हिस्सा रहता है। दुनिया की 18 फीसदी आबादी भारत में है। इस तरह जो आबादी बढ़ रही तानाशाही प्रवृत्ति वाले देशों में है, उनका आधा हिस्सा भारत में मौजूद है। भारत की वर्तमान सरकार ऐसी रिपोर्टों को तव्वजो नहीं देती (या कम-से-कम वह ऐसा करने के संकेत ही देती है)। सार्वजनिक बयानों में वह इन्हें भारत विरोधी सोच से प्रेरित करार देती है। मगर यह बात अवश्य याद रखनी चाहिए कि भारत की पहचान अगर एक लोकतांत्रिक देश की बनी, तो वह उन पैमानों पर बेहतर सूरत की वजह से ही बनी, जिनको लेकर वी-डेम या फ्रीडम हाउस जैसी संस्थाएं सूचकांक बनाती हैं। अब इन कसौटियों पर भारत का दर्जा गिर रहा है, तो इसके लिए उन संस्थाओं की कथित दुर्भावना को कारण मानना अतार्किक होगा। वैसे भी जो बातें वो संस्थाएं कह रही हैं, वैसा ही अनुभव बहुत सारे भारतवासियों का भी है।

# प्रश्नों की उमड़-घुमड़ का अंतर्व्यूह

**पंकज शर्मा**

पिछले हफ़्ते मैंने टीवी बहसों में भाजपा के हर प्रवक्ता से पूछा कि 12 लाख मतदान केंद्रों में से हर एक पर 370 अतिरिक्त वोट का मतलब क्या होता है, इसका हिसाब जानते है? क़रीब 44 करोड़ अतिरिक्त वोट। 2019 के लोकसभा चुनाव में भाजपा को कुल मिला कर तक़रीबन 23 करोड़ वोट मिले थे। उन में 44 करोड़ अतिरिक्त वोट जुड़ने का मतलब है कि 2024 में भाजपा के 67 करोड़ वोट। इसका अर्थ है कुल मतदान के 70 फ़ीसदी वोट भाजपा पाए। पिछले चुनाव में भाजपा को 37.7 प्रतिशत वोट मिले थे। तो क्या 2024 में उस के मतों में 32 फ़ीसदी का इज़ाफ़ा हो जाएगा? यह तो तय है कि 2024 में नरेंद्र भाई मोदी अपनी भारतीय जनता पार्टी को 370 सीटों के आंकड़े पर नहीं पहुंचा पाएंगे। मगर इस से भी बड़ा सवाल यह है कि राहुल गांधी अपनी कांग्रेस को किस आंकड़े तक पहुंचा पाएंगे? ज़मीनी हालात ऐसे लग रहे हैं कि इन गर्मियों में स्पष्ट बहुमत के 272 अंक तक पहुंचने में भाजपा के पसीने छूट जाएंगे। मगर क्या धरती पर वे अंकुर फूट रहे हैं, जो इंडिया समूह को स्पष्ट बहुमत के अंक तक पहुंचा दें? मतदाताओं का बहुमत भले ही 'मोशा-भाजपा' के चंगुल से आज़ाद होने को छटपटा रहा हो, मगर क्या समूचे विपक्ष और ख़ासकर कांग्रेस की सांगठनिक तैयारियों में चुनाव-आरोहण की कोई ताब दिखाई दे रही है? यह तो साफ़ है कि नरेंद्र भाई भीतर-ही-भीतर घबराए हुए हैं। पिछले दो-तीन महीनों से उन की देह-भाषा में विचलन है और वे छद्म साहस ओढ़े हुए दिखाई दे रहे हैं। उन के शब्द-प्रवाह में बिखराव है और इसलिए वे 'मोदी की गारंटी' की तलैया फांद कर 'गारंटी-की-गारंटी' जैसे बेमतलब के समंदरी-आख्यान गढ़ने में लगे हुए हैं। चाहे जिस को अपने नाम पर चुनाव जिता लाने का क़रिश्मा गल कर बह जाने का अहसास उन्हें हो गया है, इसलिए कई मौजूदा सांसदों को इस बार उम्मीदवार बनाने की उन की हिम्मत नहीं पड़ रही है और कइयों को उम्मीदवार नहीं बनाने का हौसला भी वे नहीं जुटा पा रहे हैं। तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने की घनघोर हसरत ने उन की वैचारिक प्रतिबद्धता को ऐसा स्खलित कर दिया है कि वे सब कुछ भूल कर चाहे जिस का आलिंगन करने को अधीर हो गए हैं। चुनाव जीतने की व्याकुलता ने नरेंद्र भाई को इतना अस्थिर-चित्त कर दिया है कि वे अपनी पैदल-सेना पर बिना सोचे-समझे अजीबोग़रीब लक्ष्य लाद रहे हैं। देश भर के हर मतदान केंद्र पर इस बार भाजपा को 370 अतिरिक्त वोट दिलाने का उन का प्रयोजन कितना अव्यावहारिक है, या तो हड़बड़ाहट के दौर ने उन्हें यह सोचने ही नहीं दिया या फिर वे अपने कार्यकर्ताओं के साथ-साथ देश की जनता को भी इतना मूढ़ समझ बैठे कि उन्हें लगा कि सब उन के इस उद्देश्य-आसव का पान आंख मूंद कर लेंगे। हर बूथ पर 370 अतिरिक्त वोट का जुमला नरेंद्र भाई के लिए रायसीना पर्वत के रेतीले हो जाने का सब से बड़ा सबूत है। पिछले हफ़्ते मैं ने टीवी बहसों में भाजपा के हर प्रवक्ता से पूछा कि 12 लाख मतदान केंद्रों में से हर एक पर 370 अतिरिक्त वोट का मतलब होता है क़रीब 44 करोड़ अतिरिक्त वोट। 2019 के लोकसभा चुनाव में भाजपा को कुल मिला कर तक़रीबन 23 करोड़ वोट मिले थे। उन में 44 करोड़ अतिरिक्त वोट जुड़ने का मतलब है कि 2024 में 67 करोड़ वोट। इस बार कुल 96 करोड़ मतदाता होंगे। उन में से 70 प्रतिशत वोट देने गए तो उन की तादाद होगी क़रीब 68 करोड़। तो क्या भाजपा को 68 में से 67 करोड़ वोट मिल जाएंगे? मान लीजिए कि सौ प्रतिशत मतदान हो गया तो भी 67 करोड़ वोट पाने का मतलब होगा कुल मतदान के 70 फ़ीसदी वोट अपनी गठरी में बटोर ले जाना। पिछले चुनाव में भाजपा को 37.7 प्रतिशत वोट मिले थे। तो क्या 2024 में उस के मतों में 32 फ़ीसदी का इज़ाफ़ा हो जाएगा? जवाब में खिसियानी हंसी थी और यह थोथा तर्क कि क्या हम एक बड़ा लक्ष्य तय करने का अधिकार भी नहीं रखते हैं? अब चूंकि नरेंद्र भाई के मुंह से एक बात निकल गई है तो भाजपा का कोई प्रवक्ता आख़िर कैसे हड़बड़ी में हुई हिसाब की इस गड़बड़ी पर कोई टीका करे? सो, अनुचर बिना अक़्ल लगाए नारे लगा रहे हैं कि अब की बार 370 पार, अब की बार 400 पार, अब की बार फिर मोदी सरकार। और-तो-और ख़ुद नरेंद्र भाई भी अपने मुंह से हर जगह यही उद्घोष करते घूम रहे हैं। दूसरों की आंखों में धूल झोंकने के चक्कर में ख़ुद की आंखों में भी धूल झोंकने के उपक्रम की इस बेचारगी पर मैं सहानुभूति-भाव से सराबोर होता जा रहा हूं। पराक्रम और सामर्थ्य के इस्पाती तारों से बुनी बाह्य अचकन के भीतर से झांकती फटी बनियान का कातर-विलाप आप को सुनाई दे रहा हो, न दे रहा हो, मेरे मन में तो यह आवाज़ गहरी हूक पैदा कर रही है। सो, मैं तो पूरी तरह आश्वस्त होता जा रहा हूं कि 2024 में नरेंद्र भाई की हुकूमत उन की मुट्ठी से फिसल रही है। लेकिन बावजूद इस के मैं इस पर आश्वस्त नहीं हो पा रहा हूं कि इंडिया-समूह के पर्वतारोही दनदनाते हुए रायसीना पहाड़ी की तरफ़ कूच कर चुके हैं। वे तो पिछले छह महीनों से बस हौले-हौले रेंगते दिखाई दे रहे हैं। ऐसे में अगर मतदाताओं के मन में परिवर्तन की कोई बलवती इच्छा सुलग भी रही हो तो क्या उसे अखिल भारतीय शक़्ल देना किसी राहुल गांधी, किसी शरद पवार, किसी लालू-तेजस्वी यादव, किसी अखिलेश यादव, किसी अरविंद केजरीवाल, आदि-आदि के लिए मुमकिन है? दक्षिण भारत, बंगाल, बिहार और पंजाब में बिखरे टापुओं पर अगर बदलाव का ध्वज फरफराने भी लगा तो क्या उस से नरेंद्र भाई इतने बेआबरू हो पाएंगे कि अपना झोला उठाएं और महफ़िल छोड़ कर चले जाएं? चलिए, मान लिया कि भाजपा 2019 की अपनी 303 सीटों में 67 की बढ़ोतरी कर उसे 370 पर पहुंचाने की स्थिति में नहीं है, मगर क्या कांग्रेस अपने 52 के आंकड़े को बढ़ा कर तीन अंकों तक पहुंचने की कूवत रखती है? क्या राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी 5 से 25 या 15 पर पहुंच जाएगी? क्या समाजवादी पार्टी 5 से 20-25 पर पहुंच रही है? क्या राष्ट्रीय जनता दल को 25-30 सीटें मिल रही हैं? क्या तृणमूल कांग्रेस 22 के बजाय 32 सीटें अपने पल्लू में बांध कर ले जाएगी? क्या आम आदमी पार्टी 15-20 का आंकड़ा छूती दिखाई दे रही है? क्या द्रमुक की सीटें 24 से बढ़ कर 34 होने वाली हैं? क्या वाम दल दो दर्जन सीटें अपनी मुट्ठी में कर लेंगे?

## भाजपा के इस दांव में खतरे भी

लेकिन क्या भाजपा इस दांव में कामयाब हो पाएगी? कई बार इस तरह के दांव उलटे पड़ते हैं। कई बार कमजोर के प्रति सहानुभूति होती है। बिहार, ओडिशा और उत्तर प्रदेश में तो डबल इंजन की डबल एंटी इन्कम्बैंसी हो सकती है। बिहार में जनता दल यू को साथ लेने के बाद भाजपा का पुरानी और छोटी सहयोगी पार्टियों से तालमेल बिगड़ा है क्योंकि उनको देने के लिए भाजपा के पास सीटें कम हैं। दूसरी ओर विपक्षी गठबंधन की पार्टियों में बेहतर तालमेल बना है। ध्यान रहे पिछली बार किशनगंज सीट पर मुकाबला इस वजह से था कि ओवैसी की पार्टी के उम्मीदवार को करीब तीन लाख वोट मिल गए थे। इस बार ऐसा होने की संभावना बहुत कम है। इसलिए किशनगंज सीट पर कांग्रेस या विपक्षी गठबंधन के उम्मीदवार के जीतने के चांस ज्यादा हैं। इसी तरह सीमांचल की अनेक सीटों पर और पिछली बार कांटे की टक्कर वाली यादव बहुल सीटों पर भी मुकाबला आसान नहीं है।पप्पू यादव के साथ आने से सीमांचल का गणित अलग ढंग से बन रहा है। सीमांचल में पूर्णिया से लेकर अररिया, किशनगंज, सुपौल, मधेपुरा, खगड़िया, कटिहार तक पटना में पाटलिपुत्र और मगध में जहानाबाद जैसी सीटों पर कांटे का मुकाबला है। झारखंड में सिंहभूम सीट पर कोड़ा परिवार की मदद से भाजपा ने अपनी स्थिति मजबूत की है लेकिन यह इस बात की गारंटी नहीं है कि वह पिछली बार की तरह 14 में से 12 सीट जीत जाए। पिछली बार तीन सीटों पर कांटे की टक्कर हुई थी। लोहरदगा में कांग्रेस नौ हजार और खूंटी में डेढ़ हजार वोट से हारी थी। दुमका में शिबू सोरेन भी 30 हजार के करीब वोट से हारे थे। इन सीटों पर इस बार भाजपा के लिए लड़ाई आसान नहीं है। इसके अलावा लहर के बावजूद पिछले दोनों चुनावों में भाजपा राजमहल सीट नहीं जीत पाई। ऐसा लग रहा है कि चार से छह सीटों पर विपक्षी गठबंधन बहुत मजबूत है। शास्त्रीय राजनीति के नजरिए से देखें तो ओडिशा में भाजपा ने वह गलती की है, जो पंजाब में कांग्रेस और आम आदमी पार्टी ने और केरल में कांग्रेस व लेफ्ट मोर्चा ने नहीं की।

# विशेषाधिकार में घूस लेने की छूट नहीं....

**अजीत द्विवेदी**

सुप्रीम कोर्ट की सात जजों की संसदीय पीठ ने ऐतिहासिक फैसला सुनाया है। चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली संविधान पीठ ने बहुत दो टूक अंदाज में कहा है कि सदन के अंदर सांसदों को जो विशेषाधिकार मिले होते हैं उनमें रिश्वत लेने की छूट शामिल नहीं है। अदालत ने कहा कि विशेषाधिकार इसलिए दिया गया है ताकि सांसद किसी भी विषय पर खुल कर अपनी राय रख सकें। बहस और विचार विमर्श में किसी तरह की बाधा नहीं आए, वह बेबाक हो, हर पहलू को समेटे हुए हो इसके लिए विशेषाधिकार का प्रावधान किया गया है। इस टिप्पणी के साथ ही सर्वोच्च अदालत ने 26 साल पहले हुई एक गलती को सुधार दिया। अदालत का यह फैसला दूरगामी असर वाला साबित होगा और इससे संसद के दोनों सदनों के साथ साथ राज्य विधानमंडलों की कार्यवाही को भी स्वच्छ, स्वतंत्र और पारदर्शी बनाने में मदद मिलेगी। अदालत के इस फैसले को समझने के लिए 1993 के जेएमएम रिश्वत कांड और 1998 में आए फैसले के साथ साथ 2012 के मुकदमे के बारे में जानने की जरुरत है। तत्कालीन प्रधानमंत्री पीवी नरसिंह राव की अल्पमत सरकार पर आरोप लगे थे कि उसने 1993 में बहुमत साबित करने के लिए झारखंड मुक्ति मोर्चा के सांसदों को रिश्वत दी थी। पार्टी सुप्रीमो शिबू सोरेन सहित कई सांसद इसमें शामिल पाए गए थे। लेकिन उनके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं हुई थी क्योंकि सुप्रीम कोर्ट की पांच जजों की बेंच ने संविधान के अनुच्छेद 105 (2) और 194 (2) की व्याख्या करते हुए तीन-दो के बहुमत से फैसला सुनाया था कि संसद के अंदर सांसदों को हासिल विशेषाधिकार के तहत इस मामले में सांसदों

पर आपराधिक मुकदमा नहीं चल सकता है। तब से यह स्थिति बनी हुई थी कि विशेषाधिकार के तहत रिश्वत लेना भी शामिल है। यानी कोई सांसद या विधायक अगर रिश्वत लेकर वोट करता है या सवाल पूछता है या बहस में हिस्सा लेता है तो उसके खिलाफ संसद या विधानसभा से बाहर मुकदमा नहीं चल सकता है। इतिहास कैसे त्रासदी के रूप में अपने को दोहराता है वह इस मामले में दिखा, जब 2012 के राज्यसभा चुनाव में शिबू सोरेन की बहू सीता सोरेन के ऊपर रिश्वत लेकर निर्दलीय विधायक को वोट देने का आरोप लगा। जब उनके ऊपर मुकदमा कायम हुआ तो उन्होंने अपने ससुर के मामले में आए 1998 के फैसले का हवाला दिया और अपने लिए मुकदमे से छूट मांगी। इसी मामले में 2014 से नए सिरे से 1998 के फैसले की समीक्षा शुरू हुई। पहले तीन जजों की बेंच ने सुनवाई की। फिर मामला पांच जजों की बेंच के पास गया और अंत में तय हुआ कि जब पहला फैसला पांच जजों की बेंच का है तो उससे बड़ी बेंच को इस पर विचार करना चाहिए ताकि स्पष्टता आ सके। चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता में सात जजों की बेंच ने दो दिन यह मामला सुना और फैसला सुरक्षित रख लिया। अब अदालत ने एक राय से पुराने फैसले को पलट दिया है और कहा है कि घूस लेना विशेषाधिकार नहीं है। अदालत ने कहा है कि घूस लेना अपने आप में एक आपराधिक मामला है। घूस लेने के बाद इस बात का कोई मतलब नहीं रह जाता है कि आपने जिस काम के लिए घूस लिया वह काम किया या नहीं। अगर किसी सांसद ने वोट देने के लिए रिश्वत ली है तो इससे मुकदमे की गुणवत्ता पर कोई फर्क नहीं पड़ेगा कि रिश्वत लेने के बाद उसने वोट दिया या नहीं या रिश्वत देने वाले के हिसाब से उसने संसद में बात की या नहीं। रिश्वत लेते ही अपराध का मामला बन जाता है। सो, सुप्रीम कोर्ट का फैसला बहुत स्पष्ट और दो टूक है। उम्मीद करनी चाहिए कि इससे संसद और राज्यों की विधानसभाओं की कार्यवाही पहले से स्वच्छ होगी और ओवरऑल देश की राजनीति पर इसका सकारात्मक असर होगा। राजनेताओं की साख बेहतर करने में इस फैसले की अहम भूमिका हो सकती है। इस सकारात्मक पहलू के बावजूद जेएमएम की विधायक सीता सोरेन की ओर से सुप्रीम कोर्ट में पैरवी करने वाले वकील राजू रामचंद्रन ने जो दलीलें दीं और जो सवाल उठाए उनकी अनदेखी नहीं की जा सकती है। उन्होंने सांसदों के विशेषाधिकार की मौजूदा व्याख्या को अधूरा और एकपक्षीय बताया। उन्होंने कहा कि सिर्फ रिश्वत लेकर वोट डालने के मामले पर विचार करने की बजाय सांसदों के आचरण, भाषण आदि पहलुओं पर भी विचार करना चाहिए। असल में अदालत के सामने मौका था कि वह अनुच्छेद 105 और अनुच्छेद 194 की व्यापक व्याख्या करती और घूस के साथ साथ दूसरे पहलुओं को भी शामिल करती। इसमें कोई संदेह नहीं है कि संसदीय विशेषाधिकार के तहत घूस लेने का अधिकार नहीं आता है। लेकिन क्या किसी सदन के अंदर किसी साथी सांसद को अपशब्द कहना या उसकी जाति या समुदाय को निशाना बना कर टिप्पणी करना संसदीय विशेषाधिकार के दायरे में आएगा? गौरतलब है कि संसद की नई इमारत में आयोजित पहले सत्र में भाजपा के सांसद रमेश विधूड़ी ने बहुजन समाज पार्टी के सांसद दानिश अली को अपशब्द कहे थे। उनके मामले में लोकसभा के स्पीकर को फैसला करने वाला अंतिम प्राधिकर माना गया। तभी सवाल है कि क्या उस मामले में भी आपराधिक मुकदमा नहीं कायम होना चाहिए था? और अगर अभद्र या असंसदीय टिप्पणी करने पर कार्रवाई का अधिकार सदन के पीठासीन पदाधिकारी को है तो घूस के मामले में भी कार्रवाई का अधिकार उसी को क्यों नहीं होना चाहिए?

## संक्षिप्त समाचार

### सम्बलपुर एवं पुणे के मध्य तीन फेरे के लिए होली स्पेशल ट्रेन की सुविधा

**रायपुर ( विश्व परिवार )।** रेलवे द्वारा होली के अवसर पर सम्बलपुर-पुणे के मध्य गाड़ियों में होने वाली भीड़ को ध्यान में रखते हुए एक होली स्पेशल सुपर फास्ट ट्रेन सम्बलपुर-पुणे-सम्बलपुर के मध्य तीन फेरे के लिये चलाई जायेगी एवं यह गाड़ी सम्बलपुर से 08327 नंम्बर के साथ तथा पुणे से 08328 नम्बर के साथ चलेगी। 08327 सम्बलपुर-पुणे होली स्पेशल सम्बलपुर से दिनांक 17, 24 एवं 31 मार्च, 2024 तथा 08328 पुणे-सम्बलपुर होली स्पेशल पुणे से दिनांक 19 एवं 26 मार्च तथा 02 अप्रैल, 2024 को छुटेगी। इस स्पेशल ट्रेन में 2 एस.एल.आर/एसएलआरडी, 06 सामान्य, 09, स्लीपर, 04 एसी-III, 01 एसी-II सहित कुल 22 कोच रहेगी। इस गाड़ी की विस्तृत समय-सारणी निम्नानुसार है-

| 08327 सम्बलपुर-पुणे होली स्पेशल | | स्टेशन | 08328 पुणे-सम्बलपुर होली स्पेशल | |
|---|---|---|---|---|
| पहुँच | छुट | | पहुँच | छुट |
| --- | 22.00 | सम्बलपुर | 13.30 | --- |
| 22.35 | 23.37 | बारगढ़ रोड | 12.45 | 12.47 |
| 23.35 | 23.40 | बालनगीर | 11.47 | 11.52 |
| 00.35 | 00.55 | टिटलागढ़ | 10.35 | 10.55 |
| 01.35 | 01.45 | कांटाबांजी | 09.50 | 10.00 |
| 02.35 | 02.37 | खरीरियार रोड | 08.50 | 08.52 |
| 03.45 | 03.47 | महासमुंद | 08.00 | 08.02 |
| 04.40 | | लाखोली | 07.55 | |
| 05.35 | 05.45 | रायपुर | 07.00 | 07.10 |
| 06.35 | 06.40 | दुर्ग | 06.10 | 06.15 |
| 06.59 | 07.01 | राजनांदगाँव | 05.27 | 05.29 |
| 08.43 | 08.45 | गोंदिया | 04.04 | 04.06 |
| 10.50 | 10.55 | नागपुर | 01.45 | 01.50 |
| 11.58 | 12.00 | वर्धा | 00.03 | 00.05 |
| 13.42 | 13.45 | बड़नेरा | 22.22 | 22.25 |
| 14.42 | 14.45 | अकोला | 20.37 | 20.40 |
| 16.45 | 16.50 | भुसावल | 18.15 | 18.20 |
| 19.05 | 19.10 | मनमांड | 15.50 | 15.55 |
| 20.00 | | अंकाई | 15.30 | |
| 20.15 | 20.17 | कोपरगाँव | 14.15 | 14.17 |
| 23.03 | 23.05 | अहमदनगर | 12.05 | |
| 18.30 | --- | पुणे | ---- | 19.00 |

### अमृतसर-कोरबा छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस का आगरा एवं वीरांगना लक्ष्मीबाई रेल मण्डल के अंतर्गत 12 रेलवे स्टेशनों की समय सारणी में आंशिक परिवर्तन

**रायपुर ( विश्व परिवार )।** रेलवे प्रशासन द्वारा रेल यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए 18238 कोरबा-अमृतसर-कोरबा छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस का उत्तर मध्य रेलवे के वीरांगना लक्ष्मीबाई (झाँसी) एवं आगरा रेल मण्डल के अंतर्गत 12 रेलवे स्टेशनों की समय सारणी में आंशिक परिवर्तन किया जा रहा है। उत्तर मध्य रेलवे के वीरांगना लक्ष्मीबाई (झाँसी) एवं आगरा रेल मण्डल के अंतर्गत 12 रेलवे स्टेशनों में गाड़ी संख्या 18237 कोरबा-अमृतसर छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस की समय सारणी में आंशिक परिवर्तन किया जा रहा है। नयी समय सारणी की जानकारी इस प्रकार है-

| गाड़ी संख्या | रेलवे स्टेशन | पहुच | छुट |
|---|---|---|---|
| 18237 कोरबा-अमृतसर छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस | आगरा | 08.40 | 08.45 |
| | धौलपुर जंक्शन | 09.58 | 10.00 |
| | मुरेना | 10.21 | 10.23 |
| | ग्वालियर | 10.52 | 10.54 |
| | डबरा | 11.28 | 11.30 |
| | दतिया | 12.22 | 12.24 |
| | वीरांगना लक्ष्मीबाई | 13.20 | 13.28 |
| | बबीना | 13.51 | 13.53 |
| | बमई, | 14.04 | 14.05 |
| | तालबेहट | 14.17 | 14.19 |
| | ललितपुर | 14.46 | 14.48 |
| | धौरा | 15.08 | 15.10 |

# कुसुम बाई चौधरी ने उत्कृष्ट साधना करते हुए अतिशय क्षेत्र कुंडलपुर में नश्वर देह का किया त्याग

**आठ दिनों से चारों प्रकार के आहार का त्याग कर रखा था, चतुर्विध संघ का मिला मंगल सानिध्य**

**नवापारा राजिम ( विश्व परिवार )।** नगर के दिगंबर जैन समाज के प्रतिष्ठित चौधरी ज्ञानचंद कचराबाई के परिवार की बड़ी बहू सुश्राविका कुसुम बाई चौधरी (73) धर्मपत्नी चौधरी निर्मल जैन ने अपने जीवन काल में दो प्रतिमा का व्रत धारण किया था। अत्यंत ही धार्मिक प्रवृत्ति, सहज, सरल स्वभाव की कुसुम बाई ने व्रतों का निष्ठा पूर्वक पालन करते हुए धर्म की राह में चलते हुए पिछले आठ दिनों से चारों प्रकार के आहार का त्याग करते हुए बड़े बाबा के पाद मूल में चतुर्विध संघ के मंगल सानिध्य में मध्यप्रदेश के दमोह जिले में स्थित विश्व प्रसिद्ध अतिशय क्षेत्र कुंडलपुर में 12 मार्च 2024 को सुबह 8.45 बजे अपने नश्वर शरीर का त्याग कर अपना जीवन सफल कर लिया। विभिन्न धार्मिक आयोजन में बढ़ चढ़कर भाग लेना इनके दैनिक क्रिया में शामिल था। इस दौरान उनके सभी परिजन वहां मौजूद थे।

**कब कब लिया प्रतिमा का व्रत :** पहली प्रतिमा संत शिरोमणि आचार्य श्री विद्यासागर से चंद्रगिरी डोंगरगढ़ में सन 2013 में ग्रहण की थी। दूसरी प्रतिमा चर्या शिरोमणि आचार्य विशुद्ध सागर जी महाराज से 2016 में वैशालीनगर भिलाई चातुर्मास के दौरान ली थी।

**सास ने भी किया था समाधिमारण :** कुसुम बाई की सास कचरा बाई भी अत्यंत धार्मिक प्रवृत्ति की थी। गृहस्थ में रहते हुए भी त्यागियों सा जीवन जिया। उन्होंने सात प्रतिमा के व्रत धारण कर समाधि मरण किया था। उनकी सल्लेखना कराने के लिए बुंदेलखंड के प्रथम आचार्य गणाचार्य विराग सागर महाराज ससंघ राजिम पधारे थे। जो उस समय भिलाई में विराजित थे। विराग सागर ने उन्हें 27 जनवरी 2004 को क्षुल्लिका दीक्षा दी। तीन दिन तक आहार लेने के बाद आचार्य श्री से व्रत बढ़ाने की याचना की जिसे स्वीकार कर उन्हे आर्यिका दीक्षा प्रदान कर चारों प्रकार के आहार का त्याग कराया। समता पूर्वक नियमों का पालन करते हुए 4 फरवरी 2004 को सायं 4 बजे नश्वर शरीर का त्याग कर दिया। अगले दिन भव्य डोला निकालकर उत्सव मनाते हुए अंतिम संस्कार राजिम रोड स्थित नसिया जी में किया गया।

**कुंडलपुर में होना है समय सागर जी का आचार्य पदारोहण :** संत शिरोमणि आचार्य विद्यासागर जी महाराज ने छत्तीसगढ़ के डोंगरगढ़ के चंद्रगिरी में शनिवार 17 फरवरी को देर रात 2.35 बजे अंतिम श्वांस ली। अपना आचार्य पद अपने प्रथम शिष्य समय सागर को दिया है। समय सागर जी महाराज का आचार्य पदारोहण इसी अतिशय क्षेत्र में आगामी माह में संभावित है। इसी परिप्रेक्ष्य में विद्यासागर जी से दीक्षित सभी शिष्यों का कुंडलपुर की ओर विहार चल रहा है।

**कई संघों के साधुओं का मिला मंगल सानिध्य :** कुसुम बाई ने बगैर शिथिलाचार के बड़ी दृढ़ता से अपने व्रतों का पालन किया इसलिए उन्हें बड़े बाबा का दरबार और संतों का सानिध्य मिला। जबलपुर हाईवे में पुनीत मति माताजी, विशिष्ट श्री माताजी ससंघ का, कुंडलपुर में विशद सागर महाराज, विराट सागर जी महाराज ससंघ (5 पिछी), सन्मति सागर जी महाराज की शिष्या सृष्टि भूषण माताजी, विश्वयश श्री माताजी। प्रमुख रूप से विशद सागर जी महाराज, ब्रह्मचारी संजीव भैया, अरुण भैया ने क्षपक की समता पूर्वक समाधि कराई।

**छोड़ गई भरा पूरा परिवार :** तीन भाइयों चौधरी निर्मल कुमार - कुसुम बाई, अभय कुमार - कामिनी चौधरी, राकेश कुमार - सुषमा चौधरी, पुत्र-पुत्रवधू, अजय - प्रीति, सौरभ - अनुभा, समीर - मनीषा सहित दो पोते, चार पोतियों से भरा पूरा परिवार छोड़ गई। **-संजय राजू जैन**

# गौमाता को राष्ट्रमाता घोषित कराने हेतु शंकराचार्यों द्वारा प्रेरित आंदोलन में सिन्धी समाज भी हुआ शामिल

**रायपुर ( विश्व परिवार )।** देश के पूज्यपाद चारों शंकराचार्यों द्वारा गौमाता को राष्ट्रमाता घोषित कराने एवं गोहत्या बंद करवाने हेतु प्रेरित आंदोलन में शामिल होते हुए पूज्य राजेन्द्रनगर, अमलीडीह एवं महावीरनगर (राम) सिंधी पंचायत द्वारा भगवान झूलेलाल की 56 फुट ऊंची प्रतिमा के तले 10 मार्च को गोष्ठी एवं 11 मार्च को विशाल धर्मसभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन स्थानीय मसन्द सेवाश्रम के पीठाधीश साईं जलकुमार मसन्द साहिब के आव्हान पर किया गया। पूज्यपाद साईं मसन्द साहिब करीब 12 वर्षों से देश के पूज्यपाद शंकराचार्यों एवं सैकड़ों अन्य बड़े संतों के सहयोग से देश में सनातन वैदिक सिद्धांतों के आधार पर धर्म का शासन स्थापित कर भारत को पुन: विश्वगुरु बनाने का अभियान चला रहे हैं।

गोष्ठी में पूज्य पंचायत के अध्यक्ष मुखी गिरीश लहेजा ने बताया कि वे करीब 22 वर्षों से बजरंग दल से जुड़े हुए हैं और पिछले 15 वर्षों से बजरंग दल के गौरक्षा प्रमुख का दायित्व निभा रहे हैं। उनकी टीम ने अब तक गोहत्या हेतु परिवहन की जाने वाली करीब साढे तीन हजार ट्रकों को जप्त करवाने में सफलता प्राप्त की है। गोष्ठी में पूज्य पंचायत के संरक्षक श्रवणकुमार बुधवाणी, महासचिव राजकुमार मंजर एवं अन्य पदाधिकारियों सुरेश दासवाणी, राजकुमार पंजवाणी आदि ने भी विचार व्यक्त किये। पूज्य छत्तीसगढ़ सिन्धी पंचायत के कार्यकारी अध्यक्ष महेश रोहरा और युवा भाजपा नेता मनीष पंजवाणी ने साईं मसन्द से इस आंदोलन को छत्तीसगढ़ के अन्य इलाकों में भी फैलाने में सक्रिय योगदान करने की बात कही।

गोष्ठी के प्रारंभ में मुख्य अतिथि साईं मसन्द साहिब ने पूज्यपाद शंकराचार्य द्वय स्वामी सदानंद सरस्वती एवं स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती जी महाराज द्वारा प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी को गौमाता को राष्ट्रमाता घोषित कर सम्पूर्ण भारत में गोहत्या समाप्त करने के विषय में लिखे पत्रों को पढ़कर सुनाया। अगले दिन चन्द्रदिवस के उपलक्ष्य में 11 मार्च को आयोजित विशाल धर्मसभा में पूज्य छत्तीसगढ़ सिन्धी पंचायत के नवनिर्वाचित अध्यक्ष श्री महेश दरयाणी अपने समस्त पदाधिकारियों के साथ विशेष आमंत्रित रहे। इस अवसर पर इन सभी पदाधिकारियों के साथ-साथ कार्यक्रम में बड़ी संख्या में शामिल महिला व पुरूष समाज सेवकों ने भी अपनी सफलता के लिए संत साईं मसन्द साहिब से आशीर्वाद प्राप्त किया। **-मयंक मसन्द**

**नसियां जी दादाबाड़ी में अत्याधुनिक और वातानुकूलित भोजनशाला का भव्य उद्घाटन**

# शिष्य बनाओ जानकर, शिष्य भी दुष्ट नहीं होना चाहिए : मुनिश्री आदित्य सागर जी महाराज

**कोटा/राजस्थान ( विश्व परिवार )।** श्री आदिनाथ दिगम्बर जैन त्रिकाल चौबीसी पुण्योदय क्षेत्र नसियां जी दादाबाड़ी में लाखो की लागत से निर्मित अत्याधुनिक और वातानुकूलित भोजनशाला का भव्य उद्घाटन आदित्यसागर जी महाराज के कर कमलों से हुआ। मंदिर के अध्यक्ष जम्बू जैन सर्राफ ने बताया कि इस अवसर पर भोजनशाला के मुख्य उद्घाटनकर्ता राजेंद्र जैन हुकम जैन काका हरसौरा परिवार, महावीर मित्तल, विवेक ठौरा परिवार रहे। महाराज श्री के मंत्रोच्चार के बाद फीता खोलकर भोजनशाला का उद्घाटन किया गया। उसके बाद भोजनशाला में महाराजश्री की मौजूदगी में भगवान आदिनाथ के चित्र के समक्ष बाल ब्रह्मचारिणी आशा दीदी द्वारा दीप प्रज्जवलन कर उसका विधिवत शुभारंभ किया गया।

इस अवसर पर मंदिर के निदेशक व मुख्य उद्घाटनकर्ता हुकम जैन काका ने कहा कि इस अत्याधुनिक भोजनशाला में मुख्य योगदान इंटिरियर डिजाइन आर्किटेक्ट अनुश्री जैन व बालिका छात्रावास की अध्यक्ष अर्चना रानी सर्राफ का रहा, जिन्होंने मेहनत और लगन से अपना कीमती समय देकर इसके निर्माण को भव्य बनाया। उन्होंने कहा कि नसियां जी जैन मंदिर में भव्य एवं अत्याधुनिक भोजनशाला का निर्माण जैन समाजबंधुओं के लिए सुविधाजनक दृष्टिकोण से किया गया है, जहां एकसाथ 60 लोग बैठकर भोजन कर सकेंगे। हुकम काका ने कहा कि देशभर के कोने-कोने से आने वाले यात्रियों की सुविधा के लिए पुण्योदय अतिशय क्षेत्र कमेटी के द्वारा बहुत ही सुंदर सर्वसुविधायुक्त, हाईजेनिक, वातानुकूलित भोजनशाला का निर्माण किया गया है, जिसका शुभारंभ आज पूज्य आदित्य सागर जी महाराज के सानिध्य में किया गया। हुकम काका ने कहा कि मुनि पुंगव सुधासागर जी महाराज आर्शीवाद और प्रेरणा से इस क्षेत्र के सभी विकास कार्य चल रहे हैं। महाराज श्री का क्षेत्र कमेटी को आर्शीवाद और निर्देश हैं बढ़िया से बढ़िया उच्च क्वालिटी का निर्माण कराएं और आने वाले यात्रियों की सुविधा का विशेष ध्यान रखा जाए। मंदिर के अध्यक्ष जम्बू जैन सर्राफ ने कहा कि नई भोजनशाला में भोजन की गुणवत्ता और शुद्धता का भी विशेष ध्यान रखा जाएगा, ताकि आने वाले यात्रियों समाज बंधुओ को इसका लाभ मिले। व समस्त हाडोती की महिला मंडलों व सामाजिक संगठनों व धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन के पश्चात भोजन का लाभ यही ले सके संपूर्ण हाडोती में यह अपनी तरह की पहली भोजनशाला होगी। **-अभिषेक जैन लुहाड़िया**

# रामगंजमंडी सकल दिगंबर जैन समाज ने स्वस्तिभूषण माता जी को रामगंजमंडी आगमन हेतु निवेदन किया

**रामगंजमंडी ( विश्व परिवार )।** परम पूज्या भारत गौरव गणिनी आर्यिका 105 स्वस्तिभूषण माताजी को रामगंज मंडी दिगंबर जैन समाज ने बपावर पहुंचकर पूज्य गुरु मां को रामगंज मंडी आगमन हेतु निवेदन किया एवं श्रीफल समर्पित किया। इस अवसर पर पूज्य माताजी ने कविता के माध्यम से स्कूली बच्चों को भी संबोधित किया और बच्चों को गुस्सा नहीं करने की सीख दी एवं स्कूल की प्रधानाचार्य महोदय को भी पुस्तके प्रदान की रामगंज मंडी के समाज बंधुओ को माताजी ने दोनों हाथों से आशीर्वाद प्रदान किया। पूज्य माताजी ने रामगंज मंडी के निवेदन को बड़े ही भक्ति भाव पूज्य माताजी ने रामगंजमंडी के निवेदन पर मधुर मुस्कान के साथ मंगल आशीर्वाद प्रदान किया। रामगंजमंडी समाज की ओर से दिलीप विनायका, कमल लुहाड़िया, रमेश चंद विनायका, प्रदीप सोनी, सुरेश कुमार जैन बाबरिया, राजकुमार गंगवाल, संजय काला, सुरेंद्र जैन टोंग्या, अभिषेक जैन लुहाड़िया, यशवंत शाह, राजीव बाकलीवाल ने श्रीफल भेट कर निवेदन किया। इस अवसर पर माताजी ने रामगंज मंडी का बड़ा ही महत्व है उस पर बोलते हुए रामगंज मंडी का बड़ा ही महत्व है बताते हुए कहा कि झूठ बोलने में पाखंडी का और भक्ति में रामगंज मंडी का बड़ा ही महत्व है। और बोलते हुए कहा किसान में हल का समय में पलका, और स्कूल में प्रिंसिपल का बड़ा ही महत्व है। **-अभिषेक जैन लुहाड़िया**

# चुनाव प्रचार के लिए छापे गये पाम्पलेट-पोस्टरों की जानकारी 72 घंटे के भीतर जिला निर्वाचन अधिकारी को देंगे मुद्रक

**पोस्टर-पाम्पलेट में प्रकाशक-मुद्रक का नाम और संख्या नहीं छापने पर होगी कार्यवाही**

**रायपुर ( विश्व परिवार )।** आगामी लोकसभा निर्वाचन-2024 की तैयारियों के संबंध में आज कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह के निर्देश पर जिले के विभिन्न प्रिंटरों और प्रकाशकों के साथ महत्वपूर्ण बैठक की गई। रेडक्रॉस सभाकक्ष में आयोजित इस बैठक में उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री उमाशंकर बन्दे और मास्टर ट्रेनरों ने प्रिंटरों और मुद्रकों को लोकसभा निर्वाचन के दौरान छापी जाने वाली राजनैतिक प्रचार-प्रसार सामग्रियों के बारे में निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों की विस्तृत जानकारी दी। श्री बन्दे ने बैठक में कहा कि विधानसभा निर्वाचन के लिए आदर्श आचार संहिता प्रभावशील होते ही सभी प्रिंटरों-मुद्रकों और प्रकाशकों को लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम में निहित प्रावधानों और दिशा-निर्देशों का पालन करना बंधनकारी होगा।

उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि मुद्रकों की यह जिम्मेदारी होगी कि वह निर्वाचन के दौरान प्रचार के लिए छापी गई सामग्री की तीन प्रतियां और प्रकाशक की घोषणा जिला निर्वाचन कार्यालय में छपाई के 72 घंटे या तीन दिन के भीतर जमा करायें। उन्होंने कहा कि मुद्रित की गई सामग्रियों पर मुद्रक एवं प्रकाशक का नाम तथा मुद्रित संख्या अंकित करना अनिवार्य होगा। उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि विधानसभा निर्वाचन के लिए प्रचार-प्रसार की सामग्री में मुद्रित किये जाने वाला मैटर आदर्श आचार संहिता के दायरे में रहेगा।

बैठक में मास्टर ट्रेनर्स ने बताया कि किसी भी प्रकार की प्रचार सामग्री जैसे हैंडबिल, पम्पलेट, पोस्टर, बैनर, फ्लैक्स आदि को छापने के लिए संबंधित व्यक्ति द्वारा मुद्रक को घोषणा पत्र भरकर ही आर्डर दिया जायेगा। मास्टर ट्रेनर ने मुद्रकों सलाह दी है कि बिना घोषणा पत्र वाले प्रिंटिंग आर्डर वे ना लें। बैठक में आगे बताया गया कि प्राचार सामग्री छापने के 72 घंटे के अंदर मुद्रित सामग्री के तीन सेट और प्रकाशक की घोषणा को जिला निर्वाचन कार्यालय में प्रस्तुत करने की जिम्मेदारी मुद्रकों की होगी। इस दौरान लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 127 क के प्रावधानों का उल्लंघन पाये जाने पर दंडात्मक कार्यवाही भी की जायेगी। इस अधिनियम का उल्लंघन करने पर छ: महिने का कारावास और दो हजार रूपये जुर्माना या दोनों भी किया जा सकता है।

# चेंबर प्रतिनिधिमंडल ने आईएएस रजत बंसल से मिलकर वित्त मंत्री ओ.पी. चौधरी के नाम का सौंपा ज्ञापन

**छत्तीसगढ़ बकाया कर, ब्याज एवं शास्ति के निपटान अधिनियम, 2023 (सरल समाधान योजना) की अवधि 30.06.2024 तक बढ़ाया जाए : अमर पारवानी**

**रायपुर ( विश्व परिवार )।** छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी, महामंत्री अजय भसीन, कोषाध्यक्ष उत्तमचंद गोलछा, कार्यकारी अध्यक्ष राजेन्द्र जग्गी, विक्रम सिंहदेव, राम मंधान, मनमोहन अग्रवाल ने बताया कि आज चेम्बर प्रदेश अध्यक्ष श्री अमर पारवानी के नेतृत्व में चेम्बर का प्रतिनिधि मंडल माननीय श्री रजत बंसल जी (आई.ए.एस.), राज्य जीएसटी आयुक्त से मिलकर माननीय श्री ओ.पी. चैधरी जी, वित्त, वाणिज्यिक कर मंत्री, छत्तीसगढ़ शासन के नाम का ज्ञापन सौंपते हुए छत्तीसगढ़ बकाया कर, ब्याज एवं शास्ति के निपटान अधिनियम, 2023 (सरल समाधान योजना) की तिथि को 30.06.2024 तक बढ़ाने का अनुरोध किया।

चेम्बर प्रदेश अध्यक्ष श्री अमर पारवानी ने पत्र के माध्यम से बताया कि बकाया कर, ब्याज एवं शास्ति के निपटान अधिनियम, 2023 (सरल समाधान योजना) के अतंर्गत बकाया कर, ब्याज एवं शास्ति की निपटान हेतु अधिसूचना दिनांक 15.09.2023 की जारी किया गया है जिसकी अंतिम तिथि 31.03.2024 को है।

श्री पारवानी ने पत्र के माध्यम से माननीय वित्त, वाणिज्यिक कर मंत्री महोदय से अनुरोध किया है कि उक्त योजना में लगभग 8000 से 9000 प्रकरण शामिल हो गये हैं एवं हजारों प्रकरण अभी भी शामिल होने शेष है। मार्च माह में अत्यधिक अवकाश होने के कारण उक्त योजना में व्यवसायी भाग नही ले पा रहे हैं। अत: छत्तीसगढ़ बकाया कर, ब्याज एवं शास्ति के निपटान अधिनियम, 2023 (सरल समाधान योजना) की तिथि को 30.06.2024 तक बढ़ाया जावे ताकि अधिक से अधिक व्यवसायी इस योजना का लाभ ले सकें।

इस अवसर पर चेम्बर प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी, प्रदेश प्रभारी आई.टी. सेल कैलाश खेमानी एवं टेक्नीकल टीम के सदस्य सी.ए. मुकेश मोटवानी प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

**उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने शासन की योजनाओं का लाभ लोगों तक प्राथमिकता से पहुंचाने दिए निर्देश**

**रायपुर ( विश्व परिवार )।** उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने आज बेमेतरा कलेक्टोरेट में अधिकारियों की बैठक लेकर सरकार की योजनाओं का लाभ लोगों तक प्राथमिकता से पहुंचाने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी अधिकारियों को नई ऊर्जा और उत्साह के साथ काम करते हुए अपने कर्तव्यों का जिम्मेदारीपूर्वक निर्वहन करने को कहा। खाद्य मंत्री श्री दयालदास बघेल, विधायक श्री दीपेश साहू और श्री ईश्वर साहू भी बैठक में शामिल हुए। उप मुख्यमंत्री ने बैठक में कहा कि बदलते समय के अनुरूप जिले में विकास कार्यों को गति देने के लिए सभी अधिकारी नई सोच के साथ काम करें। कार्य को पूर्ण करने के लिए विस्तृत कार्ययोजना तैयार कर दक्षता के साथ टीम के रूप में कार्य करें। उन्होंने अधिकारियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि आप सभी अपने कर्तव्यों का इस प्रकार निर्वहन करें कि आपके कार्यों से आपकी पहचान और प्रतिष्ठा बढ़े।

# ऊर्जा क्लब गठन और ऊर्जा संरक्षण कार्यक्रम

**रायपुर ( विश्व परिवार )।** MATS स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग एंड इंफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी, मैट्स विश्वविद्यालय, CREDA रायपुर के सहयोग से पर्यावरण के लिए योग्य अभिगम और नवाचार को बढ़ावा देने के लिए ऊर्जा क्लब की स्थापना की गई है। पर्यावरण के लिए ऊर्जा संरक्षण, नवीनीकरण स्रोतों, और सतत प्रौद्योगिकियों के बारे में संयुक्त योगदान करने वाले छात्रों और पेशेवरों की एक समुदाय को बढ़ावा देने के लिए यह क्लब समर्पित है। ऊर्जा क्लब का उद्देश्य ऊर्जा क्षेत्र में रुचि रखने वाले व्यक्तियों के बीच शिक्षा, नेटवर्किंग, और सहयोग के लिए एक मंच बनाना है। एक श्रृंखला के माध्यम से कार्यशालाएँ, सेमिनार, और आयोजनों के जरिए, सदस्यों को ऊर्जा क्षमता और सततता के क्षेत्र में नवीनतम प्रवृत्तियों और विकास की खोज करने का अवसर मिलेगा।

हम सतत प्रयास और नवाचार को बढ़ावा देने के रूप में ऊर्जा क्लब का शुभारंभ करने के लिए उत्सुक हैं, इस पर श्री गजराज पगारिया जी, माननीय चांसलर ने कहा। उन्होंने और भी जोड़ा हमारा लक्ष्य छात्रों और पेशेवरों को उद्योग के विशेषज्ञों के साथ संवाद करने, विचारों का साझा करने, और हरित भविष्य की ओर साथ में काम करने का मंच प्रदान करना है। इसे हमारे प्रख्यात मेहमान ड्रूस श्री राजेश सिंह राणा और CREDA के डॉ प्रियंका पचौरी ने और भी सहायता दी कि ऊर्जा क्लब नवीनीकरण समूह केंद्रित करेगा, जिसमें नवीनीकरणीय ऊर्जा प्रौद्योगिकियों, ऊर्जा नीति और विनियमन, और सतत इमारती अभ्यासों जैसे विषयों पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा। सदस्यों को मेहमान व्याख्यान, स्थल यात्राएँ, और इस क्षेत्र के पेशेवरों के साथ नेटवर्किंग के अवसरों जैसी संसाधनों की पहुँच होगी।

इस अवसर पर विभिन्न आंतरिक प्रतियोगिताएँ आयोजित की गईं, जिसमें छात्रों ने उत्साह और उत्साह से भाग लिया, और उनकी शानदार योग्यता का प्रदर्शन किया। इस कार्यक्रम को संयोजित करने वाले डॉ निशि कांत धापेकर और डॉ अनीश सोमवंशी, साथ ही अन्य संकाय और छात्र स्वयंसेवकों ने सहायता की। प्रतिभागिता और प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान प्रमाणपत्र भी इस कार्यक्रम के लिए वितरित किए गए, जिसके बाद पुरस्कार समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। डॉ गुलशन सोनी ने धन्यवाद की बात की और इसको विशेष महत्व दिया कि हम यकीन रखते हैं कि ऊर्जा संरक्षण के बारे में उत्साही व्यक्तियों को एकत्रित करके, हम अपने समुदाय और उसके बाहर असली फर्क पैदा कर सकते हैं। हम सभी ऊर्जा सततता में रुचि रखने वाले छात्रों और पेशेवरों को इस रोमांचक यात्रा में हमारे साथ शामिल होने के लिए आमंत्रित करते हैं।

श्री प्रियेश पगारिया, संचालक महाविद्यालय, मैट्स विश्वविद्यालय ने इस घटना के लिए शुभकामनाएँ दीं और सभी छात्रों को इस प्रकार के कार्यक्रम में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया। श्री गोकुलानंद पंडाजी, रजिस्ट्रार, मैट्स विश्वविद्यालय ने छात्रों, और कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए ऊर्जा क्लब गठन के आयोजकों को बधाई दी।

www.dainikvishwapariwar.com
vishwapariwarraipur@gmail.com

दैनिक
# विश्व परिवार

बस्तर संभाग

रायपुर गुरूवार 14 मार्च 2024



## संक्षिप्त समाचार

### गरीब महिला के घर पर दबंग पड़ोसी ने चलाया बुलडोजर

**बिलासपुर(विश्व परिवार)।** बिलासपुर में एक दबंग पड़ोसी ने गरीब महिला से विवाद के बाद उसका मकान बुलडोजर चलवा कर ढहा दिया। विरोध करने पर महिलाओं के साथ जमकर मारपीट भी की गई, जिस महिला का घर तोड़ा गया वह बीच सड़क में रह-रहकर रोने लगी। दोनों पक्षों के विवाद में 8 लोग घायल हो गए। दयालबंद सोनकर मोहल्ले में रविवार की घटना से नाराज लोगों ने चक्काजाम कर दिया। वहीं पुलिस राजस्व का मामला बताकर तमाशा देखती रही। साधना रजक रोजी-मजदूरी करती हैं। उनके पड़ोसी गिरधारी गोरख से जमीन को लेकर विवाद चल रहा है। कल शाम करीब पांच बजे गिरधारी गोरख और उसके लोग बुलडोजर लेकर पहुंच गए। यहां उन्होंने महिला के मकान को बुलडोजर से ढहा दिया। मना करने पर विवाद करते हुए गाली-गलौज कर उनकी पिटाई भी कर दी।

### मवेशियों से भरा ट्रक पकड़ाया

**राजनांदगांव(विश्व परिवार)।** जिले की गैंदाटोला पुलिस को मवेशियों से भरे एक ट्रक को पकड़ने मे सफलता मिली है। ट्रक में 29 मवेशियों को भरकर बुचड खाना ले जाया जा रहा था। वहीं वाहन चालक मवेशी भरे वाहन को छोड़कर अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गया। जिसकी तलाश की जा रही है। मिली जानकारी के अनुसार मंगलवार को रात्रि में डोंगरगांव थाना क्षेत्र की ओर से थाना गैंदाटोला क्षेत्र होते महाराष्ट्र सीमा पार करने जा रही ट्रक 06 चक्का अशोक लिलैंड को गौरक्षा दल के द्वारा रोकने के लिए पीछा किया कजा रहा था। इस दौरान मवेशी तस्कर मवेशी भरे वाहन को थाना गैंदाटोला के ग्राम सागर के पास रोड में रोक कर मौके पर छोड़ कर अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गया। जिसके बाद छत्तीसगढ गौरक्षा दल अध्यक्ष मनोज जंघेल द्वारा इसकी सूचना थाने में दी गई। जिसपर मौके पर पहुंचकर गैंदाटोला पुलिस ने वाहन को जब्त किया तथा मवेशियों को वाहन से उतरवाकर उनका रेस्क्यू किया गया। साथ ही फरार वाहन चालक के खिलाफ अपराध धारा 4 ,6,10 क्ष.ग. कृ. प.परि.अधिनियम 11 पशु क्रूरता अधिनियम का अपराध कायम कर विवेचना मे लिया गया है तथा फरार आरोपी तथा पशु तस्करी के अपराध में सलिप्त अन्य व्यक्तियों की जानकारी एकत्रित की जा रही है।

### डेम के बाहर घूम रहे मगरमच्छ को वन विभाग की टीम ने रेस्क्यू कर डेम में छोड़ा

**कोरबा(विश्व परिवार)।** जिले के पाली विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत सिल्ली के आश्रित ग्राम शिवपुर में कुम्हीपानी डेम के बाहर विचरण कर रहे एक मगरमच्छ को वन विभाग की टीम ने रेस्क्यू कर सुरक्षित डेम में छोड़ दिया। जानकारी के अनुसार पाली वन परिक्षेत्राधिकारी संजय लकड़ा को आज प्रातरू शिवपुर के ग्रामीणों ने सूचना दी कि गांव में स्थित कुम्हीपानी डेम का पानी सूख गया है और डेम के बाहर एक मगरमच्छ घूम रहा है। मगरमच्छ के विचरण से ग्रामीणों को खतरा हो सकता है। इस सूचना पर वन परिक्षेत्राधिकारी संजय लकड़ा तत्काल अपनी टीम के साथ शिवपुर गांव पहुंचे और डेम के बाहर घूम रहे मगरमच्छ को रेस्क्यू कर क्षेत्र में स्थित बांकी डेम में सुरक्षित छोड़ दिया। मगरमच्छ को रेस्क्यू करने में टीम को लगभग एक घंटे का समय लगा। इस अभियान में रेंजर लकड़ा के अलावा वन विभाग के अन्य कर्मचारियों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

### सरकारी नौकरी व संपत्ति हासिल करने भतीजे ने सुपारी देकर चाची पर चलवाई थी गोली

**मनेंद्रगढ़(विश्व परिवार)।** जिला मुख्यालय से 10 किलोमीटर दूर ग्राम सिरौली में महिला पर गोली चलाने वाले 6 आरोपियों को मनेंद्रगढ़ पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। बताया जा रहा है कि महिला के भतीजे ने ही महिला की सरकारी नौकरी तथा संपत्ति को हासिल करने के लिए महिला की हत्या करने के लिए एक लाख रूपए में सुपारी दी थी। बता दें कि कुछ दिनों पहले ही जिला मनेंद्रगढ़ चिरमिरी भरतपुर जिला मुख्यालय से लगभग 10 किलोमीटर दूर ग्राम सिरौली में एक महिला के ऊपर कुछ अनजान व्यक्तियों ने गोली चलाई थी। महिला को मनेन्द्रगढ़ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। वहीं इस गोलीकांड के मामले ने पूरे जिले में हड़कंप मचा हुआ था साथ ही इस मामले को सुलझाना पुलिस के लिए भी चुनौती थी। पुलिस लगातार आरोपियों को पकड़ने के लिए हर एक स्तर पर जांच कर रह थी। इसी दौरान मंगेलवार को इस गोलीकांड के 6 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया, जिसमें एक महिला भी शामिल है।

# शासन की योजनाओं का निचले स्तर तक पहुंच सुनिश्चित करने प्रभारी मंत्री ने अधिकारियों को दिए कड़े निर्देश

## देर रात तक चली बैठक में शासन की मंशानुरूप योजनाओं का समुचित क्रियान्वयन करने निर्देशित किया

**कांकेर(विश्व परिवार)।** प्रदेश के स्कूल शिक्षा, उच्च शिक्षा, संसदीय कार्य, धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व, पर्यटन एवं संस्कृति तथा जिले के प्रभारी मंत्री श्री बृजमोहन अग्रवाल ने सोमवार 11 मार्च की देर रात जिला स्तर के अधिकारियों की मैराथन बैठक लेकर केन्द्र एवं राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं का बेहतर ढंग से क्रियान्वयन करने और शासन की मंशानुरूप निचले स्तर पर पहुंच सुगम करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर उन्होंने बैठक में मौजूद अधिकारियों को स्पष्ट रूप से निर्देशित किया कि वे किसी भी योजना के क्रियान्वयन से पहले व्यवस्थित रणनीति तैयार कर लें ताकि कोई भी पात्र हितग्राही लाभ लेने से वंचित ना रह जाए। साथ ही यह भी निर्देशित किया कि इसमें लापरवाही अथवा ढिलाई कतई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने सभी अधिकारियों से कहा कि नई सरकार से जनता को कई आकांक्षाएं एवं उम्मीदें हैं। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी देश को विकसित बनाने का संकल्प लिया है, जिसे हम सबको पूरा करना है। उन्होंने आगे कहा कि पिछले तीन महीने में ही सरकार ने कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए हैं। शासन की मंशानुरूप हितग्राहीमूलक योजनाओं के समुचित क्रियान्वयन में तेजी लाएं। जिला पंचायत के सभाकक्ष में देर रात शुरू हुई बैठक में जिले के प्रभारी मंत्री श्री अग्रवाल ने पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की समीक्षा करते हुए प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत स्वीकृति और प्रथम किश्त जारी किए जाने उपरांत भी निर्माण के लिए शेष बचे 9207 प्रकरण पर नाराजगी जाहिर करते हुए इस माह के अंत तक सभी सभी कार्य प्रारंभ कराने जिला पंचायत के सीईओ को निर्देशित किया। इसी तरह वर्ष 2014-15 और 2015-16 में किसानों को जारी की गई प्रोत्साहन राशि के शेष बचे हुए किसानों का भुगतान 20 मार्च तक हरहाल में सुनिश्चित करने सभी अनुविभागीय अधिकारी राजस्व को निर्देश दिए। कैबिनेट मंत्री ने जलजीवन मिशन की समीक्षा करते हुए कार्यपालन अभियंता लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी को निर्देशित किया कि योजना के तहत निर्माण कार्य प्रारंभ करने से पहले पानी के स्रोत का पता करें। वहीं क्रेडा के तहत लगने वाले सोलर पैनल्स के लिए दोनों विभागों को समन्वय के साथ कार्य निष्पादित करने के लिए निर्देशित किया।

# विष्णुदेव साय की सरकार किसानों के सच्चे हितकारी, कीचड़ मिट्टी में एक होके किए किसानी काम का मिला सही इनाम : किसान दुर्गाराम

## मोदी की गारंटी और विष्णु के सुशासन से किसान दुर्गाराम को मिली 13 लाख 35 हजार रुपए से अधिक की आदान सहायता राशि

## मुख्यमंत्री श्री साय के हाथों सहायता राशि का प्रमाण पत्र पाकर किसान दुर्गाराम हुआ गदगद

**बालोद(विश्व परिवार)।** दशकों से खेती किसानी के काम करते आ रहे बालोद जिले के कोटगांव के किसान श्री दुर्गाराम देशमुख को कभी एहसास भी नहीं हुआ होगा कि उनको धान के आदान सहायता राशि के रूप में आज एक साथ 13 लाख 35 हजार रुपए से अधिक राशि प्राप्त हुई है। आज मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के हाथों इतनी बड़ी राशि का प्रमाण पत्र पाकर किसान दुर्गाराम खुशी के मारे फुले नहीं समाए। धान की आदान सहायता राशि पाकर किसान दुर्गा राम ने विष्णुदेव साय सरकार की खूब तारीफ की। साथ ही इस सरकार को किसानों के सच्चे हितकारी भी बताया। उन्होंने कहा कि किसानों के दुख दर्द को समझने वाले मुख्यमंत्री ने हमें धान का मूल्य 3100 रुपए प्रति क्विंटल प्रदान किया, जो की पूरे देश में सर्वाधिक है। वास्तव में कीचड़ मिट्टी में मिल के किए किसानी कार्य और किसानों के सम्मान के लिए सही इनाम सरकार की ओर से मिला है। लगभग 70 एकड़ जमीन में खेती करने वाले किसान दुर्गाराम लगभग 46 सदस्यों के एक संयुक्त परिवार के मुखिया है। उनके 5 पुत्र कृषि कार्यों में संलग्न है। सभी मिल जुलकर खेती किसानी का कार्य करते है। लगभग 90 वर्षीय किसान श्री दुर्गा राम धार्मिक आस्था और भगवान श्री राम के सच्चे श्रद्धालु है। दुर्गाराम के पुत्र श्री लोनसिंह देशमुख ने बताया की उनके पिताजी प्रत्येक वर्ष पौष पूर्णिमा से माघ पूर्णिमा तक उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में और माघ पूर्णिमा से महाशिवरात्रि तक राजिम कुंभ मेले के अवधि में 15 दिन तक राजिम में निवास करते है। उन्होंने बताया की धान की सहायता राशि से वह धर्म नगरी राजिम में एक पक्का मकान बनाएंगे। जिससे उन्हें भगवान श्री राजीव लोचन की नगरी में रहने में सहूलियत होगी। उल्लेखनीय है कि मोदी की गारंटी और विष्णु के सुशासन के फलस्वरुप किसानों को उनके उपज का वाजिब दाम दिलाने छत्तीसगढ़ के किसानों को 3100 रुपए प्रति क्विंटल की दर से धान का मूल्य देने आज कृषक उन्नति योजना की शुरुआत हुई। इसके तहत किसानों को समर्थन मूल्य के अलावा 917 रुपए प्रति क्विंटल की दर से आदान सहायता राशि प्रदान की गई। इससे किसानों को समर्थन मूल्य मिलाकर प्रति क्विंटल 3100 रूपये धान की कीमत मिली। इससे छत्तीसगढ़ के किसानों का आत्मविश्वास खूब बढ़ेगा और खेती किसानी में भी तरक्की होगी। साथ ही आर्थिक रूप से भी छत्तीसगढ़ के किसान किसी से कम नहीं होंगे। किसान श्री दुर्गा राम ने किसानों के हित के बारे में सोचने और उस बात को अमल करने के लिए प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय का खुले मन से तारीफ किया और आभार जताया।

# धान खरीदी की अंतर राशि मिलने की खुशी जाहिर कर रहे हैं किसान

## कृषक उन्नति योजना कार्यक्रम का जिला स्तर पर आयोजन मिनी स्टैडियम बीजापुर में

**बीजापुर(विश्व परिवार)।** छत्तीसगढ़ सरकार अपने वायदे के अनुसार 12 मार्च को प्रति क्विंटल 31 सौ रूपए धान खरीदी की शेष राशि कृषक उन्नति योजना कार्यक्रम के दौरान देने जा रही है। जिले के किसानों में अंतर की राशि मिलने से उत्साह और उमंग का वातावरण निर्मित हो रहा है। कृषक अपनी-अपनी खुशी अपने-अपने अंदाज में जाहिर कर रहे हैं। ऐसे ही ईटपाल के किसानों ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को मोदी की एक और गारंटी पूरा करने के लिए जय-जवान जय किसान का नारा लगाकर खुशी जाहिर कर धन्यवाद ज्ञापित कर रहे हैं। तो वहीं ईटपाल के निवासी बृजलाल भोयर ने बताया कि सरकार ने प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान खरीदे हैं और प्रति क्विंटल 31 सौ रूपए में धान खरीद कर अपना वायदा पूरा किया है, मै 20-22 एकड़ में कृषि कार्य करता हूं। कल मुझे एक अच्छी रकम मिल जाएगी, अंतर की राशि मिलने से मै और हम सभी किसान बहुत खुश है। मोदी सरकार और छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री ने किसानों के हित में अच्छा निर्णय लिया है हम और भी मेहनत और लगन से खेती-किसानी कर अपनी आर्थिक स्थिति को सुधार पाएंगे। सरकार के इस योजना के लिए मै प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय का सदैव आभारी रहूंगा।

### कलेक्टर ने हिट एंड रन मोटर दुर्घटना पीड़ितों को मुआवजा योजना, 2022 के क्रियान्वयन के संबंध में ली बैठक

## योजना के तहत हिट एंड रन मोटर दुर्घटना में मृत्यु पर दो लाख और गंभीर रूप से घायल होने पर 50 हजार रुपए मुआवजा होगा देय

**रायगढ़(विश्व परिवार)।** कलेक्टर श्री कार्तिकेया गोयल की अध्यक्षता में हिट एंड रन मोटर दुर्घटना पीड़ितों को मुआवजा योजना, 2022 के क्रियान्वयन के संबंध में गठित जिला स्तरीय समिति की बैठक आयोजित हुई। उक्त योजना सोलाशियम योजना 1989 को अधिक्रमित करती है तथा मृत व्यक्ति के परिजनों को 2.00 लाख तथा गंभीर रूप से घायल व्यक्ति को 50 हजार रूपये का मुआवजा देय होगा। कलेक्टर श्री गोयल ने हिट एंड रन मोटर दुर्घटना पीड़ितों को मुआवजा योजना, 2022 के जिले में क्रियान्वयन के बारे में जानकारी ली। उन्होंने कहा कि नवीन योजना का समुचित प्रचार किया जाए। जिससे लोगों को योजना के बारे में जानकारी हो। साथ ही प्राप्त प्रकरणों के समयबद्ध निराकरण हेतु नियमित रूप से योजना के अंतर्गत प्राप्त आवेदनों की समीक्षा के निर्देश दिए। बैठक में सीएमएचओ रायगढ़ डॉ.आर.एन.मंडावी, डीएसपी ट्रैफिक श्री रमेश चंद्रा, तहसीलदार रायगढ़ श्री लोमस मिरी, शाखा प्रबंधक द न्यू इंडिया इंश्योरेन्स कंपनी लिमिटेड रायगढ़, समिति सदस्य श्री गौरव शर्मा व श्री कौशल कुमार अग्रवाल उपस्थित रहे।

# अंतर की राशि मिलने से जिले के किसानों में खुशी का माहौल

## श्रीमती सगो बाई, मंगलराम और कैलाश राम ने कहा, मोदी की गारंटी हुई पूरी

**कांकेर(विश्व परिवार)।** कृषि उन्नति योजना के तहत आज किसानों को आदान सहायता राशि वितरण समारोह में मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने वर्चुअल माध्यम से राज्य के 24 लाख 72 हजार से अधिक किसानों को 13 हजार 320 करोड़ रूपए की आदान सहायता राशि बटन दबाकर सीधे उनके खाते में अंतरित किया। मुख्यमंत्री के बटन दबाते ही किसानों के खाते में आदान सहायता राशि अंतरित होते ही जिले के किसानों में खुशी का माहौल है। जिले के कृषि उपज मंडी परिसर में कृषि उन्नति योजना के जिला स्तरीय कार्यक्रम शामिल होने पहुंचे कांकेर विकासखंड के ग्राम पुसवाड़ा निवासी किसान श्री कैलाश नेताम ने बताया कि मोदी की गारंटी के तहत 31 सौ रूपए में धान खरीदने का जो घोषणा की गई थी, उसके अनुरुप आज शासन द्वारा अंतर की राशि दी गई है। आज प्रधानमंत्री श्री मोदी की एक और गारंटी पूरी हुई है। श्री नेताम ने बताया कि आज उन्हें मिलने वाली राशि का उपयोग अपने खेती कार्य को आगे बढ़ाने और खेत के मरम्मत कार्य में उपयोग करेंगे। इसी प्रकार गढ़पिछवाड़ी निवासी महिला कृषक श्रीमती सगोबाई भी धान की अंतर राशि मिलने पर बहुत उत्साहित है। उन्होंने बताया कि इस राशि का उपयोग खेती कार्य में लगाकर और अधिक उत्पादन प्राप्त करेंगी। साथ ही घर के जरूरतों के साथ बच्चों के पढ़ाई-लिखाई में भी लगाएंगी। उन्होंने मोदी की गारंटी पूरा होने पर प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री श्री साय को धन्यवाद दिया। कांकेर विकासखंड के ग्राम मरदापोटी के रहने वाले किसान श्री मंगलराम मंडावी ने बताया कि आज अंतर की राशि मिल रही है, जिससे वे बहुत खुश हैं। इस राशि से खेती कार्य में बहुत मदद मिलेगी। उन्होंने बताया कि राज्य शासन के श्री रामलला दर्शन योजना के तहत उन्हें अयोध्या जाने का मौका मिला और भगवान श्रीराम के दर्शन का सौभाग्य प्राप्त हुआ। उन्होंने इसके लिए प्रधानमंत्री श्री मोदी और मुख्यमंत्री श्री साय को प्रति आभार प्रकट किया। इसी प्रकार तालाकुर्रा निवासी श्री नारायण जैन ने भी धान की अंतर की राशि मिलने पर खुशी जताते हुए कहा कि मोदी की गारंटी पुरी हुई।

# जगदलपुर-दिल्ली विमान का वॉटर कैनन से किया गया स्वागत

## विधायक श्री किरण देव ने दी बस्तर वासियों को बधाई

## बस्तर के लिए ऐतिहासिक लम्हा : शहर से दिल्ली के लिए फ्लाइट आज हुई रवाना

**जगदलपुर(विश्व परिवार)।** बस्तर की बहुप्रतीक्षित मांग आखिरकार मंगलवार को पूरी हो गई जब दिल्ली से जगदलपुर हवाई सेवा से जुड़ गई। एलायन्स एयर की फ्लाइट दिल्ली से शुरू होकर जबलपुर होते जगदलपुर सुबह 11.30 बजे लैंड किया। विमान के आगमन पर मां दंतेश्वरी एयरपोर्ट पर उसका वाटर केनन से स्वागत किया गया। कार्यक्रम में विधायक किरण देव ने प्रधानमंत्री, विमानन मंत्रालय, मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त करते हुए दिल्ली के लिए सीधी सेवा के लिए बस्तर वासियों को बधाई दी। उन्होंने इसके लिए जिला प्रशासन के प्रयासों की सराहना की। बस्तर के लिए ऐतिहासिक लम्हा जब शहर से दिल्ली के लिए फ्लाइट आज रवाना हुई। सप्ताह में दो दिन सोमवार और शुक्रवार को फ्लाइट यहां से ऑपरेट होगी। दिल्ली से सुबह 7.30बजे उड़ान भरेगी, 9.50 को जबलपुर पहुंचेगी वहां 30 मिनट का स्टॉपेज लेकर 10.15 बजे जगदलपुर के लिए उड़ान भरकर 11.35 बजे जगदलपुर पहुंचेगी। दोपहर 12 बजे फ्लाइट यहां से रवाना होगी दोपहर 1.25 बजे जबलपुर पहुंचेगी। वहां से फ्लाइट 1.50 बजे दिल्ली के लिए उड़ान भरेगी जो कि दोपहर 3.55 बजे दिल्ली पहुंचेगी। पहले दिन शहर से दिल्ली के लिए उड़ान भरने 27 यात्रियों ने टिकट बुक करवाई है। इसी विमान से 24 यात्री जगदलपुर पहुंचे। विमान की दिल्ली के लिए सेवा प्रारंभ होने पर कलेक्टर विजय दयाराम के. ने विमान सेवा के विस्तार के लिए सभी को बधाई दी। उन्होंने कहा कि नई सरकार के गठन के साथ ही बस्तर में विमान सेवा बढ़ाने का लगातार प्रयास किया गया जिसमें स्थानीय विधायक श्री देव की भूमिका महत्वपूर्ण रही है। हमारे एयरपोर्ट से इस माह दो विमान सेवा प्रारंभ की जा रही है जो क्षेत्र के विकास, पर्यटन, व्यापार के लिए लाभप्रद होगा। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती वेदवती कश्यप,महापौर श्रीमती सफीरा साहू, पूर्व सांसद दिनेश कश्यप, कमिश्नर श्याम धावड़े, आईजी सुंदरराज पी.,पुलिस अधीक्षक शलभ सिन्हा, अपर कलेक्टर सी पी बघेल, एयरपोर्ट संचालक विदेश गुप्ता सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

### एक दिवसीय किसान प्रशिक्षण शिविर का आयोजन

**बीजापुर(विश्व परिवार)।** कृषि विभाग एवं चिराग द्वारा ब्लॉक भैरमगढ़ के ग्राम पंचायत मंगलनार के आश्रित ग्राम ओडसा में किसानों के लिए प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया जिसमे कृषि विभाग के अधिकारियों द्वारा किसानो को जैविक खेती करने के तरीके और उससे होने वाले आर्थिक और स्वास्थ संबंधी फायदे के बारे में जानकारी दी, पीसीआई इंडिया संस्था के ब्लॉक समन्वयक जुबैर आलम के द्वारा ग्रामीणों को पोषण से संबन्धित जानकारी साझा की गई। पिरामल फाउंडेशन के जिला कार्यक्रम अधिकारी सूरज सिंह के द्वारा टीबी बीमारी के लक्षण दो सप्ताह से खांसी आना, बार.बार बुखार आना, भूख न लगना, शरीर लगातार कमजोर होना, रात को सोते समय पसीना आना, सीने में दर्द होना, गले में गांठे होना तथा टीबी के इलाज और इलाज के दौरान सरकार द्वारा मिलने वाली सुविधाओं और संक्रमित व्यक्ति को क्या.क्या सावधानियां अपनानी चाहिए इन सभी बिंदुओं पर विस्तृत जानकारी दी गई, साथ ही गांव में टीबी रोग के संभावित 14 मरीजों के सैंपल भी लिए गए।

www.dainikvishwapariwar.com
vishwapariwarraipur@gmail.com

दैनिक
# विश्व परिवार

खेल-व्यापार

रायपुर गुरूवार 14 मार्च 2024



## व्यापार समाचार

### शुरुआती कारोबार में अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया सीमित दायरे में रहा

**मुंबई( एजेंसी )।** रुपया मंगलवार को शुरुआती कारोबार में अमेरिकी डॉलर के मुकाबले सीमित दायरे में रहा। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि प्रतिभागी अमेरिका में फरवरी के मुद्रास्पीति के आंकड़ों और भारत में फरवरी के मुद्रास्फीति के आंकड़ों तथा जनवरी के आईआईपी आंकड़ों का इंतजार कर रहे हैं। इस बीच, सकारात्मक घरेलू शेयर बाजार, विदेशी कोषों की आवक और विदेशी बाजार में अमेरिकी मुद्रा की कमजोरी से निवेशकों की भावना मजबूत हुई। दूसरी ओर कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों ने स्थानीय मुद्रा की बढ़त को सीमित किया। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 82.74 पर खुला, और फिर मजबूती के साथ 82.72 पर पहुंच गया। इस तरह रुपये ने पिछले बंद भाव के मुकाबले तीन पैसे की बढ़त दर्ज की। रुपया सोमवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले आठ पैसे की गिरावट के साथ 82.75 पर बंद हुआ था। इस बीच, छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 0.06 प्रतिशत घटकर 104.80 पर पहुंच गया। वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड वायदा 0.36 प्रतिशत बढ़कर 82.51 अमेरिकी डॉलर प्रति बैरल के भाव पर था। शेयर बाजार के आंकड़ों के अनुसार विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने सोमवार को 4,212.76 करोड़ रुपये के शेयर खरीदे।

### यात्री वाहनों ने फरवरी में अब तक की सबसे अधिक बिक्री दर्ज की

**नईदिल्ली( एजेंसी )।** भारत में यात्री वाहनों की थोक बिक्री फरवरी में सालाना आधार पर 11 प्रतिशत बढ़ी। उद्योग निकाय सियाम ने मंगलवार को यह जानकारी देते हुए कहा कि स्पोर्ट यूटीलिटी वाहनों (एसयूवी) की बाजार पर पकड़ बरकरार है। ऑटो कंपनियों ने पिछले महीने डीलरों को कुल 3,70,786 यात्री वाहन भेजे, जबकि एक साल पहले इसी अवधि में यह आंकड़ा 3,34,790 इकाई था। सियाम के महानिदेशक राजेश मेनन ने एक बयान में कहा, यात्री वाहनों ने इस साल फरवरी में अपनी अब तक की सबसे अधिक बिक्री दर्ज की। यह आंकड़ा फरवरी 2023 की तुलना में 10.8 प्रतिशत बढ़कर 3.7 लाख इकाई रहा। समीक्षाधीन माह में कुल दोपहिया वाहनों की बिक्री 35 प्रतिशत बढ़कर 15,20,761 इकाई हो गई, जो पिछले साल इसी महीने में 11,29,661 इकाई थी। इसी तरह तिपहिया वाहनों की थोक बिक्री फरवरी में 54,584 इकाई रही, जो पिछले साल समान माह में 50,382 इकाई थी। सोसाइटी ऑफ इंडियन ऑटोमोबाइल मैन्युफैक्चरर्स (सियाम) के अध्यक्ष विनोद अग्रवाल ने एक बयान में कहा कि पिछले साल के मुकाबले फरवरी 2024 में यात्री वाहनों, दोपहिया और तिपहिया वाहनों की बिक्री बढ़ी, जबकि वाणिज्यिक वाहनों की बिक्री में थोड़ी गिरावट हुई।

### होण्डा मोटरसाइकिल एण्ड स्कूटर इंडिया ने 2024 इंटरनेशनल रेसिंग चैम्पियनशिप्स के लिए अपने लाईनअप की घोषणा की

**गुरूग्राम (एजेंसी)।** भारतीय राइडरों को विश्वस्तरीय मंच पर प्रोत्साहित करने के प्रयासों को जारी रखते हुए होण्डा मोटरसाइकिल एण्ड स्कूटर इंडिया ने 2024 सीज़न के लिए अपने इंटरनेशनल रेसिंग स्क्वैड का अनावरण किया। इंटरनेशनल रेसिंग सर्किट पर अपने कौशल के प्रदर्शन के लिए तैयार, आईडेमिट्सु होण्डा रेसिंग इंडिया के चार राइडर, 2024 एफ्आईएम एशिया रोड रेसिंग चैम्पियनशिप (एआरआरसी), थाईलैण्ड टैलेंट कप (टीटीसी) और एशिया टैलेंट कप (एटीसी) में एशिया के शीर्ष पायदान के प्रतिस्पर्धियों के साथ मुकाबला करेंगे। 2024 एआरआरसी सीज़न के एपी250सीसी क्लास के लिए एकमात्र भारतीय दल- आईडेमिट्सु होण्डा रेसिंग इंडिया की टीम में प्रतिभाशाली युवा कवीन समार क्विंटल शामिल हैं, जो होण्डा इंडिया टैलेंट कप 2023 के मौजूदा चैम्पियन हैं। 2023 एआरआरसी में प्रतिस्पर्धा के बाद, वे 37 विश्वस्तरीय प्रतियोगितयों में 16वें स्थान पर हैं। उन्होंने एशिया टैलेंट कप 2022 का प्रतिनिधित्व भी किया था। उनके साथ होण्डा इंडिया टैलेंट कप 2023 के सैकण्ड रनर-अप मोहसीन परामबन होंगे, जिन्होंने 2023 एआरआरसी में होण्डा रेसिंग इंडिया का प्रतिनिधित्व किया और 37 प्रतियोगियों में 30वें स्थान पर रहे। एशियाई मंच पर उभरते भारतीय राइडरों को अपने कौशल प्रदर्शन एवं करियर के विकास के मार्ग प्रशस्त करते हुए, होण्डा रेसिंग इंडिया के उभरते सितारे रक्षित्थ दवे 2024 एशिया टैलेंट कप और थाईलैण्ड टैलेंट कप दोनों में अपनी पहली इंटरनेशनल यात्रा की शुरूआत करने जा रहे हैं। उनकी उल्लेखनीय उपलब्धियों में शामिल है- होण्डा इंडिया टैलेंट कप 2023 में फर्स्ट रनर-अप का खिताब हासिल करना।

### म्यूचुअल फंड में महिलाओं की बढ़ी दिलचस्पी

**नईदिल्ली( एजेंसी )।** बात पैसे बचाने की हो तो महिलाओं को अधिकतर सुरक्षित निवेश या सेविंग्स का रुख करते देखा जाता है। लेकिन इस बीच महिलाओं ने बाजार में दिलचस्पी दिखाई है। एसोसिएशन ऑफ म्यूचुअल फंड्स के आंकड़ों की मांगे तो म्यूचुअल फंड में महिला निवेशकों की हिस्सेदारी मार्च 2017 में 15 प्रतिशत से बढ़कर दिसंबर 2023 में लगभग 21 प्रतिशत हो गई है। यानी कि महिला निवेशक अब म्युचुअल फंड में निवेश को लेकर दिलचस्पी दिखा रही हैं। इस साल फरवरी में म्यूचुअल फंड में प्रबंधन के तहत कुल संपत्ति 50 लाख करोड़ रुपये के आंकड़े को पार कर गई, इसका कारण ये भी माना जा रहा है कि बड़ी संख्या में निष्क्रिय निवेशक बचत करने और ज्यादा कमाने का टारगेट बना कर म्यूचुअल फंड का रुख कर रहे हैं। एम्फी के आंकड़ों से एक और बात का बता चलता है कि विकास की यह गति इस अवधि के दौरान शहरी केंद्रों की तुलना में अविकसित या अल्पविकसित केंद्रों में अधिक थी। बी-30 शहरों में महिला पोर्टफोलियो और संपत्ति की हिस्सेदारी क्रमश: 15 प्रतिशत से बढ़कर 18 प्रतिशत और 17 प्रतिशत से 28 प्रतिशत हो गई है।

# डब्ल्यूपीएल 2024 : गुजरात जायंट्स की यूपी वारियर्स पर 8 रन से जीत

**नई दिल्ली( एजेंसी )।** यहां के अरुण जेटली स्टेडियम में सोमवार को महिला प्रीमियर लीग के 18वें मैच में निचले पायदान पर रहने वाली गुजरात जायंट्स ने कड़े मुकाबले में यूपी वारियर्स को आठ रन से हराकर अपनी दूसरी जीत दर्ज की, जिससे वारियर्स की प्लेऑफ में जगह पक्की करने की संभावनाएं धूमिल हो गईं। पहले बल्लेबाजी करने उतरी गुजरात जायंट्स ने कप्तान बेथ मूनी (52 गेंदों में 74 रन) के नाबाद अर्धशतक की मदद से, जबकि साथी सलामी बल्लेबाज लौरा वोल्वार्ड्ट ने 30 गेंदों में 43 रनों की पारी खेली और शुरुआती विकेट के लिए 60 रन जुटाए। लेकिन गुजरात जायंट्स नियमित अंतराल में विकेट गंवाते हुए 20 ओवर में 8 विकेट पर 152 रन ही बना सके। एशले गार्डनर (15) और कैथरीन ब्राइस (11) दोहरे आंकड़े तक पहुंचने वाले गुजरात के अन्य बल्लेबाज थे। सोफी एक्लेस्टोन (3-38) और दीप्ति शर्मा (2-22) ने पांच विकेट साझा किए। जीत और प्लेऑफ में जगह बनाने के लिए 153 रनों का पीछा करते हुए यूपी वारियर्स की शुरुआत खराब रही। उन्होंने अपनी कप्तान एलिसा हीली (4), किरण नवगिरे (0) और चमारी अथापथु (0) को जल्दी-जल्दी खो दिया। दीप्ति शर्मा ने अकेले संघर्ष करते हुए 60 गेंदों में नौ चौकों और चार छक्कों की मदद से नाबाद 88 रन बनाए और पूनम खेमनार (26 गेंदों में 36 रन) की मदद से यूपी वॉरियर्स को अंत तक मुकाबले में बनाए रखा। शबनम एमडी चार ओवर में 3-11 के साथ गुजरात जायंट्स के लिए सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज साबित हुईं। दीप्ति ने 44 गेंदों में अपना अर्धशतक पूरा किया और छठे विकेट के लिए 109 रन जोड़े, लेकिन प्रगति बहुत धीमी थी और यूपी वारियर्स ने अंत तक आगे बढ़ने के लिए खुद को बहुत बड़ी बाधा बना लिया। आखिरकार वे आठ रन से चूक गए। गुजरात जायंट्स ने 20 ओवर में 152/8 (लौरा वोल्वार्ड्ट 43, बेथ मूनी 74 नाबाद; सोफी एक्लेस्टोन 3-38, दीप्ति शर्मा 2-22) ने यूपी वारियर्स को 20 ओवर में 144/5 (दीप्ति शर्मा 88 नाबाद, पूनम खेमनार 36), शबनम एमडी 3-11) आठ रन से हराया।

# विश्व ओलंपिक मुक्केबाजी क्वालीफायर के क्वार्टर फाइनल में हारे निशांत

**बस्टो अर्सिज़ियो( एजेंसी )।** भारत के निशांत देव यहां पहले विश्व ओलंपिक मुक्केबाजी क्वालीफायर में पुरुषों के 71 किग्रा क्वार्टर फाइनल में 2021 विश्व चैंपियनशिप के रजत पदक विजेता यूएसए के ओमारी जोन्स से 1-4 से हार गए। पहले दो राउंड में कड़ा मुकाबला देखने को मिला। ओमारी ने लगातार अटैक करते हुए 5-0 की अच्छी शुरुआत हासिल करने के लिए पहले राउंड में अपना दबदबा बनाया। हालांकि, दूसरे राउंड में निशांत ने कमबैक किया और अधिक प्रभावी दिखे। ओमारी ने जवाबी हमला किया लेकिन निशांत ने 4-1 स्कोर के साथ दूसरा राउंड अपने नाम किया। अंतिम राउंड कड़ा था क्योंकि निशांत ने अपना आक्रामक प्रदर्शन जारी रखा और शुरुआती बढ़त हासिल कर ली। जैसे-जैसे राउंड आगे बढ़ा दोनों मुक्केबाज थके हुए लग रहे थे, लेकिन जोन्स ने अंतिम 60 सेकंड का भरपूर उपयोग करते हुए दमदार अटैक किया, जिससे मैच का फैसला उनके पक्ष में हो गया। निशांत की हार से पहले भारत पेरिस ओलंपिक गेम्स 2024 के लिए निखत जरीन (50 किग्रा), प्रीति (54 किग्रा), परवीन हुडा (57 किग्रा) और लवलीना बोरगोहेन (75 किग्रा) के साथ चार कोटा हासिल कर चुका है, जिन्होंने एशियाई खेलों में प्रभावशाली प्रदर्शन के साथ अपनी जगह पक्की कर ली है। 23 मई से 3 जून तक बैंकॉक में होने वाले दूसरे विश्व क्वालीफिकेशन टूर्नामेंट के जरिए भारतीय मुक्केबाजों को पेरिस ओलंपिक कोटा हासिल करने का एक और मौका मिलेगा।

# नार्डी ने विश्व नंबर-1 जोकोविच को हराकर बड़ा उलटफेर किया

**इंडियन वेल्स( एजेंसी )।** 20 वर्षीय इटालियन लुका नार्डी , जिन्होंने परीबा ओपन के मुख्य ड्रॉ में लकी लूज़र खिलाड़ी के रूप में प्रवेश किया। लेकिन, इय युवा खिलाड़ी ने विश्व नंबर 1 नोवाक जोकोविच को तीसरे राउंड में दो घंटे 17 मिनट में 6-4, 3-6, 6-3 से हराकर सबको चौंका दिया। पिछले हफ्ते नार्डी क्वालीफाइंग के अंतिम दौर में डेविड गोफिन से हार गए, लेकिन उन्हें लकी लूज़र के रूप में ड्रॉ में प्रवेश करने के लिए बुलाया गया जब अर्जेंटीना के टॉमस मार्टिन एटचेवेरी ने ड्रॉ से नाम वापस ले लिया। वर्ल्ड नंबर 123 रैंक वाला इटालियन मास्टर्स 1000 या ग्रैंड स्लैम इवेंट में जोकोविच पर जीत हासिल करने वाला इतिहास का सबसे कम रैंक वाला खिलाड़ी बन गया है। वह मास्टर्स 1000 में मौजूदा विश्व नंबर 1 को हराने वाले चौथे सबसे कम रैंक वाले खिलाड़ी भी हैं। नार्डी ने कहा, मेरे पास शब्द नहीं है। मैं क्या कह सकता हूं? कल रात मैं इसके बारे में सपना देख रहा था, मैं कोचों से इसके बारे में बात कर रहा था। अब यह सच है! इटालियन, जो अपने प्रदर्शन के दम पर अगले सप्ताह शीर्ष 100 में डेब्यू करने के लिए तैयार है, राउंड 16 में अमेरिकी टॉमी पॉल से भिड़ेंगे। सिनसिनाटी और पेरिस में खिताब जीतने के बाद जोकोविच का एटीपी मास्टर्स 1000 में अपनी 11 मैचों की जीत का सिलसिला टूट गया । 2018 में इंडियन वेल्स में नंबर 109 टैरो डैनियल से हार के बाद उन्हें एटीपी रैंकिंग के शीर्ष 50 के बाहर किसी खिलाड़ी से पहली हार का सामना करना पड़ा।

# अगले हफ्ते शुरू हो सकता है जेएसडब्ल्यू ग्रुप और एमजी मोटर इंडिया का ज्वाइंट वेंचर

**5000 करोड़ के निवेश की है योजना**

**नईदिल्ली( एजेंसी )।** अगले हफ्ते की 20 तारीख को भारत के जेएसडब्ल्यू ग्रुप और एमजी मोटर इंडिया के ज्वाइंट वेंचर की शुरूआत हो सकती है। सूत्रों के हवाले से जानकारी दी है। रिपोर्ट की मानें तो दोनों कंपनियों के इस वेंटर में करीब 5,000 करोड़ रुपये का निवेश होगा। दोनों कंपनियां भारत में अपनी मैन्युफैक्चरिंग और रिटेल फुटप्रिंट को बढ़ाने के लिए साथ आए हैं और एक ज्वाइंट वेंचर पर सहमति बनी है। बता दें, जेएसडब्ल्यू ग्रुप भारत की मल्टीनेशनल ग्रुप है जबकि एमजी मोटर इंडिया चाइनीज ऑटोमोटिव मैन्युफैक्चरर एसएआईसी मोटर के स्वामित्व वाली कंपनी है। कंपनियां भारत में मैन्युफैक्चरिंग और सेल्स को आगे बढ़ाने के लिए एक साथ एक ज्वाइंट वेंचर के रुप में काम करेंगी। इसके अलावा इस वेंचर से जुड़ी एक और खबर ये है कि प्राइवेट इक्विटी इनवेस्टर एवरस्टोन कैपिटल ने भी एमजी मोटर के इंडिया ऑपरेशन में भी हिस्सेदारी हासिल कर ली है। इस मामले में कंपनी के सीईओ एमेरिटस राजीव चाबा के अनुसार एमजी मोटर इंडिया को निवेशक के रूप में जेएसडब्ल्यू ग्रुप मिलने के बाद ज्यादा तेजी से ग्रोथ की उम्मीद है। उन्होंने कहा कि कंपनी ने भारत में अपने पहले दौर के व्यापार में टेक्नोलॉजी, कस्टमर एक्सपीरियंस, जेंडर डायवर्सिटी और कम्युनिटी सर्विस के आधार पर अपने पांव भारतीय बाजार में जमा लिए हैं। एमजी मोटर इंडिया अब इस डेवलेपमेंट के नेक्स लेवल पर जाने का प्लान कर रही है। बता दें, बीते साल नवंबर में चीन की सबसे बड़ी वाहन निर्माता एसएआईसी मोटर ने भारत में एमजी मोटर के ट्रांसफॉर्मेशन और ग्रोथ में तेजी लाने के लिए जेएसडब्ल्यू ग्रुप के साथ एक ज्वाइंट वेंचर एग्रीमेंट किया था। जेएसडब्ल्यू ग्रुप की इंडियन जेवी ऑपरेशन में 35 फीसदी हिस्सेदारी होगी।

### आईपीएल 2024 : ऋषभ पंत फिट घोषित, शमी और प्रसिद्ध बाहर

**नई दिल्ली( एजेंसी )।** भारतीय क्रिकेट फैंस के लिए बीसीसीआई ने मंगलवार को एक बड़ी खुशखबरी दी है। बोर्ड ने स्टार विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत को आईपीएल 2024 के जरिए प्रतिस्पर्धी क्रिकेट में वापसी करने को लेकर मंजूरी दे दी है। ऋषभ पंत प्रतिस्पर्धी क्रिकेट में अपनी लंबे समय से प्रतीक्षित वापसी के लिए पूरी तरह तैयार हैं और अब भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने उन्हें आगामी आईपीएल के लिए मंजूरी दे दी है। बीसीसीआई ने सोमवार को मेडिकल और फिटनेस अपडेट जारी किया। बीसीसीआई ने अपने बयान में बताया, 30 दिसंबर, 2022 को रूड़की, उत्तराखंड के पास एक जानलेवा सड़क दुर्घटना के बाद 14 महीने के पुनर्वास से गुजरने के उपरांत ऋषभ पंत को अब आगामी टाटा आईपीएल 2024 के लिए विकेटकीपर बल्लेबाज के रूप में फिट घोषित किया गया है। दिसंबर 2022 में बांग्लादेश में दो मैचों की टेस्ट श्रृंखला समाप्त होने के बाद से आईपीएल 2024 में पंत की वापसी होगी। बीसीसीआई ने तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी और प्रसिद्ध कृष्णा पर मेडिकल अपडेट भी दिया, जिसमें कहा गया कि तेज गेंदबाजों की जोड़ी आईपीएल के 2024 संस्करण में नहीं खेल पाएगी।

### सैमसंग ने 11 किलोग्राम एआई इकोबबल की पूरी तरह से ऑटोमेटिक फ्रंट लोड वाशिंग मशीन की नई रेंज को लॉन्च किया

**गुरुग्राम (एजेंसी)।** भारत के सबसे बड़े उपभोक्ता इलेक्ट्रॉनिक्स ब्रांड सैमसंग ने आज पूरी तरह से ऑटोमेटिक फ्रंट लोड वाशिंग मशीन एआई ईकोबबल की नई रेंज को लॉन्च कर दिया है। वाशिंग मशीनों की यह नई रेंज 11 किलोग्राम सेगमेंट में पहली है जो एआई वॉश, क्यू-ड्राइवटीएम और ऑटो डिस्पेंस जैसी एडवांस्ड फीचर्स से युक्त है। इसके उपयोग से उपभोक्ताओं को कपड़े धोने में 50 प्रतिशत समय की बचत होगी, फैब्रिक की देखभाल पहले की तुलना में 45.5त्न बेहतर होगी और 70 प्रतिशत तक उर्जा की बचत होगी। एआई ईकोबबलज्ञरू सैमसंग की क्यू-बबल और क्विक ड्राइव प्रौद्योगिकियों का समागम है, जो धुलाई को अधिक सहज और कम समय लेने वाला बनाता है। क्यू-बबल तकनीक तेजी से डिटर्जेंट प्रवेश के लिए अधिक प्रचुर और शक्तिशाली बुलबुले बनाने के लिए अतिरिक्त पानी के शॉट्स के साथ गतिशील ड्रम रोटेशन को जोड़ती है, वहीं क्विक ड्राइव धोने के समय को 50 प्रतिशत तक कम कर देता है। ये विशेषताएं एआई इकोबबल के प्रदर्शन को बेहतर और टिकाऊ बनाती हैं क्योंकि यह जल और ऊर्जा संरक्षण में महत्वपूर्ण योगदान देता है। ऑटो डिस्पेंस और एआई वॉश के साथ नई रेंज अत्यधिक सहज और स्मार्ट है। एआई वॉश फीचर कपड़ों का वजन, पानी की मात्रा, कपड़ों की नरमी, मैल की मात्रा और डिटर्जेंट की मात्रा को खुद तय करता है। इससे यह कपड़े जल्दी और अच्छी तरह से धोता है। यह पानी और डिटर्जेंट बचाता है। यह कपड़ों को नुकसान से बचाता है।

सैमसंग इंडिया में डिजिटल एप्लांछयसेस बिजनेस के सीनियर डायरेक्टर पुष्प बैशाखिया ने कहा, सैमसंग में, हम ऐसी तकनीक पेश करने पर ध्यान केंद्रित करते हैं जो न केवल सहज हो बल्कि टिकाऊ भी हो। हमने विभिन्न उपभोक्ताओं की बढ़ती जरूरतों को ध्यान में रखते हुए नई रेंज डिजाइन की है। 11 किलोग्राम पूर्ण स्वचालित फ्रंट लोड वाशिंग मशीन सेगमेंट में हमारी पहली रेंज अत्यधिक ऊर्जा कुशल है। ऑटो डिस्पेंस, एआई वॉश और क्यू-ड्राइव जैसी सुविधाएं धुलाई को आसान और आसान काम बनाने में योगदान देती हैं।

### एयरटेल ने रायपुर में सभी कर्मचारियों को ग्राहकों से साथ व्यावहारिक संपर्क के लिए फ्रंटलाइन टीमों में शामिल करके ग्राहक दिवस मनाया

**रायपुर।** भारत के प्रमुख दूरसंचार सेवा प्रदाताओं में से एक, भारती एयरटेल (एयरटेल) ने आज देश में अपने सभी कार्यालय स्थानों पर ग्राहक दिवस मनाया। ऐसे सभी एयरटेल कर्मचारी, जो सीधे ग्राहकों से संपर्क बनाए रहते हुए काम करने की जिम्मेदारियों में नहीं थे, वे अपनी रोजमर्रा की भूमिकाओं से बाहर निकलकर ग्राहकों के सीधे बातचीत करने के लिए फ्रंटलाइन कर्मचारियों में शामिल हुए। देश के सभी एयरटेल कार्यालय स्थानों के कर्मचारियों ने बाजारों में होम डिलीवरी इंजीनियरों, फाइबर एक्सक्यूटिव्स और रिटेल कर्मचारियों के साथ काम किया। इन कर्मचारियों में शीर्ष सीनियर लीडरशिप टीम से लेकर सभी कार्यालयों के जूनियर मैनेजर तक सभी शामिल रहे। ग्राहक दिवस, एयरटेल की कई पहलों का एक हिस्सा है, जो ग्राहकों को सबसे अधिक महत्व देने के एयरटेल के सिद्धांत पर केंद्रित हैं। अपने सभी कर्मचारियों को ग्राहकों से प्रत्यक्ष मिलने-जुलने का अवसर देकर, एयरटेल का लक्ष्य ग्राहकों के दृष्टिकोण और ग्राहकों की जरूरतों खासकर उनकी चिंताओं और सुझावों को समझकर उनका कंपनी के साथ जुड़ाव बढ़ाना है। कंपनी को विश्वास है कि ग्राहक दिवस हमारी कंपनी में विभिन्न कार्यों के लिए जिम्मेदार कर्मचारियों को देखने-समझने का नया नज़रिया देगा और पूरे संगठन में ग्राहकों को अधिक से अधिक सुविधाएं देने के लिए काम करने की लगन जगाने के लिए नई मानसिकता और संस्कृति को उजागर करेगा।

दैनिक
# विश्व परिवार
महानगर

www.dvpnews.in
vishwapariwarraipur@gmail.com

रायपुर, गुरुवार 14 मार्च 2024

## मुख्यमंत्री आज रायपुर और मोहला में आयोजित कार्यक्रमों होंगे शामिल

**रायपुर (विसं)।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय 14 मार्च को रायपुर और जिला मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी में आयोजित कार्यक्रमों में शामिल होंगे। निर्धारित कार्यक्रम अनुसार मुख्यमंत्री सुबह 10.45 बजे मुख्यमंत्री निवास से प्रस्थान कर दोपहर 11 बजे पंडित दीनदयाल ऑडिटोरियम में आयोजित राज्य खेल अलंकरण समारोह में शामिल होंगे। कार्यक्रम पश्चात मुख्यमंत्री दोपहर 12.15 बजे पुलिस ग्राउण्ड हेलीपेड रायपुर से प्रस्थान कर दोपहर 12.45 बजे वागीनसुर मार्ग शासकीय हेलीपेड मोहला पहुंचेंगे और दशहरा मैदान मोहला में दोपहर 12.50 बजे से आयोजित विकसित भारत विकसित छत्तीसगढ़ कार्यक्रम में विभिन्न विकास कार्यो का शिलान्यास एवं लोकार्पण करेंगे।



## संक्षिप्त समाचार

### दिल्ली में मिलेगा गिरीश पंकज को डॉक्टर वैदिक हिंदी भाषा सम्मान

**रायपुर ( विश्व परिवार )।** प्रखर पत्रकार-चिंतक डॉ. वेदप्रताप वैदिक की प्रथम पुण्यतिथि के अवसर पर नई दिल्ली के इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केंद्र,

जनपथ में जनदक्षेस और एशियाई अरब चेंबर ऑफ कॉमर्स की ओर से 15 मार्च को दोपहर 2 बजे एक सम्मान समारोह आयोजित किया जा रहा है, जिसमें कार्यक्रम के मुख्य अतिथि केरल के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान साहित्यकार-पत्रकार गिरीश पंकज को डॉ. वैदिक हिंदी भाषा सम्मान प्रदान करेंगे। साहित्य भूषण और व्यंग्यश्री जैसे लखटकिया सम्मानों से विभूषित गिरीश पंकज की सौ से अधिक पुस्तकें प्रकाशित हो चुकी हैं।इनकी बीस खण्डों वाली रचनावली का हाल ही प्रकाशन हुआ है। जिसमें कुल साढ़े आठ हजार पृष्ठों की साहित्यिक सामग्री है। दिल्ली के समारोह में धर्मगुरु आचार्य लोकेश मुनि को डॉ. वैदिक सामाजिक सौहार्द सम्मान, पूर्व राजदूत अशोक सज्जनहार को डॉ. वैदिक संबन्ध सम्मान और वरिष्ठ पत्रकार श्रुति व्यास को डॉ. वैदिक हिंदी पत्रकारिता सम्मान से विभूषित किया जाएगा। वरिष्ठ पत्रकार रामबहादुर राय अध्यक्षता करेंगे। मुख्य वक्ता होंगे पूर्व सांसद केसी त्यागी। अति विशिष्ट अतिथि हैं पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉ. हर्षवर्धन, पूर्व सांसद रवींद्रकुमार सिन्हा, स्वामी संपूर्णानंद, रविकांत गर्ग, नवनीत सहगल, बीएल गौड़, विनीत लोहिया, घेवरचंद बोहरा एवं डॉ. आसिफ इकबाल। समारोह के निवेदक हैं डॉ. मणीन्द्र जैन मुख्य न्यासी जन दक्षेस और चेयरमैन एशियन अरब चेम्बर ऑफ कॉमर्स तथा न्यासीद्वय विपिनकुमार गुप्ता तथा धरणेन्द्र जैन। डॉ. वैदिक का गत वर्ष 14 मार्च 2023 को आकस्मिक निधन हो गया था। उन्होंने हिंदी भाषा और पत्रकारिता के उन्नयन के लिए निरंतर संघर्ष किया। समसामयिक विषयों पर उनके चिंतनपरक लेख देश के विभिन्न समाचार पत्रों में निरंतर प्रकाशित होती रहे। उन्हीं के संपादन में न्यूज़ एजेंसी पीटीआई की हिंदी सेवा भाषा शुरू हुई थी। डॉ. वैदिक विदेशी मामलों के गंभीर अध्येता थे।

### राज्य खेल अलंकरण समारोह आज, मुख्यमंत्री साय प्रतिभावान खिलाड़ियों को करेंगे पुरस्कृत

**रायपुर ( विश्व परिवार )।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय 14 मार्च को राज्य खेल अलंकरण समारोह में राज्य के प्रतिभावान खिलाड़ियों को पुरस्कृत करेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह करेंगे। कार्यक्रम के अतिविशिष्ट अतिथि उपमुख्यमंत्री द्वय अरूण साव और विजय शर्मा तथा खेल एवं युवा कल्याण मंत्री टंकराम वर्मा होंगे। कार्यक्रम में राज्य शासन द्वारा वर्ष 2019-20 के लिए शहीद राजीव पाण्डे पुरस्कार के लिए 06, शहीद कौशल यादव पुरस्कार के लिए 06, वीर हनुमान सिंह पुरस्कार के लिए 02, शहीद पंकज विक्रम सम्मान 27, शहीद विनोद चौबे सम्मान के लिए 05 एवं मुख्यमंत्री ट्राफी के लिए 25 खिलाड़ियों को सम्मानित किया जाएगा। इसी प्रकार वर्ष 2020-21 हेतु शहीद राजीव पांडेय पुरस्कार के लिए 11, शहीद कौशल यादव पुरस्कार के लिए 03, वीर हनुमान सिंह पुरस्कार के लिए 01, शहीद पंकज विक्रम सम्मान 16, शहीद विनोद चौबे सम्मान के लिए 05 एवं मुख्यमंत्री ट्राफी के लिए 26 चयनित खिलाड़ियों को ट्राफी देकर सम्मानित किया जाएगा।

## आवास एवं पर्यावरण मंत्री ओ.पी. चौधरी ने प्रधानमंत्री सह मुख्यमंत्री आवास योजना के हितग्राहियों को सौंपी घर की चॉबी

**रायपुर ( विश्व परिवार )।** आवास मंत्री ने दी प्रधानमंत्री सह मुख्यमंत्री आवास योजना के हितग्राहियों को उनके सपनो के घर की चाबी, नवा रायपुर अटल नगर में गूंजा सबके लिए आवास का नारा, साथ ही मंडल का मॉनिटरिंग पोर्टल और अटल विहार योजना गुरुर जिला बालोद तथा सेलुद जिला दुर्ग का शुभारंभ।

13 मार्च 2024 को आवास एवं पर्यावरण मंत्री ओ. पी. चौधरी ने प्रधानमंत्री सह मुख्यमंत्री आवास योजना के हितग्राहियों को उनके आवास की चॉबी हस्तांतरित किया गया। इसके अलावा मंडल द्वारा पारदर्शिता लाने मॉनिटरिंग पोर्टल (डैश बोर्ड) तैयार किया गया है जिसका शुभारंभ माननीय मंत्री जी द्वारा मंच से किया गया। लोगों की मांग और उत्सुकता को देखते हुए मंडल द्वारा किफायती दरों पर अटल विहार योजना गुरुर जिला बालोद तथा सेलुद जिला दुर्ग का भी शुभारंभ किया गया।

आवास एवं पर्यावरण मंत्री ओ. पी. चौधरी ने मौके पर लोगो के समस्याओ को भी सुना एवं त्वरित उनका निदान भी किया। अटल सुशासन मिशन में अंतर्गत विभागीय मंत्री श्री चौधरी के निर्देश पर मॉनिटरिंग हेतु डैश बोर्ड निर्माण किया गया है, जिससे मण्डल की योजना की प्रगति की समीक्षा की जायेगी तथा प्रदेशवासियों को गुणवत्ता पूर्ण आवास प्रदान किया जायेगा।

कार्यक्रम की अध्यक्षता माननीय सांसद लोकसभा रायपुर सुनील सोनी जी ने किया तथा अपने उदबोधन में यह भी बताया कि देशभर में प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत लगभग 4.5 करोड़ आवास का निर्माण कर गरीब को आबंटित कर उन्हे पक्के मकान उपलब्ध कराया गया है। विशिष्ट अतिथि के रूप में माननीय विधायक आरंग गुरु खुशवंत साहेब के साथ माननीय सरपंच ग्राम पंचायत नवागांव खपरी सुजीत कुमार घिदौड़े जी, सचिव आवास एवं पर्यावरण विभाग एवं अध्यक्ष छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल सुश्री एम. संगीता, मण्डल आयुक्त अय्याज तंबोली आदि उपस्थित रहे।

## पड़ोसी जिलों की सीमा सहित रेलवे स्टेशन-एयरपोर्ट पर विशेष नजर रखें एसएसटी : डॉ. गौरव सिंह

**रायपुर ( विश्व परिवार )।** आगामी लोकसभा चुनाव के परिप्रेक्ष्य में कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह ने व्यय अनुवीक्षण निगरानी एवं संदेहास्पद लेन-देन के संबंध में संबंधित विभागों की रेडक्रॉस सभाकक्ष में बैठक ली। डॉ. सिंह ने कहा कि रायपुर लोकसभा का चुनाव प्रदेश में राजधानी होने के कारण अधिक महत्वपूर्ण और संवेदनशील है। रायपुर से होने वाली कार्यवाही का असर आस-पास के जिलों के साथ-साथ पूरे

प्रदेश पर भी पड़ता है। अंतर जिला सीमा पर एसएसटी द्वारा विशेष निगरानी रखी जाए और संदेहास्पद लेन-देन पर जांच कर कार्यवाही करें। रेलवे स्टेशन और एयरपोर्ट पर विशेष रूप से नजर रखें और संदेहास्पद गतिविधियों की सूचना मिलने पर त्वरित कार्यवाही करें। चुनाव का काम टीम वर्क है, प्रत्येक अधिकारी अपने दायित्वों का जिम्मेदारी से निर्वहन करें। पुलिस अधीक्षक संतोष सिंह ने कहा कि निर्वाचन के दौरान आचार संहिता लागू होते साथ ही धारा 144 लागू हो जाती जिसका सबको पालन करना होता है। सभी अधिकारियों से अपेक्षा की जाती है कि निष्पक्ष रहें और जिम्मेदारी से अपने कर्तव्यों का निर्वहन करें।

## 'पधारो रंगीलो राजस्थान' की आज रायपुर शहर में प्रदर्शनी

**रायपुर ( विश्व परिवार )।** मध्य भारत की सुप्रसिद्ध 'शगुन' प्रदर्शनी प्रस्तुत 'पधारो रंगीलो राजस्थान' प्रदर्शनी जिसमें शॉपिंग, राजस्थानी लोक संगीत तथा जागतिक महिला दिन के उपलक्ष में रायपुर शहर के विविध महिला संगठनों द्वारा 'सांस्कृतिक कार्यक्रमो' का आयोजन किया जा रहा है ता.14 मार्च से 17 मार्च 2024 तक आयोजित इस प्रदर्शनी में लाईफस्टाईल उत्पादों के स्टॉल, कपड़े, ज्वेलरी, फुटवियर, खादी हैंडलूम, हैंडीक्राफ्ट, गिफ्ट आर्टिकल, हेल्थ प्रोडक्ट, फर्नीचर, होम डेकोर, फुड प्रोडक्ट के विभिन्न स्टॉल रखे जा रहे है.

प्रदर्शनी मे फूड के विभिन्न स्टॉल भी रहेंगे राजस्थानी नृत्य, कालबेरियम, घुमर ईत्यादी के बेहतरीन कार्यक्रम भी रखे गये है, जो मुख्य रूप से राजस्थान से आये लोक कलाकार प्रस्तुत करेंगे. पहले दिन ता.14 मार्च को प्रदर्शनी में आनेवाली महिला विजिटर्स को 'सरप्राइज उपहार' दिये जायेगे। डेली लक्की ड्रॉ भी निकाले जायेगे. प्रदर्शनी में स्टेज की भी सुविधा रखी गई है. जहा स्थानिक अपनी प्रतिभाए प्रस्तुतीया दे सकते है. प्रदर्शनी का उदघाटन ता.14 मार्च को शाम 5 बजे गणमान्य अतिथियों के हाथो से किया जायेगा। इस प्रदर्शनी का आयोजन हॉटेल वूड कॅसल मैगनेटो मॉल के पास, व्ही.आय.पी. रोड, रायपुर में किया जा रहा है, यह प्रदर्शनी A/c तथा non A/c है, प्रदर्शनी का समय दोपहर 12 बजे से रात 10 बजे तक रहेगा, 'पार्किंग' फ्री रहेगी, पहले दो दिन (14 और 15 मार्च) को प्रदर्शनी मे प्रवेश फ्री रहेगा. ज्यादा रायपुर वासियों ने इस प्रदर्शनी मे भेट देकर शॉपिंग तथा सांस्कृतिक कार्यक्रम का लाभ ले ऐसा निवेदन संयोजिका सौ. तृप्ती गोविंद राठी ने किया है. प्रदर्शनी को सफल बनाने में स्थानीय महिलाओं को बडा सहयोग मिल रहा है. प्रदर्शनी ता.14 से 17 मार्च 2024 तक रहेगी.

## एमएमआई नारायण हॉस्पिटल में विश्व किडनी दिवस पर आयोजित सर्वाइवलमीट

**रायपुर ( विश्व परिवार )।** एमएमआई नारायण हॉस्पिटल ने विश्व किडनी दिवस के अवसर परसर्वाइवल मीट का आयोजन किया, जिसमें डायलिसिस, किडनी ट्रांसप्लांट, और अन्य किडनी संबंधित बीमारियों से ठीक हुए मरीज़ शामिल हुए। नृत्य, संगीत, कविता, और सी.के.डी (क्रोनिक किडनी डिजीज) आहार पर पोस्टर बनाने के लिए प्रतियोगिता ने कार्यक्रम भी रखा गया था।

इस खास मौके पर, सर्वाइवल मीट में प्रदर्शन हुई नृत्य, संगीत, और कविता ने इस आयोजन की शोभा बढ़ा दी। पोस्टर बनाने के प्रतियोगिता में दिखाए गए रचनात्मक पोस्टरों ने सी.के.डी आहार पर जागरूकता बढ़ाते हुए किडनी स्वास्थ्य की महत्वपूर्ण जानकारी दी।

मरीज़ों ने डॉ. सुनील धर्मानी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि हमे नए जीवन का आशीर्वाद मिला है, और उनकी मेहनत सेहमे स्वस्थ जीवन मिला है एवं इस हफ्ते, एमएमआई नारायण हॉस्पिटल ने तीन सफल किडनी ट्रांसप्लांट के मामले किए हैं, जो किडनी स्वास्थ्य के क्षेत्र में एक और बड़ी उपलब्धि है।

कार्यक्रम में मुख्य डॉक्टरों की उपस्थिति ने न की केवल विशेषज्ञता को बढ़ावा दिया बल्कि उम्मीद और आत्मविश्वास में भी वृद्धि की। इस सर्वाइवल मीट ने किडनी स्वास्थ्य के महत्व को समझाने के साथ-साथ मेडिकल पेशेवरों की महत्वपूर्ण भूमिका को भी उजागर किया है।

एमएमआई नारायण हॉस्पिटल ने इस कार्यक्रम के माध्यम से समाज में एक सकारात्मक बदलाव प्रेरित किया है, जिसने मरीज़ों को न केवल उच्चतम स्तर के इलाज से लाभामिला, उन्हें एक स्वस्थ और सकारात्मक जीवन की दिशा में अग्रणी बनाया है।

## बैंक ऑफ बड़ौदा ने लॉन्च किया बॉब अर्थ ग्रीन डिपॉजिट्स

**मुंबई ( विश्व परिवार )।** बैंक ऑफ़ बड़ौदा ने अपनी ESG पहल के तहत बॉब अर्थ ग्रीन टर्म डिपॉज़िट का शुभारंभ किया है, जिससे प्राप्त होने वाली आय का उपयोग विशेष रूप से पर्यावरण-अनुकूल परियोजनाओं/क्षेत्रों के लिए किया जाएगा।

भारत में सार्वजनिक क्षेत्र के अग्रणी बैंकों में से एक, बैंक ऑफ़ बड़ौदा (बैंक) ने आज बॉब अर्थ ग्रीन टर्म डिपॉज़िट योजना के शुभारंभ की घोषणा की और इस योजना के तहत प्राप्त होने वाली जमा राशि का उपयोग उपयुक्त पर्यावरण-अनुकूल परियोजनाओं तथा क्षेत्रों की फाइनेंसिंग के लिए किया जाएगा।

बॉब अर्थ ग्रीन टर्म डिपॉजिट्स के तहत, ग्राहकों को अलग-अलग समय सीमा में निवेश पर आकर्षक ब्याज दरों का लाभ उठाने के साथ-साथ भारत के हरित एवं दीर्घकालिक अर्थव्यवस्था का हिस्सा बनने का अवसर मिलता है। बैंक सालाना 7.15त्न तक की ब्याज दरों की पेशकश कर रहा है। आम नागरिक/निवासी भारतीय, एनआरआई एवं उच्च मालियत वाले व्यक्ति (HNI) निवेशक बॉब अर्थ ग्रीन टर्म डिपॉज़िट योजना में निवेश कर सकते हैं।

इस अवसर पर बैंक ऑफ़ बड़ौदा के प्रबंध निदेशक एवं सीईओ, श्री देबदत्त चांद ने कहा कि बैंक ने अपने परिचालन कार्यों में संवहनीयता को अपनाने की दिशा में काफी अधिक प्रगति की है, जिसमें जोखिम प्रबंधन, गवर्नेंस व्यवस्था, सामाजिक दायित्व और पर्यावरणीय प्रभाव के प्रति हमारे दृष्टिकोण शामिल हैं। बॉब अर्थ ग्रीन टर्म डिपॉज़िट योजना के शुभारंभ से निवेश करने वाले ग्राहकों को स्थायी और सुरक्षित रिटर्न पाने के साथ-साथ धरती को हरा-भरा बनाने में योगदान देने का दोहरा लाभ मिलता है। भारत के अग्रणी बैंकों में से एक होने के नाते, बैंक ऑफ़ बड़ौदा अपने ईएसजी मैंडेट को आगे बढ़ाने और ग्रीन फाइनेंसिंग के अपने पोर्टफोलियो के दायरे का विस्तार करने के लिए प्रतिबद्ध है।

बैंक ऑफ़ बड़ौदा ने अपने बॉब अर्थ ग्रीन टर्म डिपॉज़िट योजना में नयापन लाते हुए विशेष समयावधि की पेशकश की है, जो धरती की जलवायु और संवहनीयता के लक्ष्यों की ओर संकेत करते हैं, जैसे कि 1.5 वर्ष की समयावधि-वैश्विक तापमान में वृद्धि को पूर्व-औद्योगिक स्तरों से 1.5 डिग्री सेल्सियस तक सीमित करने के लक्ष्य को दर्शाती है, जबकि 1717 दिनों की समयावधि-संयुक्त राष्ट्र के 17 सतत विकास लक्ष्यों पर दोगुना बल देती है। बॉब अर्थ ग्रीन टर्म डिपॉज़िट के माध्यम से जुटाई गई धनराशि का आबंटन उपयुक्त हरित परियोजनाओं/क्षेत्रों को किया जाएगा, जिनमें नवीकरणीय ऊर्जा, स्वच्छ परिवहन, सतत जल एवं अपशिष्ट प्रबंधन, ऊर्जा कुशलता, जलवायु परिवर्तन अनुकूलन, प्रदूषण की रोकथाम एवं नियंत्रण, ग्रीन बिल्डिंग, जैव विविधता संरक्षण आदि शामिल हैं।

बैंक ऑफ़ बड़ौदा के मौजूदा और नए ग्राहक देश भर में बैंक की किसी भी शाखा में ग्रीन डिपॉज़िट में निवेश कर सकते हैं। पिछले वर्ष बैंक ऑफ़ बड़ौदा के 116वां स्थापना दिवस के अवसर पर बैंक ने हमारी भावी पीढ़ियों हेतु प्रकृति प्रदत्त उपहारों की सुरक्षा एवं संरक्षण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता और दायित्व को सुनिश्चित करने हेतु बॉब अर्थ को लॉन्च किया था। बॉब अर्थ ग्रीन डिपॉज़िट का शुभारंभ भी इसी दिशा में बढ़ाया गया एक कदम है।

## श्रीमंत झा ने इटली पैरा आर्म्रेसलिंग चैम्पियनशिप में जीता सिल्वर मेडल, भारत के शहीद जवानों को मेडल किया समर्पित

**रायपुर ( विश्व परिवार )।** श्रीमंत झा अब तक 45 अंतर्राष्ट्रीय मेडल जीत चुके हैं। छत्तीसगढ़ के श्रीमंत झा ने एक बार फिर भिलाई सहित छत्तीसगढ़ का नाम पूरे देश में रोशन किया. आर्म्रेसलिंग चैंपियनशिप में श्रीमंत झा ने सिल्वर मेडल जीतकर भारत का नाम रोशन किया है.

श्रीमंत झा एशिया के एकमात्र और विश्व के तीसरे नंबर के पैरा आर्म रेसलिंग खिलाड़ी है. इटली में आयोजित इटली पैरा आर्म्रेसलिंग चैंपियनशिप में श्रीमंत झा ने आयोजन किया गया जिसमें एशिया के पहले और भारत के तरफ से श्रीमंत झा थे. श्रीमंत झा ने पीआईयूएच वर्ग में प्रतिस्पर्धा करते हुए झा ने क्वार्टर फाइनल में इटली खिलाड़ी बोजो बोगुनोविक को हराया और सेमीफाइनल में उन्होंने यूक्रेन के खिलाड़ी माटेओ पेट्रोविक को एक प्रभावशाली मुकाबले में हराया। विक्टर ब्रैचेनिया ने श्रेणी में स्वर्ण पदक जीता. श्रीमंत झा ने अपने जीते हुए पदक को देश के लिए शहीद जवानों के नाम समर्पित किया है. श्रीमंत झा ने अपनी इस उपलब्धि का श्रेय जिंदल स्टील एंड पावर के अध्यक्ष नवीन जिंदल, पीपुल्स आर्म रेसलिंग फेडरेशन इंडिया की अध्यक्ष प्रीति झंगियानी और महासचिव लक्ष्मण सिंह भंडारी और चेयरमैन सुरेश बेब को दिया है. श्रीमंत झा ने कहा कि कोच और फिटनेस कोच ऋषभ जैन और राजू साहू ने दो महीने पहले छत्तीसगढ़ में जो काम किया, उससे मुझे यह पदक पाने में मदद मिली.

## एएम/एनएस इंडिया द्वारा दंतेवाड़ा के ग्राम पंचायतों में मासिक धर्म स्वच्छता प्रबंधन पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

**एएम/एनएस इंडिया द्वारा प्रोजेक्ट आरोग्य के तहत् 443 महिलाओं और किशोरियों को सेनेटरी नैपकिन का वितरण**

**एएम/एनएस इंडिया द्वारा आदिवासी क्षेत्रों में महिलाओं एवं किशोरियों के लिए स्वास्थ्य संबंधी जागरुकता का प्रयास**

**रायपुर ( विश्व परिवार )।** AM/NS इंडिया के सीएसआर टीम किरंदुल द्वारा दंतेवाड़ा के मादड़ी, पैनार, फूलपाड़, किरंदुल, टिकनपाल, समेली गांवों में आगनवाड़ी केंद्रों के माध्यम से 443 किशोरियों और महिलाओं को सेनेटरी नैपकिन का वितरण किया गया। इसके साथ ही यहां महिलाओं के लिए मासिक धर्म स्वच्छता प्रबंधन पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन भी किया गया। लाभार्थियों ने अपने द्वारा अपनाए गए मासिक धर्म की स्वच्छता के तरीके को टीम के साथ साझा किया। इस दौरान सीएसआर की टीम द्वारा उन्हें मासिक धर्म स्वच्छता बनाए रखने के महत्व और सही तरीकों के बारे में बताया गया।

AM/NS इंडिया महिलाओं और किशोरियों के स्वास्थ्य देखभाल के क्षेत्र में कई महत्वपूर्ण कदम उठा रही है जैसे महिलाओं से उनके मासिक धर्म स्वच्छता के प्रबंधन के लिए खुलकर चर्चा कर उनकी समस्यायों का हल निकालना एवं मासिक धर्म से जुड़ी उचित जानकारियां प्रदान करना। AM/NS इंडिया कंपनी के द्वारा लगातार सामाजिक कार्य किये जा रहें हैं जिनमें विशेष रूप से स्वास्थ्य जागरूकता, शिक्षा, स्पोर्ट्स एवं रोजगार के क्षेत्र शामिल हैं।एएम/एनएस द्वारा किये जा रहें इन सामाजिक एवं स्वास्थ्य संबंधी सेवाओं का मुख्य उद्देश्य स्थानीय आदिवासी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में निवासरत लोगों को प्रत्यक्ष रुप से लाभ पहुंचाना है जिसके परिणामस्वरूप एक स्वस्थ जागरूक एवं सुरक्षित समाज का निर्माण हो सके।

## अग्निवीर थल सेना में चयनित युवाओं का आज होगा सम्मान

**रायपुर ( विश्व परिवार )।** भारतीय थल सेना अग्निवीर के रूप में छत्तीसगढ़ के 1304 युवाओं का चयन हुआ है। छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों के युवाओं ने अग्निवीर बनने के लिए कड़ी मेहनत की, लिखित और शारीरिक दक्षता की परीक्षा उत्तीर्ण की, अब वे देश की सेवा कर छत्तीसगढ़ को गौरवान्वित करने जा रहे हैं। वर्ष 2022 में प्रदेश के 434 युवाओं का और वर्ष 2023 में 870 युवाओं का चयन अग्निवीर थल सेना के लिए हुआ है। प्रदेश के इन सभी चयनित अग्निवीर युवाओं के सम्मान में राजधानी रायपुर के शहीद स्मारक भवन में 14 मार्च को सुबह 9 बजे सम्मान समारोह आयोजित किया जा रहा है।

## भाजपा प्रदेश सह प्रभारी नितिन नवीन पहुंचे रायपुर, लोकसभा कार्यक्रमों की समीक्षा बैठको का दौर जारी

**रायपुर ( विश्व परिवार )।** लोकसभा चुनाव के सभी 11 प्रत्याशियों की घोषणा कर भाजपा पहले ही कांग्रेस से बढ़त बना चुकी है।

भाजपा ने लोकसभा की दृष्टि से छत्तीसगढ़ को क्लस्टर में बांटकर उनके प्रभारी की नियुक्ति की है। साथ ही लोकसभा चुनाव की दृष्टि से विभिन्न समिति का गठन कर उनका कार्य विभाजन किया गया है व जनता के बीच जाकर उनके घरों में झंडा लगवाने, दीवार लेखन, मेरा परिवार मोदी परिवार, व विकसित भारत अभियान के तहत लोगों से मिलकर घोषणा पत्र के सुझाव एकत्र करना शामिल है। साथी प्रत्येक बूथ में 370 वोटों की बढ़त के लक्ष्य पर बैठक में जोर दिया गया। आज चुनाव प्रबंधन समिति के संयोजक, सहसंयोजक, संभाग प्रभारी, क्लस्टर प्रभारी, महामंत्री की बैठक लेकर प्रदेश सह प्रभारी नितिन नवीन, प्रदेश अध्यक्ष किरण देव, महामंत्री संगठन पवन साय ने समिति के कार्यों की समीक्षा की व लाभार्थी सम्मेलन के कार्य योजना तैयार की। भारतीय जनता पार्टी शीघ्र लाभार्थी संपर्क अभियान प्रारंभ कर रही है जिसके तहत छत्तीसगढ़ के 40 लाख लाभार्थियों तक प्रदेश के 125000 कार्यकर्ता पहुंचेंगे। इस अभियान में प्रदेश अध्यक्ष से लेकर बूथ स्तर के कार्यकर्ता प्रत्येक बूथ शक्ति केंद्र मंडल जिलों में जाएंगे व लाभार्थियों से चर्चा कर मोदी जी के कार्यों देश में हुए सकारात्मक परिवर्तन की चर्चा करेंगे और उनके विचार जानेंगे।

बैठक में प्रदेश सहप्रभारी नितिन नबीन, प्रदेशाध्यक्ष किरण सिंहदेव, महामंत्री संगठन पवन साय, लोकसभा चुनाव प्रबंधन समिति के संयोजक शिवरतन शर्मा, सरला कोसरिया, भूपेंद्र सिंह सवन्नी, महामंत्री संजय श्रीवास्तव, रामजी भारती, भरत वर्मा, निरंजन सिन्हा, जगन्नाथ पाणिग्रही, रजनेश सिंह, अनुराग सिंहदेव उपस्थित थे।

प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी प्रियेश कुमार जैन द्वारा मे. विश्व परिवार इंडस्ट्रीज, प्लॉट नं.-421 सेक्टर-सी, सड़क नं.-7 उरला इंडस्ट्रीयल एरिया उरला, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं ओलंपस जिम के पीछे, सेक्टर-1, शंकर नगर रायपुर ( छ.ग. ) से प्रकाशित। संपादक : प्रदीप कुमार जैन, फोन नं. : 0771- 4017966, मो.- 9981924252 RNI.NO.CHHHIN/2013/50354